आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 140 | उज्जैन, शुक्रवार 05 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 5 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### होर्मुज संकट के बीच वेनेजुएला की राष्ट्रपति भारत आई, मोदी से मिलीं

**नई दिल्ली।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब भारत और वेनेजुएला के बीच ऊर्जा सहयोग तेजी से बढ़ा है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच तेल सप्लाई को लेकर बड़ा समझौता हो सकता है। इससे पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने भी डेल्सी रोड्रिगेज से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि भारत-वेनेजुएला संबंधों को मजबूत करने में रोड्रिगेज की लंबे समय से महत्वपूर्ण भूमिका रही है और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बातचीत दोनों देशों के सहयोग को और आगे बढ़ाएगी। अमेरिका ने 4 जनवरी को तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो का तख्तापलट कर दिया था।

### कारामेलो कुत्ते पर भिड़े ब्राजील और मैक्सिको

**ब्राजील।** दुनिया में देशों के बीच विवाद आमतौर पर सीमा, व्यापार या राजनीति को लेकर होते हैं, लेकिन इन दिनों ब्राजील और मैक्सिको के बीच बहस की वजह एक आवारा कुत्ता बना हुआ है। भूरे रंग के देसी कुत्ते, जो ब्राजील में करोड़ों की संख्या में पाए जाते हैं, वहां कारामेलो कहलाते हैं। अब यही कुत्ते दोनों देशों के बीच पहचान की लड़ाई के केंद्र में आ गए हैं। विवाद तब शुरू हुआ जब अप्रैल में मैक्सिको ने पेरो कारामेलो को अपनी स्थानीय नस्ल घोषित कर दिया और इसे सांस्कृतिक प्रतीक का दर्जा दिया। इसके बाद ब्राजील में सोशल मीडिया से लेकर अखबारों में बवाल मच गया, लोग सवाल उठाने लगे कि जिस कुत्ते को दशकों से ब्राजील की पहचान माना जाता है, उस पर मैक्सिको दावा कैसे कर सकता है।

### प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी का निधन



**सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष रहे, गोविंदा को ब्रेक दिया था, शोला और शबनम, आंखें जैसी फिल्में बनाई**

**मुंबई।** फिल्म प्रोड्यूसर और उइक्रछ (सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन) के अध्यक्ष रहे पहलाज निहलानी का 76 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह कई दिनों से बीमार थे। उन्होंने बुधवार देर रात 3 बजे आखिरी सांसें लीं। पहलाज निहलानी का अंतिम संस्कार गुरुवार 3 बजे मुंबई के सांताक्रूज श्मशान में हुआ। ट्रेड एनालिस्ट अतुल मोहन ने बताया है कि कोविड में तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें कुछ दवाइयों से कॉम्प्लिकेशन्स हो गए थे, जिससे उनकी किडनी पर असर पड़ा था। उनका इसी से संबंधित इलाज चल रहा था। फिल्म एसोसिएशन आईएमपीएए के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा ने पहलाज निहलानी के निधन पर कहा- वो कई दिनों से बीमार थे, हॉस्पिटल में थे। रात 3 बजे उनका देहांत हुआ है। इंडस्ट्री ने एक अच्छा इंसान खो दिया। बहुत बड़े प्रोड्यूसर थे। वो आईएमपीएए के भी चेयरपर्सन थे। शत्रुघ्न सिन्हा के बेहद क्लोज थे, उनकी हर पार्टी में पहुंचते थे। पहलाज निहलानी को 5 साल पहले खून की उल्टियां हुई थीं, जिसके बाद वो 28 दिनों तक मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती रहे थे। पहलाज निहलानी ने 1982 में बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म हथकड़ी बनाई और यहीं से उनके फिल्मी सफर की शुरूआत हुई। इसके बाद 1985 में उनकी दूसरी फिल्म आंधी-तूफान रिलीज हुई, जिसने उन्हें बॉलीवुड में एक निर्माता के रूप में पहचान दिलाई। साल 1986 में उन्होंने फिल्म इल्जाम बनाई, जिससे गोविंदा को पहला बड़ा ब्रेक मिला। फिल्म हिट रही और गोविंदा को देशभर में पहचान मिली। 1987 में आई आग ही आग के जरिए चंकी पांडे ने बॉलीवुड में कदम रखा। इसी साल निहलानी ने फिल्म गुनाहों का फैसला भी बनाई। 1990 के दशक में पहलाज निहलानी ने शोला और शबनम और आंखें जैसी सुपरहिट फिल्मों का निर्माण किया। आंखें उस दौर की ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से

### सूर्यकुमार यादव से टी-20 कप्तानी छिनेगी

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी से हटाया जा सकता है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक उनकी टीम में जगह भी खतरे में है। आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई, टीम मैनेजमेंट और चयन समिति नया कप्तान बनाने पर विचार कर रही है। भारत की टीम इस महीने आयरलैंड में दो टी-20 मैच खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड दौरे पर 5 टी-20 मुकाबले होंगे। इसी साल 8 मार्च को अहमदाबाद में सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने टी-20 वर्ल्डकप जीता था। इसके बावजूद बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप 2028 को लेकर यह फैसला लिया है। इस मामले में हेड कोच गंभीर से भी चर्चा की गई है। आईपीएल 2026 सीजन में सूर्यकुमार केवल 270 रन ही बना सके। इस दौरान उनका औसत 20.76 रहा।

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं : ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। न्यूज एजेंसी को गुरुवार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है। आईपीएल को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इसको लेकर हमेशा से पैशनेट रहा। आखिरकार आईपीएल मेरे बच्चे जैसा है। मैं भले ही उससे जुड़ा हूं या नहीं, मुझे फर्क नहीं पड़ता। मेरे पिता अच्छे बिजनेसमैन थे, लेकिन आज मेरे परिवार को ललित मोदी की वजह से जाना जाता है।

---

#### मानसून केरलम पहुंचा, इस बार 3 दिन लेट, 7 दिन भारी बारिश का अनुमान

# एमपी-राजस्थान समेत 24 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**एजेंसी ▸▸ जयपुर/भोपाल**

मानसून केरलम पहुंच गया है। अगले 2-3 दिन यह गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु को कवर कर सकता है। वहीं, बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों के अलावा पूर्वोत्तर के राज्यों में आगे बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, केरलम, तमिलनाडु और कर्नाटक में अगले 7 दिन में कुछ जगह भारी बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत कई राज्यों में प्री मानसून एक्टिविटी के असर से आंधी-बारिश देखने को मिल सकती है।


इस बार मानसून 3 दिन लेट है। आमतौर पर यह 1 जून को केरलम पहुंचता है। इसके बाद डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर कर लेता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है।

मौसम विभाग ने ओडिशा, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और तेलंगाना समेत 24 राज्यों में बारिश, आंधी और तेज हवाओं की संभावना जताई है। वहीं राजस्थान, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश, ओले गिरने और तेज हवाओं को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी दो दिन के लिए यलो अलर्ट है।

#### नोएडा में जोरदार बारिश, पेड़ उखड़कर कारों पर गिरे, अलीगढ़ में तूफान, यूपी के 12 शहरों में बरसात

**एजेंसी ▸▸ वाराणसी**

यूपी में 10 दिनों से आंधी और बारिश का सिलसिला जारी है। नोएडा में गुरुवार दोपहर 2 बजे आसमान पूरी तरह काला पड़ गया। दिन में अंधेरा छा गया। फिर तूफानी बारिश हुई। कई जगहों पर एक फीट पानी भर गया। फिल्म सिटी में कई पेड़ उखड़कर कारों पर गिरे। अलीगढ़ में भी आंधी-बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। गाजियाबाद में भी धूल भरी आंधी चली। अयोध्या- मेरठ समेत 12 शहरों में आज बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 18 जून तक यूपी में मानसून गोरखपुर के रास्ते प्रवेश करेगा। इसके बाद 22 जून तक लखनऊ पहुंच जाएगा।



- क्यूम्युलोनिम्बस क्लाउड्स यहां 50 से 70 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी-बारिश करवा सकते हैं। क्यूम्युलोनिम्बस क्लाउड या सीबी क्लाउड (बादल) मौसम के पावरहाउस माने जाते हैं। तेज आंधी, बिजली और गरज वाले तूफान इन्हीं बादलों के कारण बनते हैं।
- कल से केरलम के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते आईएमडी ने अलप्पुझा, कोट्टायम और एनार्कुलम जिलों के लिए 3 घंटे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट का मतलब है 11 सेंमी से 20 सेंमी तक की बहुत भारी बारिश हो सकती है।
- देश के कई राज्यों में अभी भी गर्मी कम नहीं हुई है। गुजरात, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु में तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है।

## मुजफ्फरपुर में हॉस्पिटल में आग, 5 की मौत

### कुछ मरीजों के गायब होने पर लोगों का हंगामा, पुलिस ने बताया दूसरे अस्पताल में हैं

**एजेंसी ▸▸ मुजफ्फरनगर**

बिहार के मुजफ्फरपुर में एक प्राइवेट अस्पताल के आईसीयू में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 20 से ज्यादा लोग झुलस गए। हादसा बुधवार रात करीब 3 बजे हुआ। आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इसके बाद आईसीयू में लगे एसी में ब्लास्ट हुआ। इसकी वजह से आग तेजी से फैली।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अस्पताल पहुंची और आग पर काबू पाया। लोगों ने मौके से स्टाफ के गायब होने का आरोप लगाया। परिजन अपने मरीजों को स्ट्रैचर से बाहर ले जाते दिखे। आईसीयू वार्ड 5वीं फ्लोर पर है, जिसकी वजह से रेस्क्यू में दिक्कत आई। इस हादसे के बाद हॉस्पिटल मालिक डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद पर एफआईआर के आदेश दिए गए हैं। दमकलकर्मियों ने आईसीयू और अस्पताल के दूसरे वार्डों में फंसे मरीजों को खिड़कियां और दरवाजे




तोड़कर बाहर निकाला। मृतकों की पहचान कर ली गई है। इसमें गीता देवी, चंचला वर्मा, 57 साल के उदय कुमार, 30 साल के शशांक कुमार और कृष्णनंदन सिंह शामिल हैं। वहीं, हादसे के बाद प्रसाद हॉस्पिटल से कई मरीज गायब बताए जा रहे हैं। इसे लेकर मरीज के परिजन हंगामा कर रहे हैं। उनकी मांग है कि मरीजों को वापस लाया जाए। हालांकि, पुलिस और प्रशासन का कहना है कि उनका दूसरे अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीएम सम्राट चौधरी ने हादसे पर दुःख जताया है। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से हादसे पर सवाल किया गया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। उनके साथ राज्यसभा सांसद संजय झा भी थे। दोनों आज दिल्ली के लिए निकल गए। हालांकि एक घंटे बाद निशांत ने हादसे पर दुःख जताया।

#### दिल्ली होटल आग मामले में मालिक चार दिन की रिमांड पर

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और न ही घर गया। इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा। बुधवार को लगी इस भीषण आग ने पांच मंजिला इमारत को अपनी चपेट में ले लिया था, जिसमें 21 लोगों की मौत हो गई। घटना के कुछ घंटों बाद पुलिस ने बजाज को हिरासत में ले लिया था।




## प्रदेश में शीघ्र लागू होगी समान नागरिक संहिता : सीएम यादव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश में एक निशान, एक विधान और एक कानून लागू हो, इस राष्ट्रीय भावना में कुछ भी गलत नहीं है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को देश के 3 राज्यों ने पहले ही लागू कर दिया है। हमारी सरकार भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। शीघ्र ही मध्यप्रदेश भी देश का यूसीसी लागू करने वाला राज्य बन जाएगा। इसके लिए हमने उच्चतम न्यायालय की रिटायर्ड जज न्यायमूर्ति श्रीमती रंजना देसाई की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीति गठित कर दी है। यह समिति जिला स्तर पर सभी वर्गों से उनकी राय ले रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जनजातीय समुदाय को यूसीसी से पृथक रखा जाएगा। उन्हें अपने पारम्परिक रीति-रिवाज मानने की स्वतंत्रता होगी। गुजरात में भी इसी प्रकार का प्रावधान लागू किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित इंडिया@2047 कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति योग्य है, तो सरकार जाति, धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर कार्य करती है।

आज जनजातीय वर्ग से आने वाली श्रीमती द्रोपदी मुर्मु देश के राष्ट्रपति पद की शोभा बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए खुले विचार और खुले हृदय के साथ काम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में अव्वल राज्य बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं।

#### खिड़की तोड़कर घर में घुसा

## मथुरा में 7 साल की बच्ची से श्मशान में रेप

### सोते समय मां के पास से उठा ले गया

**एजेंसी ▸▸ मथुरा**

मथुरा में 7 साल की बच्ची के साथ युवक ने श्मशान में रेप किया। हालत बिगड़ने पर बच्ची को वहीं छोड़कर फरार हो गया। बच्ची मां के साथ सो रही थी। आरोपी खिड़की तोड़कर घर के अंदर घुसा। बच्ची का मुंह दबाने के बाद उसे लेकर भाग गया।

घरवाले उसे खोजते हुए श्मशान पहुंचे तो बच्ची लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। उसने बताया कि गांव के ही रहने वाले युवक ने उसके साथ गलत काम किया। घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना बुधवार देर रात की है। मथुरा के एक गांव निवासी युवक ड्राइवर है। वह किराए पर टैक्सी चलाता है। बुधवार रात उसकी 7 साल की बेटी मां के साथ चारपाई पर सो रही थी। दूसरे कमरे में उसके पिता और अन्य भाई बहन सो रहे थे। आधी रात को आरोपी राहुल खिड़की तोड़कर घर के अंदर घुस आया। इसके बाद उसने घर का मेन गेट खोला। फिर मां के पास सो रही बच्ची को गोद में उठा लिया। वह शोर न मचा पाए, इसलिए उसका मुंह दबा दिया। आरोपी बच्ची को घर से करीब 500 मीटर दूर श्मशान स्थल पर ले गया। यहां बच्ची के साथ रेप किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आरोपी ने उसका मुंह दबा दिया। इससे बच्ची की हालत बेसुध हो गई।



## आगर मालवा में पटवारी पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

### सीमांकन रिपोर्ट के बदले कर रहा था डिमांड

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा**

लोकायुक्त संगठन उज्जैन की टीम ने आगर मालवा जिले के बड़ौद तहसील कार्यालय में पदस्थ एक पटवारी को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पटवारी यह रिश्वत सीमांकन रिपोर्ट देने के एवज में मांग रहा था। यह कार्रवाई गुरुवार को की गई।

लोकायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झलारा निवासी पाल सिंह परिहार ने 1 जून 2026 को उज्जैन लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार यादव से शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि हल्का नंबर-08 के पटवारी राजकुमार चौहान ने भूमि सीमांकन के लिए 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

परिहार ने अपनी शिकायत में बताया कि पटवारी राजकुमार चौहान पहले ही 15 हजार रुपए ले चुका था और सीमांकन का कार्य भी पूरा कर दिया था। हालांकि, सीमांकन रिपोर्ट सौंपने के लिए वह अतिरिक्त 5 हजार रुपए की मांग कर रहा था।



#### रुपए लेते ही दबोचा

शिकायत के सत्यापन के लिए पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षक दीपक सेजवार को जिम्मेदारी सौंपी थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद लोकायुक्त टीम ने गुरुवार को कार्रवाई की योजना बनाई। इसके तहत बड़ौद तहसील कार्यालय स्थित पटवारी कार्यालय में जाल बिछाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा पटवारी राजकुमार चौहान को 5 हजार रुपए देते ही, लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी राजेश पाठक ने किया। टीम में निरीक्षक दीपक सेजवार के साथ शिवकुमार शर्मा, अनिल, श्याम शर्मा, संजीव, रमेश डाबर और अन्य सदस्य शामिल थे। लोकायुक्त ने आरोपी पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

#### कुवैत एयरपोर्ट पर ईरानी ड्रोन हमले में धमाके से छत के परखच्चे उड़े

## एक भारतीय की मौत, 63 लोग घायल हुए

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**

कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कल हुए ईरानी ड्रोन हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें एक ड्रोन एयरपोर्ट की छत से टकराता है, जिससे उसके परखच्चे उड़ जाते हैं। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई थी, जबकि 63 लोग घायल हो गए थे। कुवैत के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कई लोगों को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं थीं।



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान रोकने से जुड़ा प्रस्ताव पास कर दिया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कांग्रेस की मंजूरी के बिना सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

## भोपाल में छात्रा की ट्विशा जैसी संदिग्ध हालात में मौत

### मां बोली- घर में 3 घंटे था बेटी का बॉयफ्रेंड, आखिरी मैसेज और सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

तनु, मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं। मां मैं आपसे भी बहुत प्यार करती हूं, लेकिन ऐसा करना पड़ रहा है। मां आखिर आपने मेरी जान ले ही ली। यह वह आखिरी मैसेज था, जो भोपाल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही एक युवती के इंस्टाग्राम अकाउंट से उसके बॉयफ्रेंड को भेजा गया था। 18 वर्षीय ख्याति जैन की 11 मई 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

तब से 3 जून तक 24 दिनों में ख्याति



की मां वर्षा जैन ने थाने से लेकर पुलिस कमिश्नर तक कई शिकायती आवेदन दिए। उन्होंने बेटी की मौत के मामले को भोपाल की एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत से जोड़ते हुए हत्या की आशंका जताई है।


#### पुलिस दे रही आश्वासन

उन्होंने पुलिस जांच पर भी सवाल खड़े किए। उनका कहना है कि परिस्थितियां और उपलब्ध सबूत आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या की ओर इशारा करते हैं, लेकिन पुलिस अब तक एफआईआर दर्ज नहीं कर सकी है। मां का आरोप है कि पुलिस विसरा रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें थाने से लौटा देती है। उनका यह भी कहना है कि पुलिस ने अब तक घटना के समय मौके पर मौजूद उनकी बेटी के बॉयफ्रेंड के बयान तक दर्ज नहीं किए हैं।



Gunjan Shrivastav 98263 96368

**महाकाल श्रृंगार**



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# कुवैत एयरपोर्ट हमले में उज्जैन के मंजूर अहमद की मौत

## भांजी की शादी में शामिल होने लौट रहे थे घर, बेटे से बोले थे- नागदा लेने आ जाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विदेश में रहकर परिवार के बेहतर भविष्य के लिए तीन दशक तक मेहनत करने वाले उज्जैन के मंजूर अहमद का सपना घर लौटने से पहले ही टूट गया। कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए कथित ड्रोन और मिसाइल हमले में उज्जैन निवासी 50 वर्षीय मंजूर अहमद की मौत हो गई। मंजूर अहमद अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए भारत लौट रहे थे और कुछ ही घंटों में अपने परिवार के बीच होने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही उनके निधन की दुखद खबर पहुंच गई। सूचना मिलते ही पूरे परिवार में मातम छा गया और शादी की खुशियां पल भर में गम में बदल गईं।

उज्जैन की राज रॉयल कॉलोनी निवासी मंजूर अहमद पिछले करीब 30 वर्षों से कुवैत में रहकर टेलरिंग का काम कर रहे थे। परिवार के बेहतर भविष्य और बच्चों की परवरिश के लिए उन्होंने अपना अधिकांश जीवन विदेश में ही बिताया। परिजनों के अनुसार वे कुवैत में कपड़ों की सिलाई का काम करते थे और वहीं से होने वाली आय से पूरे परिवार का खर्च चलता था।



### घर में चल रही थीं शादी की तैयारियां

मंजूर अहमद की भांजी की शादी 8 जून को होना है। शादी को लेकर परिवार में उत्साह का माहौल था। रिश्तेदारों का आना-जाना शुरू हो चुका था और घर में तैयारियां अंतिम चरण में थीं। परिवार के लोग मंजूर अहमद के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे क्योंकि वे लंबे समय बाद किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि मंजूर अहमद की फ्लाइट कुवैत से भारत के लिए थी और वे उज्जैन पहुंचने वाले थे। परिवार ने उनके स्वागत की पूरी तैयारी कर रखी थी, लेकिन इसी बीच उनके निधन की खबर ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

### बेटे से हुई थी आखिरी बातचीत

- मंजूर अहमद के बेटे मोहम्मद अनस ने बताया कि मंगलवार शाम उनकी अपने पिता से आखिरी बार बातचीत हुई थी। उस समय वे बेहद खुश और उत्साहित थे। उन्होंने फोन पर कहा था कि वे जल्द ही घर पहुंच जाएंगे और नागदा स्टेशन पर उन्हें लेने आ जाना।
- अनस ने भावुक होकर बताया कि उनके पिता हमेशा परिवार की खुशियों को प्राथमिकता देते थे। पिछले 30 वर्षों से वे विदेश में रहकर केवल अपने परिवार के लिए मेहनत कर रहे थे। उन्होंने कभी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ा। परिवार को क्या पता था कि यह बातचीत उनकी आखिरी बातचीत साबित होगी।

### अक्टूबर 2025 में आए थे आखिरी बार

परिजनों के मुताबिक मंजूर अहमद अक्टूबर 2025 में आखिरी बार उज्जैन आए थे। उस दौरान उन्होंने परिवार के साथ समय बिताया था और वापस लौटते समय कहा था कि अब जल्दी-जल्दी घर आते रहेंगे। लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि यह उनकी अंतिम विदाई साबित होगी। मंजूर अहमद अपने पीछे पत्नी, एक बेटा और दो बेटियों का परिवार छोड़ गए हैं। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी मुख्य रूप से उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी असमय मौत से परिवार को भावनात्मक ही नहीं बल्कि आर्थिक आघात भी लगा है।

### भारतीय दूतावास से मिली सूचना

परिजनों ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें भारतीय दूतावास के माध्यम से मिली। इसके बाद परिवार और रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। फिलहाल पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया जारी है। परिजनों के अनुसार शव अहमदाबाद पहुंचने के बाद उज्जैन लाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### सरकार से सहायता की मांग

मंजूर अहमद के रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों ने मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। उनका कहना है कि परिवार में कमाने वाले वे अकेले व्यक्ति थे और उनकी आय पर ही पूरे परिवार का जीवन निर्भर था। ऐसे में सरकार को परिवार की मदद के लिए आगे आना चाहिए। परिजनों ने स्थानीय प्रशासन से अहमदाबाद से उज्जैन तक पार्थिव शरीर लाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध कराने की भी मांग की है। उनका कहना है कि इस कठिन समय में प्रशासनिक सहायता परिवार के लिए बड़ी राहत साबित होगी।

## वीआईपी क्षेत्र में वर्दी का रंग

शहर में पिछले समय से युवाओं की रात में हुडदंग कोई नई बात नहीं है। अक्सर शहर के कई क्षेत्रों में रात के समय युवाओं के हुडदंग के मामले बराबर सूनने में आ रहे हैं। इन पर रोक नहीं हो पाने से आए दिन अपराध के मामले भी हो रहे हैं और अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान को भी अखाडा बना दिया जाता है। ईलाज करने वाले भी इन संस्कारविहीनों के आगे अपने आप को असहाय और भयग्रस्त पाते हैं। ऐसे अनेकों मामले हैं जिनमें अस्पताल में ही गुंडागर्दी का चरम देखा जा सकता है। घायल के साथ आने वालों का तोड़फोड़ करना आए दिन की बात हो चुकी है। चिकित्साकर्मी एवं वर्दी दोनों हैरान और परेशान है। ऐसे में अगर वर्दी सख्ती करे तो नया बवाल हो जाए।




इससे परे शहर के वीआईपी वर्दी केंद्र में रात के रंग बदल चुके हैं। रात 11 बजते ही युवाओं के ठियों पर पहुंचकर उन्हें घरों के लिए रवाना होने की हिदायत दे दी जा रही है। ठिए वालों को भी सिरे से बड़े ही प्यार से समझाइश देते हुए कहा जा रहा है कि किसी भी मामले के होने पर आप भी बराबर के भागीदार होंगे। ऐसे में ठिए वाले खुद ही सचेत हो रहे हैं। डबल वन होते ही ठिए क्लोज हो रहे हैं और युवाओं के टोले नो दो ग्यारह हो रहे हैं। क्षेत्र के अनेक हिस्सों में यही हालत हो चुकी है। न मानने वाले और जिद्दी युवाओं को बडे ही प्यार से प्रसाद भी दी जा रही है। रात्रिकालीन पैदल भ्रमण करने वाले प्रौढ़, बुजुर्गों, महिला एवं पुरूषों से एकांत क्षेत्र में बराबर वाहन से रूक कर जानकारी ली जा रही है। वाहनों पर तीन सवारी बैठकर हुडदंग मचाने वाले युवाओं की अच्छी खबर भी ली जा रही है। वर्दी का वाहन पूरे समय सायरन एवं लाइट न चलाते हुए सीधे स्थल पर ही इनका उपयोग करता है जिससे उद्दंड एवं संस्कारहीन युवा सीधे कब्जे में आ रहे हैं। खास तो यह है कि किसी से कोई अपशब्द नहीं सभी से सम्मान से बात एवं सवाल ऐसे की पसीने के उपर डबल पसीना छूट जाए। खुसूर-फुसूर है कि अगर ऐसे ही कुछ दिन चला तो क्षेत्र में शहर के अन्य हिस्सों से आने वाले युवाओं की बैठक एवं ठिए उन्हें बदलने पर मजबूर होना पड़ेगा। न तो उन्हें पंचायती स्थान मिलेगा और न ही उन्हें एकांत क्षेत्र ही मिलेगा जहां अंधेरी गलियों में वे गला तर कर पा रहे हैं और चने का स्वाद।

### प्रदूषण से मुक्ति दिलाने वाली नमामि गंगे मिशन परियोजना को मिली मंजूरी

# 81 करोड़ रुपये से शिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करेगी उप्र की कंपनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तीन साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार शिप्रा नदी को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने वाली नमामि गंगे मिशन परियोजना को मंजूरी मिल गई है। केंद्र सरकार ने 81 करोड़ रुपये के टेंडर को स्वीकृति देते हुए गाजियाबाद उत्तरप्रदेश की सोमवंशी एनवायरो फर्म का चयन किया है। अब महापौर परिषद की मंजूरी के बाद कार्य आदेश जारी होते ही जमीन पर काम शुरू हो जाएगा।

यह परियोजना शिप्रा नदी में गिरने वाले भैरवगढ़ और पीलियाखाल क्षेत्र के दूषित नालों को उपचारित करने के लिए तैयार की गई है। जल शक्ति मंत्रालय ने 24 मई 2023 को इसके लिए 92 करोड़ 78 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की थी।

उस समय दावा किया गया था कि दो महीने में निविदा प्रक्रिया पूरी कर 18 माह में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा, लेकिन लगातार तकनीकी और वित्तीय प्रक्रियाओं में उलझने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। जून 2023 में महापौर परिषद ने टेंडर प्रक्रिया को मंजूरी दी थी। इसके बाद चार फर्मों ने निविदा में भाग लिया था, लेकिन लंबी परीक्षण प्रक्रिया के बाद सभी प्रस्ताव निरस्त कर दिए गए। इसके बाद इसी साल फरवरी माह में संशोधित दरों के साथ पुनः निविदा आमंत्रित की गई थी। अब केंद्र सरकार द्वारा सोमवंशी एनवायरो फर्म के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से परियोजना का रास्ता साफ हो गया है।

**सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच ये परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण-** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच इस परियोजना को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी शिप्रा नदी में वर्तमान में भैरवगढ़ क्षेत्र की बटिक प्रिंट इकाइयों और पीलियाखाल नाले का दूषित पानी पहुंचता है। परियोजना पूरी होने के बाद यह पानी उपचारित होकर ही नदी में छोड़ा जाएगा, जिससे जल गुणवत्ता में सुधार आएगा।



### दो एसटीपी और आधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम बनेंगे

परियोजना के तहत भैरवगढ़ क्षेत्र में 2.38 एमएलडी तथा पीलियाखाल क्षेत्र में 22.06 एमएलडी क्षमता के दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाए जाएंगे। इसके अलावा दो सीवेज पंपिंग स्टेशन, दो एफ्लुएंट पंपिंग स्टेशन, लगभग 1420 मीटर राइजिंग मेन तथा 3500 मीटर एफ्लुएंट लाइन बिछाई जाएगी। जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए पीएलसी-स्काडा आधारित रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया जाएगा। परियोजना में सौर ऊर्जा आधारित सुविधाएं भी शामिल हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद चयनित एजेंसी अगले 15 वर्षों तक संयंत्रों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी संभालेगी।

- **सिंहस्थ से पहले पूरी करने की चुनौती-** परियोजना शुरू होने के बाद इसे 18 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि तीन साल की देरी के बाद अब प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती सिंहस्थ-2028 से पहले कार्य पूर्ण कराने की होगी। यदि तय समयसीमा में काम पूरा होता है तो शिप्रा नदी के प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में यह अब तक की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगी।
- **टेंडर स्वीकृत हो चुका है-** नमामि गंगे मिशन शिप्रा नदी संरक्षण की महत्वपूर्ण परियोजना है। टेंडर स्वीकृत हो चुका है। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र कार्य शुरू कराया जाएगा ताकि सिंहस्थ-2028 से पहले परिणाम मिल सके।

**-रोशन कुमार सिंह, कलेक्टर**

## श्रावण मास में भगवान महाकाल के भांग श्रृंगार की बुकिंग प्रारंभ



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रावण मास के लिए भगवान महाकाल के भांग श्रृंगार की बुकिंग शुरू हो गई है। पुजारियों के अलावा भक्त भी मंदिर कार्यालय में श्रृंगार की बुकिंग कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

हालांकि भक्तों को आवेदन के साथ जिस पुजारी के माध्यम से श्रृंगार कराना है, उनका सहमति पत्र लगाना अनिवार्य है। 30 जुलाई से 28 अगस्त तक एक माह की सभी तारीखों के आवेदन प्राप्त होने के बाद चयन समिति तारीख का निर्धारण करेगी।

महाकाल मंदिर में प्रतिदिन शाम 7 बजे संध्या आरती में भगवान महाकाल का भांग व सूखे मेवे से दिव्य श्रृंगार किया जाता है। देश-विदेश में रहने वाले भक्त पुजारी के माध्यम से भगवान का श्रृंगार करवाते हैं। भगवान के भांग श्रृंगार में औसतन 10 से 12 हजार रुपये का खर्च आता है।

आमतौर पर पुजारी भाग श्रृंगार के लिए मंदिर समिति द्वारा निर्धारित 1100 रुपये की रसीद कटवाकर भक्तों की ओर से स्वयं अनुमति प्राप्त कर लेते हैं। इसमें भक्तों को सुविधा यह मिलती है कि, पुजारी उन्हें अपने जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ तथा अन्य मनचाहे दिन की तारीख दिलवा देते हैं। पहले श्रावण मास में भी यह संभव हो जाता था, पुजारी एक माह पहले ही अपने यजमान के नाम से तारीख बुकिंग करा लेते थे। इस बार मंदिर समिति ने श्रृंगार की बुकिंग प्रक्रिया को सर्वसुलभ व पारदर्शी बनाने के लिए इसमें बदलाव किया है। इस बार श्रावण मास के एक माह के लिए पहले आवेदन लिए जा रहे हैं, बाद में चयन समिति तारीख का निर्धारण करेगी। इस व्यवस्था से तारीख को लेकर होने वाले विवाद की स्थिति नहीं बनेगी। इस बार भक्तों को भी आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। हालांकि उन्हें आवेदन के साथ पुजारी का सहमति पत्र लगाने की बाध्यता रहेगी। शिवलिंग भगवान शिव का निराकार रूप है। शिवलिंग का श्रृंगार भक्तों को शिव के साकार रूप के दर्शन कराता है। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में भक्तों को प्रतिदिन संध्या आरती में भगवान महाकाल के भांग व सूखे मेवे से किए गए श्रृंगार के रूप में साकार दर्शन होते हैं।

## न्यूज कॉलम

### भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव, देश-विदेश के भक्त हुए ऑनलाइन शामिल

**उज्जैन।** कृपा निवास मंदिर, गड़कालिका चौराहा में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया, तो पूरा पांडाल 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। इस पावन अवसर पर ना केवल उज्जैन के स्थानीय श्रद्धालु, बल्कि विदेशों में बैठे भक्तों ने भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर इस अलौकिक प्रसंग का धर्मलाभ लिया। मां पीतांबरा ज्योतिष केंद्र के तत्वावधान में आयोजित इस कथा में कथावाचक डॉ. पंडित नलिन शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार और उनकी लीलाओं की अद्भुत एवं भावपूर्ण कथा का वर्णन किया। जैसे ही नंदबाबा के घर कन्हैया के जन्म का प्रसंग आया, पांडाल में पुष्प वर्षा होने लगी और उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर खुशी से झूम उठे। इस अवसर पर डॉ. पंडित नलिन शर्मा ने बताया कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में हो रही इस पावन कथा का सीधा प्रसारण डिजिटल माध्यमों से किया जा रहा है। इसका लाभ यह हुआ कि जो भक्त विदेश में होने के कारण प्रत्यक्ष रूप से कथा स्थल पर उपस्थित नहीं हो सके, उन्होंने ऑनलाइन जुड़कर अपने घर बैठे ही कृष्ण जन्मोत्सव के इस आनंद की अनुभूति की। कथा के इस विशेष प्रसंग के दौरान स्क्रीन पर ऑनलाइन जुड़े विदेशी भक्तों का उत्साह और श्रद्धा भी देखते ही बन रही थी। भक्ति के इस वैश्विक संगम ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के अंत में भगवान बालकृष्ण की महाआरती की गई और सभी श्रद्धालुओं में माखन-मिश्री व पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया।



### महाकाल महालोक से दुनिया में जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का संदेश

**उज्जैन।** इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर एक अद्भुत और ऐतिहासिक नजारा दिखने वाला है। भारत के गौरवशाली इतिहास और अध्यात्म का सबसे बड़ा संदेश इस बार कहीं और से नहीं, बल्कि ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर परिसर के नवविस्तारित महाकाल महालोक से जाएगा। मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन के सुझाव पर स्थानीय प्रशासन ने इसे एक राष्ट्रीय स्तर का भव्य आयोजन बनाने की योजना बनाई है। दरअसल, बुधवार को एक उच्च स्तरीय वर्चुअल क्लास बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को साफ निर्देश दिए कि इस बार योग दिवस को सिर्फ एक सरकारी कार्यक्रम न बनाकर, इसे देश की प्रमुख ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों से जोड़ा जाए।

## जनभागीदारी से संवर रहा उन्हेल नगर परिषद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ शहर जोड़ी पहल के अंतर्गत उज्जैन नगर निगम द्वारा नगर परिषद उन्हेल में जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छ एवं सुंदर मोहल्लों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें उन्हेल नगर परिषद अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 कार्तिक चौक क्षेत्र के नागरिकों द्वारा अपनी स्वेच्छा से अपने वार्ड एवं गली मोहल्ला को स्वच्छ सुंदर मोहल्ले के रूप में विकसित कर रहे हैं जिसमें मोहल्लों की विशेष रूप से सफाई, रंग रोगन का कार्य स्वयं द्वारा किया जा रहा हैं, इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उनके सहयोग से साफ-सुथरा एवं आकर्षक शहरी वातावरण तैयार करना है। अभियान के तहत मोहल्लों में नियमित साफ-सफाई, कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक स्थलों की सजावट, दीवारों पर स्वच्छता संदेशों की पेंटिंग तथा हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

## महापौर ने किया बावड़ी की सफाई कार्य का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम द्वार मंछामन मंदिर स्थित प्राचीन बावड़ी की सफाई का कार्य गुरुवार को प्रारंभ किया गया उक्त सफाई कार्य का निरीक्षण महापौर मुकेश टटवाल द्वारा करते हुए निर्देशित किया कि प्राचीन बावड़ी को मूल स्वरूप में लाया जाए साथ ही गहरीकरण करते हुए सफाई के साथ साथ सौंदर्य करण किया जायें इस हेतु पोकलेन मशीन से प्राचीन बावड़ी से गाद निकालने का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, डॉ योगेश्वरी राठौर उपस्थित रहे।



# लोगों की जिंदगी के लिए काल बनकर दौड़ रहे सड़कों पर डंपर

## नौसिखियों के हाथों में भारी वाहनों की कमान, अब तक कई लोगों की ले चुके हैं जान, फिटनेस और नियमों की जांच पर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे डंपर आम लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। आए दिन सामने आ रही दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के चलते डंपरों और रेती से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन इनके संचालन और फिटनेस की जांच को लेकर परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है।

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण सामग्री ढोने के लिए बड़ी संख्या में डंपर संचालित हो रहे हैं। आरोप है कि कई वाहन मालिक अनुभवहीन चालकों को भारी वाहनों की स्टेयरिंग थमा रहे हैं, जिसके कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। वहीं परिवहन विभाग द्वारा वाहनों की फिटनेस, परमिट और बीमा की नियमित जांच नहीं किए जाने से भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



### बिना फिटनेस वाले वाहन भी सड़कों पर

परिवहन विभाग के पास जिले में पंजीकृत वाहनों और उन्हें जारी किए गए फिटनेस प्रमाण-पत्रों का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है। इसके बावजूद पुराने वाहनों की नियमित जांच और फिटनेस नवीनीकरण को लेकर कोई प्रभावी अभियान दिखाई नहीं देता। परिणामस्वरूप कई वाहन बिना वैध फिटनेस, परमिट और बीमा के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।

### हाल के दिनों में हुईं प्रमुख दुर्घटनाएं

- **पंथ पिपलई के समीप युवक की मौत-** 30 मई को पंथ पिपलई के पास एक डंपर ने बाइक सवार अजय पिता बनेसिंह परमार (25 वर्ष) एवं विनोद पिता रामप्रसाद, निवासी ग्राम बिलोदा को टक्कर मार दी थी। हादसे में अजय की मौत हो गई, जबकि विनोद घायल हो गया।
- **बड़नगर बायपास पर डंपर की टक्कर-** 2 जून 2026 को बड़नगर बायपास पर डंपर की टक्कर से सुरेश पिता नंदू, निवासी झाबुआ और उनकी पत्नी राधा घायल हो गए थे। दुर्घटना में सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राधा गंभीर रूप से घायल हैं।
- **नरवर क्षेत्र में एक युवक की जान गई-** 27 मई 2026 को नरवर थाना क्षेत्र में डंपर की चपेट में आने से ज्ञान सिंह पिता अंबाराम एवं श्यामलाल यादव (35 वर्ष), निवासी उत्तर प्रदेश की मौत हो गई थी।
- **मासूम बच्ची भी बनी हादसे का शिकार-** कुछ दिन पूर्व एक मासूम बच्ची की भी डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इस घटना ने भारी वाहनों की बेलगाम रफ्तार और लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े किए थे।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### महू में नर्मदा फेस-3 पाइपलाइन फटी, सड़क तालाब बनी

**इंदौर।** महू में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे गैरिसन ग्राउंड के पास नर्मदा फेस-3 की मुख्य पाइपलाइन फट गई। पाइपलाइन फटने से हजारों गैलन पानी तेज दबाव के साथ सड़क पर बहने लगा, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर करीब आधा किलोमीटर तक पानी फैल गया और बाढ़ जैसे हालात बन गए। पानी के तेज बहाव के कारण आसपास के कई घरों, दुकानों और बैंकों में पानी घुस गया। स्थानीय निवासी रवि महरौलिया ने बताया कि पिछले सात दिनों से पाइपलाइन में लीकेज की समस्या थी, जिसकी सूचना विभाग को दी गई थी। समय पर सुधार न होने के कारण यह घटना हुई, जिससे उनके घर में भी पानी भर गया और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा।

### जलसभा में पार्षद का ऑफर, वॉटर रिचार्जिंग के लिए कराएंगे

**इंदौर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरुवार को जल सभा का आयोजन हुआ। विभिन्न रहवासी संगठनों के पदाधिकारी इसमें शामिल हुए और उन्होंने अपनी-अपनी बात रखी। आयोजन में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल, जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू सहित एमआईसी मेंबर व पार्षद शामिल हुए। जल संरक्षण और भूजल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम इंदौर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल सभा का आयोजन किया। ये जल सभा रविंद्र नाट्य ग्रह में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों और रहवासी संगठनों को बारिश के पानी का संग्रहण के महत्व को बताना और शहर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा देना है। आयोजन में वार्ड 33 के पार्षद मनोज मिश्रा ने उनके क्षेत्र से रहवासी संगठन को ऑफर भी दिया। उन्होंने मंच से कहा कि मार्च में ही गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला गया था।

### किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी ने गला काटने की धमकी दी

**इंदौर।** इंदौर के गांधी नगर इलाके में 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। बाद में मां के पूछने पर उसने पूरी घटना बताई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मां बुधवार को अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। महिला ने बताया कि वह नगर निगम में नौकरी करती है। उसकी बड़ी बेटी 1 जून की रात घर के बाहर सहेलियों के साथ खेल रही थी। खेल के दौरान किशोरी पास की एक बिल्डिंग के पास छिपने पहुंची, तभी वहां मौजूद वासूदेव उर्फ वासू ने उसे पकड़ लिया।

### होटल में आग, छत पर लगा शेड और सामान जला

इंदौर के सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल की छत पर गुरुवार सुबह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, हालांकि मोबाइल टॉवर, शेड और वहां रखा पुराना सामान जलकर खाक हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक सुबह करीब 9 बजे सूचना मिली थी कि छोटी ग्वालटोली स्थित वैष्णो होटल के टॉवर एरिया में आग लग गई है। सूचना के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और छत पर पानी डालकर आग बुझाई गई। आगजनी में होटल की छत पर लगा शेड, मोबाइल कंपनी का टॉवर और पुराना सामान पूरी तरह जल गया। आग बुझाने में करीब 2 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल किया गया। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। होटल महेश शर्मा का बताया जा रहा है। वहीं बुधवार रात लकड़ी पीठा क्षेत्र में एक लकड़ी गोदाम में भी आग लगने की घटना सामने आई थी।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, खुद का आईफोन तोड़ा

**इंदौर।** इंदौर के सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्षीय युवक ने बुधवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेंट्रल कोतवाली पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान गौरव पुत्र मनोज कुरिल निवासी नार्थ तोड़ा के रूप में हुई है। गौरव अपने मामा के साथ जूते-चप्पल की दुकान पर काम करता था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह काफी परेशान और गुमसुम था तथा किसी से ठीक से बात नहीं कर रहा था। बताया जा रहा है कि घटना से पहले गौरव ने अपना मोबाइल फोन तोड़ दिया था। इसके बाद वह अपनी मां का मोबाइल लेकर कमरे में चला गया। काफी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो उसकी मां को शक हुआ।

### बालिका से छेड़छाड़ में बुजुर्ग को 5 वर्ष का कारावास

**इंदौर।** 12 वर्षीय बालिका का पीछा करने, छेड़छाड़ और अशोभनीय इशारे करने के मामले में पॉक्सो स्पेशल कोर्ट इंदौर ने 78 वर्षीय आरोपी को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। न्यायाधीश रमा जयंत मित्तल ने 30 मई को यह निर्णय सुनाया। इसका आदेश 3 जून को जारी किया गया। 30 अक्टूबर 2023 को इंदौर की एक सामाजिक संस्था की प्रतिनिधि पीड़िता के घर पहुंची और उसकी मां को बताया कि उनकी बेटी के साथ अनुचित व्यवहार किए जाने की जानकारी सामने आई है। संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो को देखने के बाद मां ने बेटी से बातचीत की, तब बालिका ने अपने साथ हुई घटनाओं का खुलासा किया।

श्रीकृष्ण की 108 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी, श्रीकृष्ण पाथेय योजना के तहत मिलेगा स्वरूप

# सिंहस्थ के पहले 139 करोड़ से सांदीपनि लोक बनेगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में श्रीमहाकाल महालोक के बाद अब भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली सांदीपनि आश्रम में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में सांदीपनि लोक बनने जा रहा है।

मोहन सरकार इसके लिए 139 करोड़ रुपए खर्च कर इसे सिंहस्थ कुम्भ से पहले तैयार करने की योजना बना चुकी है। यह वही स्थान है जहां पर भगवान श्रीकृष्ण ने बलराम और सुदामा के साथ 16 विद्या और 64 कलाओं का ज्ञान अर्जित किया था। सरकार की महत्वाकांक्षी ह्यश्रीकृष्ण पाथेय योजनाह्ल के रूप में श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली के स्वरूप को पूरी तरह बदल दिया जाएगा। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा महर्षि सांदीपनि आश्रम के कायाकल्प के लिए तैयार की गई यह एक बेहद महत्वाकांक्षी परियोजना है।

यह न केवल उज्जैन की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को सहेजेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से युवा पीढ़ी को हमारी गौरवशाली गुरुकुल परंपरा से भी जोड़ेगी। महाकाल लोक के बाद अब सांदीपनि आश्रम में भी कॉरिडोर बनेगा।

### बलराम के साथ उज्जैन पैदल पहुंचे थे भगवान श्रीकृष्ण

द्वापर युग में उज्जैन को अवंतिका नगरी के नाम से जाना जाता था। यहां की राजमाता, देवीराजा जयसिंह की पत्नी हुआ करती थीं। वे वासुदेव की मुंहबोली बहन थीं और भगवान श्रीकृष्ण की बुआ थीं। स्कंद पुराण के अनुसार, 5266 साल पहले कंस का वध करने के बाद दोनों भाई श्रीकृष्ण और बलराम पैदल ही मथुरा से उज्जैन आए थे। मथुरा से उज्जैन शहर की दूरी 650 किलोमीटर है। तब उनकी उम्र 11 साल 7 दिन थी। श्री महाकालेश्वर मंदिर में 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री द्वारा महाकाल लोक का लोकार्पण किए जाने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिली है। महाकाल लोक बनने के बाद बीते चार वर्षों में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करीब चार गुना तक बढ़ गई है।

### एआर/वीआर से डिजिटल कंटेंट सुन-देख सकेंगे

श्रद्धालुओं को सांदीपनि आश्रम में आने के बाद भगवान श्रीकृष्ण की गाथा जानने के लिए डिजिटल अनुभव भी देखने को मिलेगा। यहां श्रद्धालुओं के लिए एआर/वीआर (अफ/श्फ) तकनीक, डिजिटल व ऑडियो-विजुअल प्रदर्शनी और मल्टी-लैंग्वेज डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। श्रद्धालु हेडफोन लगाकर या वीआर के द्वारा भगवान की शिक्षा स्थली का इतिहास उनकी महिमा और 64 कलाओं के ज्ञान के बारे में सुन और देख सकेंगे। आश्रम में भगवान श्री कृष्ण की 108 फीट की लगने वाली विराट प्रतिमा सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र होगी। इसका डिजाइन आईआईटी/एनआईआईटी के तकनीकी परीक्षण और विंड टनल स्टडी के बाद तैयार होगा।

आश्रम में लाइट एंड साउंड भी लोगों को देखने को मिलेगा। इसमें परिसर में इमर्सिव लाइट एंड साउंड शो और थीम गोमती कुंड के पास देखने को मिलेगी। इस लाइट एन्ड साउंड में भी श्री कृष्ण की लीला और उज्जैन से उनके जुड़े महत्व को बताया जाएगा। आश्रम में स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डवलप किया जाएगा।

# इंदौरः 15 साल में 11.64 लाख बढ़ी जनसंख्या

## जिले की 65% आबादी शहरी क्षेत्र में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जनगणना-2027 के पहले चरण में इंदौर जिले में एक माह तक चले मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का काम पूरा हो गया है। नए आंकड़ों के अनुसार जिले की आबादी 44 लाख, 40 हजार, 446 तक पहुंच गई है। साल 2011 की जनगणना में जिले की आबादी 32 लाख, 76 हजार, 697 थी।

पिछले 15 सालों में जिले में 11 लाख, 63 हजार, 749 लोगों की वृद्धि दर्ज हुई है। निगम सीमा के 22 जोन में जोन-19 सबसे अधिक 2.47 लाख आबादी वाला क्षेत्र बनकर सामने आया है। इसके बाद बिलावली क्षेत्र के जोन-13 में 2.36 लाख, एरोड्रम क्षेत्र के जोन-16 में 2.05 लाख, राजेंद्र नगर-प्रगति नगर क्षेत्र के जोन-21 में 1.84 लाख और साकेत क्षेत्र के जोन-10 में 1.77 लाख आबादी दर्ज हुई है।

दिलचस्प तथ्य यह है कि सबसे अधिक आबादी वाले पांचों जोन शहर के अपेक्षाकृत नए विकसित क्षेत्रों में स्थित हैं। साफ है इंदौर का जनसंख्या केंद्र पुराने शहर से निकलकर बायपास, सुपर कॉरिडोर, बिलावली, एरोड्रम और पश्चिमी-दक्षिणी विस्तार क्षेत्रों की ओर तेजी से खिसक रहा है।

भारत की जनगणना 2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन कल्याण

### महू, राऊ और सांवेर बने नए ग्रोथ सेंटर



आंकड़े बताते हैं कि इंदौर अब केवल एक शहर नहीं, बल्कि महू, राऊ और सांवेर तक फैलता हुआ क्षेत्रीय महानगर बन रहा है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिले की कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा अब नगर निगम सीमा में केंद्रित हो चुका है। नगर निगम के 22 जोन में करीब 28.67 लाख आबादी दर्ज की गई है, जबकि जिले की 10 तहसीलों, नगर परिषदों और छावनी क्षेत्र में 15.73 लाख आबादी रह रही है।

### 28 प्रतिशत मकान शहरी क्षेत्र में या तो खाली या दूसरा उपयोग

नगर निगम क्षेत्र के आंकड़े शहर के बदलते भूमि उपयोग का भी संकेत देते हैं। निगम क्षेत्र में कुल 8.55 लाख मकानों की गणना की गई। इनमें 1.06 लाख मकान खाली मिले, जबकि 1.31 लाख मकानों का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। यानी लगभग 28 प्रतिशत मकान या तो खाली हैं अथवा आवासीय उपयोग से बाहर हैं। तहसीलवार आंकड़े देखें तो डॉ. आंबेडकर नगर (महू) 4.42 लाख आबादी के साथ जिले की सबसे बड़ी तहसील बनकर उभरा है। देपालपुर में 2.79 लाख और सांवेर में 2.64 लाख आबादी दर्ज हुई। राऊ क्षेत्र में 1.63 लाख आबादी का आंकड़ा बताता है कि इंदौर का विस्तार अब पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम दिशा में तेजी से बढ़ रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की बेटी दीक्षा को दी बधाई

**दीक्षा ने चने की दाल के 12 दानों पर 12 ज्योतिलिंगों की पेन्टिंग कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की प्रतिभाशाली बेटी सुश्री दीक्षा की कला को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिलने पर बधाई दी है। सुश्री दीक्षा ने केवल 22 मिनट में 8 मिमी आकार की चने की दाल के 12 दानों पर 12 ज्योतिलिंगों की पेंटिंग बनाकर असाधारण कला का प्रदर्शन कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुश्री दीक्षा ने अपनी प्रतिभा से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल होकर दीक्षा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है।




ई-एचआरएसएस पोर्टल पर होगी प्रक्रिया

## शिक्षकों व कर्मचारियों के 3 से 8 जून तक स्थानांतरण आवेदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य शासन की स्थानांतरण नीति 2026-27 के तहत जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने स्थानांतरण आवेदनों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्वैच्छिक स्थानांतरण के आवेदन 3 जून से 8 जून तक ी-लृफ्टर पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक स्थानांतरण के लिए अधिकतम 15 कार्यालयों/संस्थाओं का चयन कर सकेंगे। आवेदन में दर्शाए गए कारणों के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ स्वरूप में अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिनका आकार अधिकतम 2 एमबी निर्धारित किया गया है। एक बार आवेदन सबमिट होने के बाद उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकेगा।विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि आवेदन में गलत जानकारी देने या सत्यापन में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी एवं सत्यापन अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पोर्टल पर प्रदर्शित रिक्तियां अस्थायी (टेंटेटिव) होंगी और समय-समय पर अपडेट की जा सकेंगी। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के स्थानांतरण केवल उनके विषय की रिक्तियों पर ही किए जाएंगे। वहीं प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षक संवर्ग के प्रशासनिक एवं स्वैच्छिक स्थानांतरण परिवीक्षा अवधि के दौरान नहीं किए जाएंगे।

जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 5 जून 2026 तक ी-लृफ्टर पोर्टल पर सभी रिक्त पदों की सही जानकारी दर्ज एवं सत्यापित करें। रिक्तियों की एंट्री और सत्यापन की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय प्रमुख, डीडीओ एवं ऑफिस एडमिन की होगी। केवल ऑनलाइन आवेदन करने मात्र से स्थानांतरण का अधिकार सुनिश्चित नहीं होगा। आवेदनों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय मुख्यालय स्तर पर लिया जाएगा और इस संबंध में शासन का निर्णय अंतिम माना जाएगा। यह आदेश प्रदेश के जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा शिक्षकों पर लागू होगा।

महापौर-निगम कमिश्नर ने की बारिश की तैयारियों की समीक्षा

# पानी की निकासी और सुरक्षा पर दिया जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



आगामी वषार्काल के दौरान शहर में जलभराव की संभावित स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। सिटी बस ऑफिस में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान लोगों को होने वाली असुविधाओं को शून्य करना और जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना था। बैठक के दौरान शहर के उन चिन्हित क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा की गई, जहां हर साल बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन जाती है। महापौर और निगम कमिश्नर ने निर्देश दिए कि ऐसे सभी स्थानों पर पूर्व तैयारी के साथ जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और बारिश शुरू होने से पहले सभी आवश्यक काम पूरे कर लिए जाए। समीक्षा के दौरान शहर की स्टॉर्म वॉटर लाइन, नालों एवं चैंबरों की नियमित सफाई, जलभराव क्षेत्रों में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारण, जल निकासी हेतु मोटर पंप, गैती, फावड़ा, रस्सी, टॉर्च, संबल एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

### सर्विस रोड पर पेचवर्क और मरम्मत काम कराए जाएं

समीक्षा बैठक के दौरान शहर के प्रमुख चौराहों एवं सर्विस रोड की स्थिति पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर सर्विस रोड से बड़ी मात्रा में यातायात मुख्य मार्ग अथवा प्रमुख चौराहों से जुड़ता है, वहां आवश्यकता अनुसार तत्काल पेचवर्क एवं मरम्मत कार्य कराए जाएं, जिससे वर्षा के दौरान यातायात सुरक्षित एवं सुचारू बना रहे।



### बारिश में भी चले ट्रैफिक सिग्नल

महापौर भार्गव ने कहा कि शहर के ऐसे स्थान जहां हर साल जल जमाव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां स्थायी एवं प्रभावी समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि बारिश के दौरान शहर के ट्रैफिक सिग्नल सुचारू रूप से संचालित रहें तथा किसी भी स्थिति में बंद न हों, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो और लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में शहर में चल रहे विभिन्न सड़क, पुलिया एवं अन्य निर्माण कामों की भी समीक्षा की गई। निगम कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध, बैरिकेडिंग, चेतावनी संकेतक एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं, ताकि बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न बने।

आधा दर्जन से ज्यादा मंत्रियों को विदा करने की बातें होने लगी

# मंत्रिमंडल विस्तार के साथ आईडीए अध्यक्ष का फैसला भी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मंत्रिमंडल के विस्तार के साथ इंदौर के आईडीए अध्यक्ष के लिए भी निर्णय होने की संभावना बताई गई है। इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष को राजी किया जा रहा है। जिसमें उन्हीं के फैसले पर अंतिम निर्णय हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि मप्र मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चचाएं चल रही हैं। इस माह में विस्तार होने की संभावना जताइ गई है। नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। पुराने विधायकों को हटाने की बातें हो रही हैं। इसके लिए दिल्ली और भोपाल के नेताओं की मीटिंग भी हो चुकी है। सीनियर मंत्रियां को भोपाल से दिल्ली भेजने की तैयारी है।




उन्हें भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दी जा सकती है और इसके लिए हरी झंडी भी मिल चुकी है, लेकिन अभी कुछ नामों को विचार विमर्श चल रहा है और अंतिम फैसला मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल करेंगे। इस बार जो नाम चल रहे हैं, उसमें इंदौर और भोपाल से नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। भाजपा के कार्यकाल को ढाई साल और बचा है, इसलिए आईडीए अध्यक्ष के लिए विचार विमर्श होने लगा है। जयपाल सिंह चावड़ा को हटाने के बाद अभी तक कोई नया नाम सामने नहीं आ पाया है और इसके लिए कुछ ऐसे नाम चल रहे हैं, जिस पर सहमति के लिए झंझट हो रही है। शुरूआत में जीतू जिराती के नाम पर सहमति के आसार दिख रहे थे। उनके लिए कई बड़े नेता राजी थे, लेकिन बाद में गोपी नेमा, सुदर्शन गुप्ता ने समीकरण बिगाड़ दिए। हरिनारायण यादव के नाम ने तो सभी दावेदारों की मुश्किलें बढ़ा दीं और इसके लिए दूसरे गुट के नेता भी राजी हो गए।

बताते हैं कि सबकुछ ठीक रहा तो यादव के नाम पर सहमति होने की संभावना दिख रही है। हालांकि इसके लिए सभी को राजी करना पड़ेगा और उसकी संभावना भी नजर आ रही है, क्योंकि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इसके लिए लगे हुए हैं। यादव को लंबे समय से कुछ मिला भी नहीं है। उनकी नियुक्ति के लिए कोई पीछे नहीं हट सकता।

### चरित्र शंका में पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के खुड़ैल थाना क्षेत्र के उज्जैनी गांव में रहने वाले एक पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। लाश को ठिकाने लगाने ही वाला था कि पुलिस ने धरदबोचा। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के पीछे चरित्र शंका बताया जा रहा है। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि पूरा मामला खुड़ैल थाना क्षेत्र के उज्जैनी गांव का है। बुधवार को यहां रहने वाला राहुल वर्मा और उसकी पत्नी सुमन में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि राहुल ने सुमन से मारपीट कर दी। गुस्से में राहुल ने सुमन को इतना मारा कि उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आई कि पति राहुल अपनी पत्नी के चरित्र पर हमेशा शंका करता था। घटना के समय पत्नी सुमन अपनी बहन से बात कर रही थी और इसी दौरान पति राहुल वहां पर आ गया। पति राहुल ने पूछा कि किससे बात कर रही हो। पत्नी ने बताया गया कि मैं अपनी बहन से बात कर रही हूं, लेकिन पति को पत्नी की बातों पर विश्वास नहीं हुआ। राहुल ने पत्नी का फोन छीन लिया और उसे चेक करने लगा।

## न्यूज कालम



### बीती रात किराना दुकान पर चोरो शटर उचकाने का असफल प्रयास किया

**टांडा(धार)।** थाना क्षेत्र टांडा में मंगलवार- बुधवार की दरमियान रात में बदमाशों ने किराना की दुकान पर चोरी की नीयत से शटर उचकाने का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिर्वी गली स्थित किराना व्यवसाई पारस हरण की दुकान पर चोरो ने टामी से शटर उचकाने के कई प्रयास किए इस दौरान शटर की आवाज सुन कर दुकानदार के परिजनों के जागने व शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले। पूरी घटना सामने लगी सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना सुबह टांडा थाने पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुचकर तहकीकात की। वही उक्त दुकानदार की लगभग 1 माह पूर्व मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई इसके साथ ही गली नेमीचंद बाफना की भी बाइक चोरी हो गई। शाम 5 बजे नगर के व्यपारियो ने टांडा थाने पर जाकर उक्त घटना को लेकर अवगत करवाया एवं दोपहिया वाहन की चोरी के सम्बंध में एफआईआर करवाई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा नगर मंडल द्वारा पौधारोपण का आयोजन



**सनावद।** भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी की कामकाजी बैठक गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर हुई जिसमें समस्त पदाधिकारी ने मोदी सरकार के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल की उपलब्धियां व गरीब कल्याण की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विचार विमर्श किया । 5 जून शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सूत मिल ग्राउंड पर सुबह 9,30 बजे पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । जिसमे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सचिन बिरला, भाजपा संगठन के जिला पदाधिकारी, सहित शहर के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में इस दौरान मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, कार्यक्रम प्रभारी मनोज जैन, दीप्ति बंसल, रश्मि ठाकुर, सरोज इंगला, हिमांशु दुबे, राजू मुछाला, श्याम ठाकुर, निलेश मालाकार, अमरदीप खनूजा, ओम वर्मा शहीद नगर मंडल कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी मौजूद थे।

### शासकीय आईटीआई पाटी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन करें

**बड़वानी ।** शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। सभी 8वीं व 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी पात्रता अनुसार विभिन्न ट्रेडों में अपने नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्प डेस्क या कियोस्क सेंटर पर जाकर डीएसडी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में 20 सीटें, फिटर ट्रेड में 20 सीटें, मैकेनिक डीजल ट्रेड में 24 सीटें, कोपा ट्रेड में 48 सीटें, वेल्डर ट्रेड में 20 सीटें व सोलर टेक्निशियन में 20 सीटें हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्था के प्राचार्य डी.एस.सापल्या एवं प्रवेश प्रभारी पारस चौहान से संपर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो आज खण्डवा आएंगे

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो 5 जून को खण्डवा आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री कानूनगो 5 जून को सुबह 11.30 बजे हरदा से प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे जिले के ग्राम खालवा जाएंगे तथा दोपहर 3 बजे खालवा से रवाना होकर अपरान्ह 4.30बजे खण्डवा पहुंचेंगे।राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो खण्डवा के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपरान्ह 4.30 बजे आयोजित बैठक में मानवाधिकार से सम्बंधित मामलों की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में पुलिस, जिला पंचायत, नगर पालिक निगम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जिला उद्योग केन्द्र, जिला शिक्षा अधिकारी, मत्स्य विभाग, पशु चिकित्सा, सहकारिता विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, जेल अधीक्षक, आईटीआई, खेलकूद युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य श्री कानूनगो रात्रि 8.30 बजे खण्डवा से ओंकारेश्वर के लिए प्रस्थान करेंगे तथा ओंकारेश्वर में रात्रि विश्राम कर अगले दिन 6 जून को सुबह 11 बजे ओंकारेश्वर से उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ किया ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में बुधवार को पुरातत्व विभाग की टीम ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों का सर्वे किया गया। इस टीम ने मुख्य रूप से सेंधवा स्थित ऐतिहासिक किले, निवाली तहसील की ग्राम पंचायत वझर में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर एवं ग्राम फुलजवारी में स्थित प्राचीन शिव मंदिर का सर्वे किया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की प्राचीन, ऐतिहासिक और पुरातात्विक संपदा को सहेजना तथा उसके बेहतर रख-रखाव व संरक्षण के लिए एक ठोस आगामी रूपरेखा (रोडमैप) तैयार करना है। पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा किए गए सर्वे में विशेष रूप से किले में उगे पेड़ों की सफाई और मंडी परिसर की स्थिति पर गौर किया गया। किले के मूल स्वरूप को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए इसका रिस्टोरेशन (जीर्णोद्धार) कार्य बेहद आवश्यक पाया गया है। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किए गए इस व्यापक सर्वे के आधार पर जल्द ही एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। इसके पश्चात, पुरातत्व निदेशालय और जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार आगामी आवश्यक जीर्णोद्धार और संरक्षण संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने प्रभावित फसलों का अवलोकन किया

## संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार हर किसान के साथ खड़ी है

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



4 जून प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की पीड़ा समझने और राहत कार्यों की जमीनी स्थिति देखने जिले के प्रवास पर आए प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट गुरुवार को ग्राम खामनी और टेम्भी पहुंचे। उन्होंने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसान का अवलोकन किया और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों के बीच बैठकर सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के दुख-दर्द में सहभागी है और संकट के इस दौर में किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र अन्नदाता को नियमानुसार राहत और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

ग्राम टेम्भी में कृषक मधुकर पिता विश्वनाथ के खेत में केला फसल को हुए नुकसान का अवलोकन करते हुए सिलावट ने कहा कि बुरहानपुर जिला केला उत्पादन के लिए प्रदेश और देश में विशेष पहचान रखता है और च्च्एक जिला-एक उत्पादज्ज योजना के तहत केला जिले की प्रमुख फसल है। ऐसे में किसानों को हुए नुकसान के आंकलन और राहत वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

ग्राम खामनी और दरियापुर में आयोजित किसान चौपाल में सिलावट ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल क्षति का सर्वे किसानों की उपस्थिति में पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। तहसीलदारों, पटवारियों और सर्वे दलों को खेतों तक पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आंकलन करने को कहा। उन्होंने कहा कि सर्वे में उदासीनता या लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी।

सिलावट ने कलेक्टर हर्ष सिंह को आरबीसी 6-4 के तहत नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहत वितरण समयबद्ध, पारदर्शी और पात्रता आधारित हो, ताकि प्रभावित किसानों को शीघ्र लाभ मिले। जानकारी के अनुसार गत दिनों आई प्राकृतिक आपदा से जिले के करीब 169 गांवों के 4 हजार से अधिक किसान प्रभावित हुए हैं। प्रभावित क्षेत्र का अनुमानित रकबा 5473.38 हेक्टेयर है।

**अन्नदाताओं को दिया भरोसा**

सिलावट ने किसानों से कहा कि वे किसी प्रकार की चिंता न करें। प्रदेश सरकार हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी किसान को सर्वे या राहत संबंधी समस्या आए तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि जिले में हुई फसल क्षति के संबंध में मुख्यमंत्री मोहन यादव से चर्चा कर यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि किसानों को अधिकतम राहत मिले।

किसान संवाद के दौरान विधायक अर्चना चिटनिस ने सुझाव दिया कि सर्वे रिपोर्ट संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए, ताकि किसान अवगत हो सकें। यदि किसी को आपत्ति हो तो निष्पक्ष जांच कर अंतिम सूची फिर सार्वजनिक की जाए। नेपानगर विधायक मंजू दादू नेपानगर क्षेत्र की फसल क्षति की जानकारी सिलावट को दी।

बुरहानपुर प्रवास के दौरान सिलावट ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट मिनी बस का उपयोग कर आमजन से जुड़ाव और सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। निरीक्षण के दौरान जिला अध्यक्ष मनोज माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी और अन्य अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# आलोट की बेटी अदिति जांगलवा ने बीडीएस में 10 मेडल के साथ मिली डिग्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



नगर की होनहार बेटी अदिति जांगलवा ने चिकित्सा क्षेत्र में आलोट का नाम रोशन कर दिया है। अदिति को भोपाल के प्रतिष्ठित 'पीपुल्स कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एंड रिसर्च सेंटर' से बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (क्चष्ठस्) की डिग्री के साथ 10 मेडल से नवाजा गया है।

**एनडीसी सेक्रेटरी के हाथों मिला सम्मान**

भोपाल में आयोजित दीक्षांत समारोह में अदिति को यह उपाधि भारत सरकार के नेशनल डेंटल कमीशन के सचिव अरविंदम मोड़क के हाथों प्रदान की गई।

**6 विषयों में डिस्टिंक्शन, कॉलेज टॉपर**

अदिति ने 4 वर्षीय बीडीएस पाठ्यक्रम में अपनी कड़ी मेहनत और एकाग्रता से न सिर्फ टॉप किया, बल्कि जनरल सर्जरी, ओरल सर्जरी, प्रोस्थोडॉन्टिक्स, ऑर्थोडॉन्टिक्स, पेरियोडॉन्टिक्स और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री जैसे जटिल विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल की। इन्हीं विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें कुल 10 मेडल प्रदान किए गए।

अदिति की इस स्वर्णिम सफलता पर उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है। नगर के गणमान्य नागरिकों ने कहा कि अदिति की उपलब्धि आलोट के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए मिसाल है।

इससे साबित होता है कि छोटे कस्बों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा सकती हैं। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और कठिन परिश्रम को दिया है। भविष्य में वह रूष्ठस् कर ओरल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल करना चाहती हैं।

# उद्वहन सिंचाई परियोजना के निर्माण में अत्यधिक विलंब से किसानों में आक्रोश

## परियोजना के लाभ से वंचित 10 ग्रामों को भी जोड़ने की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वाह

आजादी के बाद से ही काटकूट क्षेत्र के 51 और सनावद तहसील के 16 ग्रामों को सिंचाई जल की बेसब्री से प्रतीक्षा है। किंतु बहुउद्देशीय सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना की कछुआ चाल से ग्रामवासियों में आक्रोश और गहरी निराशा व्याप्त है। वर्षों से जल के अभाव के जूझ रहे खरगोन जिले के 67 ग्राम आर्थिक विकास से भी वंचित हैं।ग्रामवासियों ने शासन और परियोजना निर्माण एजेंसी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से परियोजना के कार्य में गति लाने की पुरजोर मांग की है। ताकि परियोजना से लाभान्वित होने वाले ग्रामों में सिंचाई और पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान हो सके। परियोजना के कार्य में गति नहीं आने पर ग्रामवासी प्रचंड आंदोलन को विवश होंगे। ग्रामवासियों ने विधायक सचिन बिरला के समक्ष भी परियोजना के निर्माण कार्य में गति लाने की मांग रखी है।

ग्रामवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखा है और परियोजना निर्माण की समयसीमा तय करने की मांग की है।पत्र में कहा गया है कि नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत निमार्णाधीन महत्वाकांक्षी सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना पूर्ण होने पर खरगोन,देवास तथा अन्य जिलों के कुल 226 ग्रामों के किसानों का भाग्य बदल देगी। किंतु परियोजना का निर्माण अत्यंत धीमी गति से होने के कारण ग्रामवासियों में परियोजना निर्माण एजेंसी के प्रति आक्रोश और गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सांवेर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु मध्यप्रदेश सरकार ने 2788 करोड़ रु स्वीकृत किए हैं। इस परियोजना से काटकूट क्षेत्र के 51 ग्रामों की 9336 हेक्टेयर तथा सनावद तहसील की 3664 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।पत्र में कहा गया है कि 14 जनवरी 2022 को शासन ने परियोजना के निर्माण हेतु मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के साथ अनुबंध निष्पादित किया था।

# कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष से संचालित होगी आपात व्यवस्था

**खरगोन।** सचिव, गृह एवं समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल तथा राहत आयुक्त, मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निदेर्शों के परिप्रेक्ष्य में जिले में आपदा प्रबंधन की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किया गया है। प्राप्त निदेर्शों के अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर कार्यालय खरगोन के दूरभाष क्रमांक 97282-233601 को संयुक्त कलेक्टर कार्यालय खरगोन के सेकण्ड फ्लोर स्थित कमरा क्रमांक 208 में स्थानांतरित कर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में त्वरित समन्वय, सूचना संप्रेषण एवं निगरानी के उद्देश्य से 24,.7 निरंतर संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के प्रभावी संचालन के लिए श्री दीपक रावत, लोक सेवा प्रबंधक, जिला खरगोन (मोबाइल 7477217098) एवं श्री सुन्दरलाल ठाकुर, तहसीलदार, संसाधन भू-प्रबंधन, खरगोन (मोबाइल 81209-80813) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारी कंट्रोल रूम से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी रहेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारियों द्वारा शासन स्तर एवं जिला स्तर से आपदा प्रबंधन संबंधी प्राप्त सभी आवश्यक दिशा-निदेर्शों को वरिष्ठ अधिकारियों, जिला अधिकारियों तथा मैदानी स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तक समय पर पहुंचाया जाएगा। साथ ही अधीनस्थ स्तर से आवश्यक जानकारी एकत्र कर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# आगामी वर्षाकाल में बाढ़ व अतिवृष्टि से निपटने के लिए प्रशासन ने विभागों को दिए जरुरी दिशा-निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

आगामी मानसून और वषार्काल के दौरान अतिवृष्टि एवं बाढ़ जैसी संभावित आपदाओं से निपटने के लिए बड़वानी जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी संबंधित विभागों, अनुविभागीय अधिकारियों और तहसीलदारों को पुख्ता प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों को ऐसी बसाहटें जो नदी नालों से प्रभावित होती हैं उनका चिह्नांकरण करना है, अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़ राहत कंट्रोल रूम स्थापित करना, नदी नालों की बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों में मांगलिक, सामुदायिक, शासकीय भवन एवं उन भवनों के प्रभारियों के नाम एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्व से चिन्हित कर लिए जाएं।

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण जो नदी-नालो, वर्षा जलों के कारण बाधित होते हैं वे अतिक्रमण तत्काल हटाये जाकर नदी एवं नालो की पूर्ण सफाई की जाए।

सड़कों और आवागमन को सुरक्षित रखने के लिए लोक निर्माण विभाग, एमपीआरडीसी और पीएमजीएसवाई को जिले के सभी मार्गों पर स्थित पुल-पुलियाओं का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।जलमग्न या खतरनाक पुल-पुलियाओं पर रेलिंग, बैरिकेड्स और चेतावनी बोर्ड लगाने के साथ-साथ सड़कों के गड्ढों का तत्काल संधारण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बारिश के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो।

वहीं, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को नर्मदा नदी के बैक वाटर और ऊपरी स्तर के बांधों से समय-समय पर छोड़े जाने वाले पानी पर निरंतर नजर बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है। लोअर गोई परियोजना के तहत निर्मित बांध के जलस्तर की सतत मॉनिटरिंग के लिए विशेष दल गठित किया जाएगा, और पानी छोड़ने की स्थिति में ग्रामीण नोडल अधिकारियों के माध्यम से तत्काल अलर्ट जारी किया जाएगा।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 15 जून से पूर्व प्रत्येक आरोग्य केंद्र और आशा कार्यकर्ताओं के पास जीवन रक्षक दवाओं, ओआरएस, जिंक और सर्पदंश के उपचार की दवाओं का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित करें। इसी तरह, पशु चिकित्सा विभाग को भी वर्षाजनित रोगों की रोकथाम हेतु टीकों और दवाओं का भंडारण करने तथा आवारा पशुओं के रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को नालों की शत-प्रतिशत सफाई सुनिश्चित करने, के निर्देश दिये।

# ग्राम सगोदा राजपुर में सहायक कलेक्टर ने टीम ने किया फील्ड विजिट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं धरातलीय निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में कल 2 जून को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में ग्राम सगोदा (तहसील अंजड़) निवासी कृषक श्री नानुराम पिता गेंदालाल यादव द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर प्रशासन द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके की जांच कर प्रभावी कार्यवाही की गई है।

शिकायतकर्ता ने खेत के मध्य से गुजरने वाली माइनर नहर की साफ-सफाई न होने, पानी के रिसाव से फसल प्रभावित होने तथा आवागमन हेतु पक्का रास्ता न होने की समस्या हेतु आवेदन दिया था।

कलेक्टर श्रीमती सिंह के त्वरित आदेश पर सहायक कलेक्टर श्री माधव अग्रवाल, विभाग के मैदानी अधिकारियों एवं तकनीकी टीम द्वारा आज सुबह ही शिकायतकर्ता के खेत पर पहुँचकर विस्तृत फील्ड विजिट किया गया। मौके पर एनवीडीए विभाग द्वारा माइनर नहर की साफ-सफाई का कार्य प्रगति पर पाया गया, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में मौके पर किसी भी प्रकार का जल रिसाव नहीं पाया गया है। जल स्तर बढ़ने की स्थिति में रिसाव को रोकने हेतु संबंधित चौकीदार को गेट्स का उचित प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्तमान में कृषक की सुविधा के लिए एक वैकल्पिक कच्चा रास्ता दिया गया है। कृषक की पक्के रास्ते की मांग पर अवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया है।

# रोजगार मेले में 265 आवेदकों का चयन हुआ

**खण्डवा।** शासकीय आई टी आई खण्डवा में गुरुवार को च्च्युवा संगमज्ज रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि इस मेले में 6 कम्पनियों ने भाग लिया और कुल 265 आवेदकों का चयन कर उनको ऑफर लेटर प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि इस मेले के लिए कुल 345 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया था। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 40 आवेदकों का अप्रेंटिसशिप के लिए भी चयन किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 22 युवक युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# कलेक्टर ने की राजस्व एवं विकास कार्यों की सघन समीक्षा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समय सीमा एव अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, सहायक कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

.बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व विभाग के तहत स्वामित्व, सीमांकन,रास्ता विवाद,फार्मर रजिस्ट्री और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए कलेक्टर ने खाद वितरण की समीक्षा की। उन्होंने वरला, पाटी और पलसूद में 3 नवीन केंद्र खोलने हेतु तत्काल प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही, किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के लिए नगर विक्रय केंद्र शुरू करने हेतु निर्देशित किया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीबी स्क्रीनिंग और उपचार को लेकर कड़े निर्देश दिए कि क्लिनिकल ट्रेनिंग के मापदंडों के अनुसार ही फील्ड पर कार्य किया जाए। सभी संदिग्ध मरीजों का 100 प्रतिशत कंफर्मेटरी टेस्ट अनिवार्य रूप से करवाया जाए। समग्र पोर्टल से डेटा एंट्री सुनिश्चित की जाए मरीजों का निक्षय आईडी बनाई जाए। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित समीक्षा करें। कलेक्टर ने जोर देकर कहा कि सभी अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए कार्य करें।

.शत-प्रतिशत नामांकन और शाला भवनों का जीर्णोद्धार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के मद्देनजर समस्त बीआरसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे बच्चों का 100 प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्रियाशील पंचायत एवं शाला भवन अंतर्गत नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले पीआईयू, एसएमसी और ग्राम पंचायत शाला भवनों के मरम्मत कार्य पूर्ण करें।

## रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से नौकरी के अवसर

**उज्जैन।** बड़ी डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के लिए भटक रहे युवाओं के लिए सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय की समाजशास्त्र अध्ययनशाला ने नई शिक्षा नीति के तहत तीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, जिन्हें पूरा करने के बाद सीधे नौकरी के अवसर मिलने का दावा किया

# 14 जून को किया जाएगा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए सबसे बड़े ऑनलाइन योग सत्र का आयोजन

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की तैयारियों के तहत मंत्रालय आयुष, भारत सरकार आगामी 14 जून को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का ऐतिहासिक प्रयास कर रहा है। यह सबसे बड़ा ऑनलाइन योग सत्र (रुड्डह्ल्द्दद्गह्यह्ल ह्लठ्ठद्यद्बठ्ठद्ग ड्डशद्दड्ड स्द्गह्यह्यद्बशठ्ठ) का रिकॉर्ड होगा, जिसमें देश-विदेश के लाखों योग प्रेमी एक साथ भाग लेंगे। इस सत्र का समय सुबह 6.15 बजे से 7,35 बजे तक निर्धारित है। इसका मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से विश्व को एकजुट करना, स्वास्थ्य, सद्भाव और समग्र कल्याण को बढ़ावा देना है। इस विश्व रिकॉर्ड प्रयास से योग को जन-जन तक पहुंचाने और आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों के समाधान के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है।इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं। मिस्ड कॉल देने के बाद पर सत्र का लिंक भेजा जाएगा। कोई भी व्यक्ति, संस्थान या योग संस्था इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकता है। मंत्रालय आयुष के संयुक्त सचिव श्रीमती मोनालिसा दास ने सभी नागरिकों, योग संस्थाओं, शिक्षा संस्थानों, कॉर्पोरेट्स और से अपील की है कि वे बड़े पैमाने पर भाग लेकर इस विश्व रिकॉर्ड को सफल बनाएं।यह आयोजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'योग फॉर वन एंड ऑल' के विजन को आगे बढ़ाते हुए विश्व स्तर पर योग की लोकप्रियता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### सौ साल पुरानी बावडी से मिली ग्रामीण की लाश

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ग्राम खरसौदकला में सौ साल पुरानी बावडी से ग्रामीण की लाश मिलना सामने आया है। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि गुरूवार सुबह कुछ लोगों ने बावडी में लाश होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंच लाश का बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान देवीलल पिता गणपत बागरी 48 साल खरसौदकला के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि देवीलाल शराब पीने का आदी था और गांव में घूमता रहता था। रात में कई बार बावडी के पास मंदिर के ओटले पर सो जाता था। थाना प्रभारी के अनुसार कुछ दिन पहले शराब के नशे में सडक पर पडा भी मिला था, जिसे डायल 112 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया था। संभावना है कि नशे की हालत में ही वह बावडी में गिरा है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

### परिजनों ने दरवाजा तोडा तो मृत अवस्था में पडा मिला युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम दंगवाडा में रहने वाले जितेन्द्र पिता हरिओम पांचाल 38 साल को गुरूवार दोपहर परिजन चरक अस्पताल लेकर आये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध होने पर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के भतीजे राजेश पांचाल ने बताया कि चाचा जितेन्द्र एमपीईबी में काम करते थे। नाइट ड्युटी के बाद दिन में सोते थे। बुधवार रात भी ड्युटी के बाद सुबह घर आकर सो गये थे। दोपहर तक नींद से नहीं जागे तो परिजन उन्हे उठाने के लिये पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था, काफी देर तक नहीं खुलने पर पत्नी ने परिजनों को बुलाया। दरवाजा तोडने पर मृत अवस्था में पडे मिले। कोतवाली चौकी पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण सामने आ पायेगा। मर्ग डायरी जांच के लिये इंगोरिया थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

### कारों की टक्कर के बाद मामला मारपीट में बदला

**उज्जैन।** इंदौररोड पर पंथपिपलाई के पास वाहनों की कतार में आगे चल रही कार के ब्रेक लगाते ही पीछे आ रही कार टकरा गई। 2 कारों में हुई टक्कर के बाद मामला मारपीट में बदल गया। पीछे कार में सवार शहनवाज पिता शेख इलियास के साथ चार युवकों ने बुरी तरह मारपीट की। शहनवाज को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के अनुसार वह अपनी कार से इंदौर जा रहा था। मार्ग पर यातायात का काफी दबाव था, वाहन धीरे चल रहे थे, उसी दौरान सामने वाली कार के चालक ने ब्रेक लगा दिया। पीछे से उसकी कार टकराई थी। इसी बात पर मारपीट की गई है। वह मारपीट करने वालों को पहचानता नहीं है। मामले में नानाखेडा थाना पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### ड्रायवरी करने से मना करने पर परिवार से मारपीट

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम चिकली कढाई से दीपक पिता बाबूलाल और उसकी मां निशा को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल निशा ने बताया कि उसका पुत्र दीपक ड्रायवरी करता है। गांव में रहने वाले गोपाल पिता प्रेमसिंह के पास 3-4 ट्रेक्टर है। वह काफी समय से दीपक को उसके यहां ड्रायवरी करने के लिये कह रहा था। दीपक ने मना कर दिया था। रात में गोपाल नशा कर आया और ड्रायवरी नहीं करने की बात पर विवाद करते हुए मारपीट करने लगा। बीच-बचाव में वह और पति आये तो सभी के साथ मारपीट कर भाग निकला। इंगोरिया पुलिस को मामले की शिकायत की गई है।

### आदेश का उल्लंघन करते मिला जिलाबदर बदमाश

**उज्जैन।** महानंदानगर में रहने वाले बदमाश हर्षद उर्फ बंटी पिता दिनेश कल्याणी को अपराधिक गतिविधियों के चलते 16 दिसंबर 2025 को जिलाधीश के आदेश पर पुलिस ने उज्जैन जिला और समीवर्ती क्षेत्र से 6 माह के लिये जिलाबदर कर दिया था। बुधवार-गुरूवार रात बदमाश आदेश का उल्लंघन कर शहर में कोठी लाइन के पास घूम रहा था। मामले की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने बदमाश को पकडा और माधवनगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया। माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक आशुतोष नागर ने बताया कि बदमाश हर्षद के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में कार्रवाई कर जेल भेजा गया है।

### मकान बनाने की बात पर 2 भाईयों के परिवार में विवाद

**उज्जैन।** बडनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरेड में रहने वाले ऊंकारलाल चौधरी 42 साल और उसके बड़े भाई भगवानसिंह चौधरी 60 साल के बीच प्लाट पर मकान बनाने की बात पर विवाद हो गया। दोनों की बीच विवाद इतना बड़ गया कि दोनों का परिवार भी आमने-सामने हो गया। मारपीट में दोनों परिवार के लोग घायल हो गये। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 800-8 | 247-3 |
| मेन बाजार | 778-2 | 124-7 |
| कल्याण नाइट | 133-7 | 679-2 |
| मिलन डे | 440-8 | 148-3 |
| मिलन नाइट | 580-3 | 245-1 |
| मधुर डे | 113-5 | 235-0 |
| मधुर नाइट | 136-0 | 477-8 |
| शुभांक | 4 6 | 8 |

एसपी ने किया देहात के पांच थानों का निरीक्षण...

# नागदा थाना पुलिस की प्रशंसा, महिदपुर थाना आरक्षक को इनाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानून व्यवस्था को बनाये रखने और अपराधियों पर सख्त एक्शन लेने वाले एसपी प्रदीप शर्मा गुरूवार को देहात के थानों का निरीक्षण करने निकले। इस दौरान नागदा थाना पुलिस की प्रशंसा की गई। महिदुपर थाना आरक्षक को सायबर पोर्टल पर बेहतरी से काम करने के एवज में पुरूस्कृत किया। एसपी लगातार शहर से लेकर देहात के थानों पर औचक निरीक्षण के लिये पहुंच रहे है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह जिले में पुलिस कप्तान (एसपी) की कमान संभाल रहे प्रदीप शर्मा कानून व्यवस्था के साथ गुंडे-बदमाशों पर सख्त एक्शन ले रहे है, वहीं जिले के थानों में पुलिसबल की कार्यशैली का भी लगातार अवलोकन कर रहे है। इसी क्रम में गुरूवार सुबह देहात थाना पुलिस की कार्यशैली को परखने के लिये निकले। उन्होने राघवी, महिदपुर, नागदा, खाचरौद और भाटपचलाना का निरीक्षण किया। नागदा पुलिस की कार्यशैली को देख उन्होने



थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी और थाना स्टॉफ की प्रशंसा की। नागदा थाना पुलिस ने नगर पालिका के साथ मिलकर पूरे शहर में 200 से अधिक कैमरे लगवाये है। जिसका एक कंट्रोलरूम भी तैयार किया है, कैमरों के माध्यम से पूरे शहर में पुलिस द्वारा नजर रख यातायात व्यवस्था से लेकर हर गतिविधियों पर नजर रखे हुये है।

एसपी ने थाना प्रभारी को प्रशंसा पत्र सौंपा। महिदपुर थाने का निरीक्षण करने के दौरान उन्होने सायबर पोर्टल पर बेहतर काम करने वाले आरक्षक समरथ पाटीदार को पुरूस्कृत किया। थाना भवन में चल रहे निर्माण कार्य को लेकर थाना प्रभारी की प्रशंसा की और क्षेत्र में आमजन के साथ समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिये। राघवी, भाटपचलाना, खचरौद थाना पुलिस को कानून व्यवस्था को बनाये रखने और आमजन की बेहरत संवाद के साथ शिकायतों पर गंभीरता से लेकर जल्द निराकरण के निर्देश दिये।

इस दौरान भाटपचलाना क्षेत्र में मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता में एसपी ने बल्ला थामा और प्रतियोगिता में सहभागिता की।

### 150 लोगों को लौटायेंगे धोखाधडी की राशि

एसपी शर्मा ने चर्चा के दौरान बताया कि जिले में लोगों के साथ होने वाले ऑनलाइन फ्रॉड को लेकर भी पुलिस द्वारा अच्छा काम किया गया है। पिछले कुछ महिनों में शिकायत दर्ज कराने वाले करीब 150 लोगों की लाखों की राशि को बैंक के समन्वय से होल्ड कराया गया था। जिसे 5 से 7 दिन में उनके खातों में ट्रांसफर कराने का काम पूरा कर लिया जायेगा। उन्होने जिले में काम कर रहे पुलिसकर्मियों की कार्यशैली को सराहा है।

### ग्रामीण थाना पुलिस को मिलेगा बल

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि देहात थाना निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की कमी को दूर करने के लिये नई भर्ती में मिले 175 पुलिसकर्मियों की नियुक्त अब देहात थानों पर शीघ्र की जायेगी। नागदा थाना पुलिस को 10 जवान, महिदपुर को 10, महिदुपर रोड को 5, खाचरौद को 5 और अन्य थानों पर पुलिसकर्मियों की कमी को पूरा किया जायेगा।

## इंदौर-उज्जैन हाईवे की होटल में आबकारी की दबिश

### 13 पेटी शराब जप्त, गिरफ्तार संचालक को भेजा जेल



**उज्जैन।** इंदौर-उज्जैन हाईवे की होटल में शराब परोसे और बेचने का मामला सामने आने पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश मारी। विदेशी शराब के साथ बीयर की पेटियां मिलने पर संचालक को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंधा ने बताया कि इंदौर-उज्जैन हाईवे पर होटल राजसागर में अवैध रूप से शराब संग्रहित कर विक्रय करने की सूचना मिलने पर बुधवार-गुरूवार आबकारी आयुक्त निधी जैन के नेतृत्व में दबिश दी गई। तलाशी के दौरान होटल परिसर से बीयर की 12 पेटी (156 बोतलें) और एक विदेशी मदिरा (व्हिस्की) की पेटी बरामद हो गई। होटल से बरामद शराब की मात्रा 106.8 बल्क लीटर थी, जिसकी कीमत हजारों में पाई गई, मौके से होटल संचालक अतुल पिता राजकुमार मेघवंशी को गिरफ्तार किया गया। जिसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क) और 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरूवार को आरोपित को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। दबिश की कार्रवाई में उपनिरीक्षक प्रतिक गुप्ता, सहायक जिला आबकारी अधिकारी विजय मेडा, आरक्षक महेश कछवाए,जगदीश रेशमिया, रोहित लोहारिया, शिवानी जारवाल और निशा अमलावतिया शामिल थे।

## ट्रेन से टकराने पर 2 साल के मासूम की मौत

**उज्जैन।** मक्सीरोड पर गुरूवार सुबह ट्रेन से टकराने पर 2 साल का मासूम घायल हो गया। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन कुछ देर बाद मासूम की मौत हो गई। हादसा खेलते समय होना सामने आया है।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि मक्सीरोड उद्योगपुरी में प्रयागराज स्थित प्रतापग? के ग्राम बलीपुर मोहदीनगर का रहने वाला परिवार प्लास्टिक की दाना बनाने वाले फैक्ट्री में सालभर से काम कर रहा है। परिवार का 2 वर्षीय मासूम सुरज पिता सुखलेश पटेल सुबह खेलते समय अन्य बच्चों के साथ उद्योगपुरी क्षेत्र के पास से गुजर रही रेलवे पटरियों के पास चला गया था। उसी दौरान ट्रेन आने पर मासूम टकरा गया। उसके सिर और चेहरे के साथ पैर में गंभीर चोंट लगी थी। बच्चों की सूचना पर परिजन घायल सुरज को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां 3 घंटे बाद उसकी मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मासूम बालक के पिता सुखलेश ने बताया कि उसके 3 बच्चे है, सूरज सबसे छोटा था। पुत्र की मौत से पिता और मां काफी गमगीन थे, उनका कहना था कि हमारा यहां कोई नहीं है। मृतक पुत्र को प्रयागराज तक ले जाने का खर्च भी अधिक आ रहा है। इस बीच फैक्ट्री मालिक ने मदद करते हुए सहायता की बात कहीं। माता-पिता मासूम पुत्र का अंतिम संस्कार उज्जैन में कराने के लिये राजी हो गये थे।

**जहरीला पदार्थ खाने वाले मैकेनिक की मौत**-पंवासा थाना क्षेत्र गरोठ ब्रिज के पास बुधवार को जहरीला पदार्थ खाने से बेसुध हालत में राहुल पिता भैरूलाल चौहान 33 साल निवासी ग्राम रणवा इंगोरिया प?ा मिला था। 108 एम्बुलेंस ने उसे चरक अस्तपाल में भर्ती कराया था। जिसे गुरूवार दोपहर को मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि राहुल उज्जैन के नानाखे?ा क्षेत्र में मैकेनिक का काम करता था और यहीं रहता था। परिजनों ने यह भी बताया कि राहुल ने संभवत~ पत्नी से विवाद के बाद मौत को गले लगया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर जांच कर रही है।

### होटल में युवती के साथ ठहरा था मुस्लिम युवक

**उज्जैन।** होटल में युवती के साथ ठहरे संदिग्ध युवक की खबर सजग लोगों से मिलने पर पुलिस पहुंची और युवक को हिरासत में लिया गया। युवक की होटल के रजिस्ट्रर में इंट्री नहीं थी, ना ही होटल संचालक ने उसका आईडी लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। खाराकुआ थाना क्षेत्र की होटल श्री गोपाला हेरिटेज में एक संदिग्ध युवक के युवती के साथ रूके होने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। होटल से युवक को हिरासत में लिया गया। जिसके साथ युवती भी थी। पुलिस ने होटल संचालक से जानकारी ली तो सामने आया कि उसने ना तो युवक की आईडी ली थी और ना ही रजिस्ट्रर में इंट्री की है। युवक से पूछताछ करने पर उसका नाम मोहम्मद अनीस निवासी रायगढ़ छत्तीसगढ़ होना सामने आया। युवती भी छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। थाना प्रभारी लक्ष्मणसिंह देवड़ा ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। परिजनों को अवगत कराया गया है। इधर जानकारी यह भी सामने आई कि युवक-युवती अपने अन्य साथियों को साथ उज्जैन घूमने आये हुए है। उनके साथ धार्मिक नगरी के भ्रमण पर गये थे। जिसमें कुछ नाबालिग भी शामिल है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### भाई नहीं हुआ तो अस्पताल से हुई लापता युवती

**उज्जैन।** शिंदे नर्सिंग होम से बुधवार दोपहर लापता हुई युवती को गुरूवार सुबह पुलिस ने इंदौर से दस्तयाब कर लिया। पूछताछ करने पर युवती ने बताया कि भाई नहीं हुआ तो वह मामा के घर चली गई थी।

बताया जा रहा है कि देवासरोड स्थित प्रेमरतन कालोनी में रहने वाली महिला को डिलेवरी के लिये परिजनों ने शिंदे नर्सिंग होम में भर्ती किया था। बुधवार दोपहर को महिला ने बेटी को जन्म दिया। इसी बीच दोपहर 3 बजे के लगभग महिला की बड़ी बेटी जो लगभग 18 साल के करीब थी, लापता हो गई। परिजनों को कुछ घंटे बाद बेटी के लापता होने का पता चला तो उन्होने तलाश शुरू की, नहीं मिलने पर रात 10 बजे नीलगंगा थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रात में ही कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। गुरूवार सुबह पता चला कि उक्त लापता युवती इंदौर गई है। फुटेज के आधार पर नीलगंगा थाना पुलिस की एक टीम इंदौर पहुंची, परिजनों से इंदौर में रहने वाले रिश्तेदारों की जानकारी ली गई। तभी सामने आया कि युवती के मामा इंदौर में रहते है। पुलिस ने मामा से संपर्क किया तो पता चला कि युवती आई हुई है। पुलिस ने उसे दस्तयाब किया और उज्जैन लाकर परिजनों के सुपुर्द किया। इस दौरान सामने आया कि भाई नहीं होने और दूसरी बहन आने पर वह नाराज होकर मामा के घर चली गई थी।

### मिला जीत का मूलमंत्र

**उज्जैन।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन को जमीनी और बूथ स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से गुरुवार को एक निजी रिसॉर्ट में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत हुई। संगठन सृजन अभियान के इस द्वितीय चरण में जिले के 275 मंडलम और ब्लॉक अध्यक्षों को पार्टी की रीति-नीति और आगामी रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में अनुशासन पर विशेष जोर दिया गया। यहां मीडिया का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहा और सत्रों के दौरान सभी पदाधिकारियों के मोबाइल फोन बंद करा दिए गए।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा राखी मिश्रा पिता श्री रामरतनजी मिश्रा, निवासी-17, ए.के. बिल्डिंग के पीछे फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. के द्वारा 1. शरदचन्द्र शर्मा पिता सुधीर कुमार शर्मा, 2. श्रीमती सोनिया शर्मा पति श्री शरदचन्द्र शर्मा, निवासीगण-226/1, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान क्रं. 226/1, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 550 वर्गफीट है, को क्रय करने का सौदा मेरी पक्षकारा के द्वारा किया जाकर सौदा चिट्ठी का संपादन करवाया जा चुका है अब उक्त मकान का अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना जाना शेष है। यदि उक्त मकान पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी व्यक्तिगत ऋ ण या साहूकारी ऋण हो या उक्त मकान को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त मकान पर किसी का कब्जा हो या उक्त मकान के संबंध में कोई न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में. उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरी पक्षकारा के द्वारा स्वयं के हित में उक्त मकान का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन करवा लिया जावेगा और किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 04/06/2026

**नवीन मिश्रा, एडवोकेट**
**कार्यालय-17, ए.के.बिल्डिंग के पीछे, फ्रीगंज, उज्जैन**
**( म.प्र. )मो.9826049739**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधुलता पति बसंतकुमार सक्सेना निवासी 43 एफ ऋ षिनगर उज्जैन ने अमन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या0 मिर्जा नईम बेग मार्ग उज्जैन से भूखण्ड क्रमांक 106 स्थित अमरीश नगर लालपुर उज्जैन जिसका क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर का है को पंजीकृत विक्रय पत्र तारीखी 22-6-1992 क्रमांक 1111 द्वारा कय किया है। श्रीमती मधुलता पति बसंतकुमारजी सक्सेना का दिनांक 11-11-2025 को स्वर्गवास हो गया है उनके पति बसंतकुमार का दिनांक 1-7-2015 को स्वर्गवास हो गया है। उक्त भूखण्ड की चर्तु:सीमा में संशोधन होने से श्रीमती मधुलता के वारिसान पुत्र 1-विनीत सक्सेना पिता बसंतकुमार सेक्सना निवासी बी-1410 एलाईट अपेक्स महालक्ष्मीनगर इन्दौर व 2-पुत्री श्रीमती नीति पंवार पति उदयसिंहजी निवासी 99 एमबी नगर रेल्वेनगर रतलाम ने संशोधन हेतु आवेदन दिया है तथा भूखण्ड की चर्तु:सीमा में संशोधन चाहा है इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधुलता सक्सेना के वारिसान 1-विनीत सक्सेना पुत्र 2-श्रीमती नीति पंवार पुत्री के अलावा श्रीमती मधुलता सक्सेना के और कोई वारिस हो या उपरोक्त भूखण्ड कमांक 106 स्थित अमरीश नगर लालपुर उज्जैन की चर्तु:सीमा में संशोधन करने में किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अवधि व्यतीत होने के पश्चात संस्था द्वारा भूखण्ड क्रमांक 106 अमरीशनगर लालपुर उज्जैन की चर्तु:सीमा में उपरोक्त वारिसान के पक्ष में संशोधन कर दिया जावेगा उसके पश्चात वारिसान संबंधी या अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति भविष्य में मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 4/6/2026 स्थान उज्जैन

**अमन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन द्वारा अध्यक्ष अख्तर बेग पिता स्व. अनवर बेग कार्यालय 28, मिर्जा नईम बेग मार्ग, उज्जैन ( म.प्र. ) द्वारा अभिभाषक**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार भूखण्ड स्वामी श्रीमती नीता उर्फ नीतू कट्टा पति श्री राजेश कट्टा निवासी 59 उर्दुपुरा, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 22 ए (सेक्टर ए) स्थित श्री गणेश नगर कॉलेनी नागझिरी देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-139.29 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-04.06.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**संपर्क-98272-64140**

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रदीप सिंह बग्गा के दोनो पुत्रों हरजोत सिंह बग्गा एवं रवजोत सिंह बग्गा की 10 वीं, 12 वीं अंकसूची में त्रुटिवश पिता के नाम की जगह मेरा नाम प्रदीप बग्गा अंकित हो गया है जो कि गलत है मेरा सही एवं वर्तमान नाम प्रदीप सिंह बग्गा है जो मेरे सभी दस्तावेजों में भी अंकित है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/गैर शासकीय अभिलेखों में मुझे प्रदीप सिंह बग्गा के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।


**प्रदीप सिंह बग्गा**
**पिता स्व. श्री प्रीतम सिंह बग्गा**
**35, हरिओम विहार, उज्जैन (म.प्र.)**

### जाहिर - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार हरिचरण परमार पिता श्री करनसिंह परमार निवासी उज्जैन कृषक ग्राम बादका तहसील घटिटया जिला उज्जैन द्वारा, भूमि का सौदा कर लिा गया है। भूमि सर्वे नम्बर 304/1/1 रकबा 0.20 हैक्टर स्थित ग्राम बांदका तहसील घटिटया जिला उज्जैन के द्वारा दिनांक 03/06/2026 को कय की है। उक्त वर्णीत भूमि को अब मेरे पक्षकार द्वारा कय की जाकर विकेलापक्ष को बयाना राशि अदा करदी गई होकर, अनुबंध पत्र का संपादन करवा लिया गया होकर, विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार क्रेतापक्ष के नाम करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति.... संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझ से मेरे कार्यालय के समय मे आकर सम्पर्क करें, एंव अपना दावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अविध मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केतापक्षकार द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित. हो। इति दिनाक 03-06-2026

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाईडर**
**तहसील परिसर घटिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 8719997462**

## भक्ति और ज्ञान



भावनाओं के साथ एक जबरदस्त तीव्रता होती है। आम तौर पर ज्यादातर लोगों में भावना विचार से ज्यादा तीव्र होती है। इसीलिए भक्ति का गुणगान किया गया है और किसी दूसरे मार्ग की अपेक्षा उसकी चर्चा ज्यादा होती है, क्योंकि ज्यादातर लोगों में प्रबल पक्ष होता है भावना का। उनके विचार या काम से भी ज्यादा मजबूत। मगर भावना की भी अपनी सीमा होती है। बिना ज्ञान, बिना सही तरह की समझ के, बिना अपनी अक्ल को खोले, बस भावना के मार्ग पर चलते जाने से मतिभ्रम जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। यह बहुत सुंदर, सुखद, परमानंद जैसी लग सकती है, पर इसमें एक निष्क्रियता आ सकती है। दूसरी तरफ, बिना भक्ति के स्पर्श के आपका ज्ञान अक्सर बाल की खाल निकालना बन जाता है। कई लोग मानते हैं कि भक्ति में तर्क के लिए कोई जगह नहीं होती। तर्क असल में एक काटने का साधन है। अगर आप किसी चीज पर गौर करना चाहते हैं, तो आप अपने तर्क से इसे काट सकते हैं। अगर आपका तर्क कुल्हाड़ी की तरह है, और अगर आप कुछ काटते हैं, तो वह दो टुकड़े होकर गिर जाएगा। अगर आपके तर्क का चाकू बहुत पैनी धार का है, तो आप उसे पूरा काट सकते हैं, और फिर भी वह एक साथ बना रह सकता है। तलवारबाजी की कहानियां हमेशा यह बताती हैं कि कैसे एक कुशल तलवारबाज जब अपनी तलवार से किसी पेड़ को काटे, तो उस पेड़ को काटे जाने का पता भी नहीं चलना चाहिए; उसे फिर भी सीधा खड़ा रहना चाहिए। अगर आपका तर्क इतना पैना हो जाता है, तब आप देखेंगे कि आपके दिमाग के तार्किक दायरे में भक्ति बिल्कुल फिट बैठती है। सच्चा ज्ञान और सच्ची भक्ति बिल्कुल भी अलग नहीं हैं। एक भक्त उन चीजों को जानता है, जो आप सोच भी नहीं सकते। वह ऐसी चीजों को पकड़ सकता है, जिन्हें समझने के लिए आपको संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि उसके भीतर खुद के बारे में कुछ भरा नहीं होता है। आप जब खुद से लबालब भरे होते हैं, तो किसी उच्च संभावना के होने की जगह नहीं बचती। आप कुछ ऐसी चीजें कर सकते हैं, जिनसे आप भक्ति तक पहुंच जाएं, लेकिन आप इसका अभ्यास नहीं कर सकते। एक आसान चीज आप यह कर सकते हैं कि इस सृष्टि में हर चीज को खुद से ऊंचा मान लें। सितारे तो ऊपर हैं ही, लेकिन सड़क पर पड़े छोटे से छोटे कंकड़ को भी खुद से ऊंचा मानने की कोशिश करें। (वैसे भी वह आपसे ज्यादा स्थायी, ज्यादा स्थिर है। यह हमेशा के लिए एक जगह पर बैठा रह सकता है!) अगर आप अपने आस-पास की हर चीज को खुद से ऊंचा देखना सीख जाते हैं, तो आप स्वाभाविक रूप से भक्त बन जाएंगे।

**सम्पादकीय**

## एक और अग्निकांड

दिल्ली में एक बार फिर आगजनी की घटना ने नगर-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। आंशिक रूप से अवैध एक होटल में बुधवार सुबह लगी आग के चलते दोपहर ढलने तक 20 से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए। बताया जा रहा है, इस होटल को केवल छह कमरे की इजाजत थी, लेकिन वहां 25 कमरे बन गए थे। आग के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चला है, लेकिन जांच में दूध का दूध और पानी का पानी होना जरूरी है। दिल्ली पुलिस ने होटल में लगी आग की त्रासदी के लिए गैर-इरादतन हत्या के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। यहां एक बार जरूर सोचना चाहिए कि जब नियम तोड़कर होटल चलाया जा रहा था, तब इस हादसे को इरादतन हत्या क्यों न माना जाए? जो लोग सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं, बल्कि खिलवाड़ करते हैं, उन्हें अच्छे से पता होता है कि खतरा कितना बड़ा है। कम जगह में ज्यादा कमाई के लोभ में इंसानी जिंदगी से समझौता क्या गैर-इरादतन हत्या है? जरा सोचिए, उनके बारे में, जिनकी जान चली गई। पूछिए शोक संतप्त परिजनों से कि जांच और न्याय की दिशा क्या होनी चाहिए?

मालवीय नगर के इस होटल में परत-दर-परत कोताहियां खुल रही हैं? अब इतने लोगों की जान जाने के बाद यह केवल कोताही नहीं, जघन्य अपराध है। क्या होटल में केवल एक ही प्रवेश-निकास द्वार था? ऐसे सवाल बहुत गंभीर हो गए हैं। पांच मंजिला इमारत में विदेशी भी मारे गए हैं। इस घटना ने पूरी राजधानी को झकझोर दिया है और यहां भवन सुरक्षा पर फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा के बुनियादी मानकों की अनदेखी अक्सर भारी पड़ती है, लेकिन वास्तव में पूरी कड़ाई से कार्रवाई और सुधार न करने की वजह से आगजनी की घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। गर्मी के दिनों में वैसे भी आगजनी होती है और दमकल को कुछ मशक्कत के बाद आग पर काबू करने में कामयाबी भी मिल जाती है, लेकिन इस आगजनी में पीड़ित जन भाग नहीं पाए। अगर होटल से निकलना आसान रहता, तो इतनी मौतें न होतीं। अनेक होटलों में यह देखा जाता है कि मुनाफे के लिए सुरक्षा मानकों से तमाम मुमकिन समझौते किए जाते हैं। किसी भी भवन में एक से अधिक निकलने के मार्ग होने ही चाहिए। खासकर होटलों या विश्रामगृहों में तो दो से अधिक निकासी मार्ग जरूरी हैं। दिल्ली के इस होटल में अगर बाहर निकलने के एकाधिक मार्ग होते, तो मेहमानों की जान यूं न जाती।

### पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिए

# नीतियों से ज्यादा जरूरी है पर्यावरण हितैषी संस्कार और आचरण

आज पर्यावरणीय समस्याएँ केवल वैज्ञानिक विमर्श या अकादमिक चिंता का विषय नहीं रह गई हैं, बल्कि वे मानव सभ्यता के अस्तित्व, सार्वजनिक स्वास्थ्य और पृथ्वी के भविष्य के सामने खड़े सबसे गंभीर संकटों में से एक बन चुकी हैं। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वैश्विक तापमान, बढ़ता समुद्री जलस्तर, एंटार्कटिका में पिघलती बर्फ, घटती जैव विविधता, सूखते जलस्त्रोत, प्रदूषित होती वायु तथा घटती भूमि की उर्वरता आदि इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि मानव गतिविधियों के कारण प्रकृति का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। समय-समय पर आने वाली बाढ़, सूखा, जंगलों की आग, हीट वेव और अन्य प्राकृतिक आपदाएँ इस असंतुलन के बढ़ते दुष्परिणामों की ओर संकेत करती हैं।



डा मनमोहन प्रकाश (दैनिक अवन्तिका)

आधुनिक युद्धों, हथियारों की होड़ और अनियंत्रित औद्योगीकरण तथा मानव की विलासितापूर्ण उपभोगवादी संस्कृति ने पर्यावरणीय चुनौतियों को और अधिक जटिल बना दिया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि आज विश्व के राजनेता, वैज्ञानिक, नीति-निमार्ता और सामाजिक संस्थाएँ पर्यावरणीय संकटों के समाधान के लिए वैश्विक सम्मेलनों, समझौतों और विमर्शों में पहले से कहीं अधिक सक्रिय हैं। सरकारी घोषणाओं और नीतियों में भी पर्यावरण संरक्षण की चिंता स्पष्ट दिखाई देती है। इसके बावजूद धरातल पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। हाँ, इतना अवश्य हुआ है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा को स्थान मिला है तथा सड़क से लेकर संसद तक इस विषय पर चर्चा होने लगी है। लगभग सभी देश और संगठन इस बात से सहमत हैं कि पिछले कुछ दशकों में पर्यावरणीय समस्याएँ कम होने के बजाय और अधिक गंभीर हुई हैं तथा इसके लिए मानव की जीवनशैली और आचरण प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं।

वर्ष 1972 में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानव पर्यावरण सम्मेलन (स्टॉकहोम सम्मेलन) के बाद से विश्व समुदाय पर्यावरण संरक्षण के लिए लगातार संकल्प दोहराता आ रहा है। प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है, परन्तु विचारणीय विषय यह है कि शासन की नीतियों और आम नागरिकों के दैनिक आचरण में पर्यावरण-हितैषी चेतना अभी भी पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं देती।

वास्तविक समस्या जानकारी के अभाव की नहीं है। आज अधिकांश लोग जानते हैं कि पर्यावरण को कैसे नुकसान पहुंचता है,प्रदूषण कैसे फैलता है और उसे कम करने के लिए क्या उपाय आवश्यक हैं। समस्या ज्ञान और व्यवहार के बीच बढ़ती दूरी की है। उदाहरण के लिए, आज कोई भी व्यक्ति स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर प्रभावशाली भाषण दे सकता है, किन्तु व्यवहार में वही व्यक्ति सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग करता है, जल और ऊर्जा की अनावश्यक बर्बादी करता है तथा अपनी सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करता है। यही विरोधाभास पर्यावरणीय संकट को और गहरा कर रहा है। प्रकृति की रक्षा का प्रश्न अब केवल योजनाओं, बजटों और सरकारी फाइलों का विषय नहीं है; यह हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक चरित्र की परीक्षा भी है।

भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक विरासत में प्रकृति को कभी मात्र उपभोग की वस्तु नहीं माना गया। उसे जीवन, चेतना और सह-अस्तित्व का आधार समझा गया है। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त में कहा गया है कि माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः अर्थात पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। भारतीय चिंतन मानव को प्रकृति का स्वामी नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग मानता है। उपनिषदों में वर्णित पंचमहाभूत पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के संतुलन को सृष्टि की स्थिरता का आधार माना गया है।

भारतीय सनातन परंपरा में नदियों को माता, वृक्षों को पूजनीय तथा पर्वतों को श्रद्धा का विषय मानने के पीछे केवल धार्मिक भावना नहीं, बल्कि संरक्षण की एक सामाजिक व्यवस्था भी निहित रही है। जैन दर्शन की अहिंसा सूक्ष्मतम जीवों तक करुणा का विस्तार करती है। बौद्ध दर्शन का मध्यम मार्ग संयमित उपभोग और संतुलित जीवन का संदेश देता है। सिख परंपरा भी प्रकृति को ईश्वर की रचना और समस्त सृष्टि को एक परिवार के रूप में देखने की प्रेरणा देती है।

विडंबना यह है कि भारत की इतनी समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के बावजूद आज अनेक धार्मिक स्थलों, मेलों, यात्राओं और उत्सवों में प्लास्टिक, थर्माकोल, कचरा, रासायनिक रंगों तथा ध्वनि प्रदूषण का व्यापक उपयोग दिखाई देता है। जिन पर्वों और परंपराओं का उद्देश्य प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था, वे कई बार अनजाने में प्रदूषण का कारण बन जाते हैं।

यह स्थिति स्पष्ट करती है कि समस्या हमारी परंपराओं या धर्मग्रंथों में नहीं, बल्कि उनके अनुपालन में है। जब तक उपदेश हमारे व्यवहार का हिस्सा नहीं बनते, तब तक केवल मंत्रोच्चार और प्रवचन पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते।

अब केवल दिवस मनाने से काम नहीं चलेगा। समय आ गया है कि पर्यावरण संरक्षण को केवल सरकारी योजनाओं, वार्षिक बजटों, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की औपचारिक गतिविधियों अथवा फोटो-आधारित अभियानों तक सीमित न रखा जाए। इसे सामाजिक और नैतिक अनुशासन का हिस्सा बनाना होगा।

मेरा ऐसा मानना है कि वास्तविक परिवर्तन तब आएगा जब हम जल की प्रत्येक बूंद का महत्व समझेंगे, वृक्षारोपण के साथ वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन को भी प्राथमिकता देंगे, प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत विकसित करेंगे तथा उपयोग करो और फेको की संस्कृति के स्थान पर पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की जीवनशैली अपनाएँगे। इतना ही नहीं हमे विवाह और अन्य सामाजिक आयोजनों में भोजन तथा संसाधनों की अनावश्यक बबार्दी को रोकने के लिए भी सामाजिक स्तर पर अनुशासन विकसित करना होगा।

परिवर्तन की शुरूआत नेतृत्व स्तर से भी होनी चाहिए, क्योंकि समाज अक्सर अपने नेताओं और आदर्श व्यक्तियों का अनुसरण करता है। यदि राजनेता, नीति-निर्माता और जनप्रतिनिधि स्वयं संसाधनों के संयमित उपयोग और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत नहीं करेंगे, तो जनता से त्याग और अनुशासन की अपेक्षा करना कठिन होगा।

## इस रूट की सभी लाइनें व्यस्त हैं

शादी से पहले की बातचीत और चाय की पत्ती में एक समानता होती है। शुरूआत में दोनों खूब रंग देती हैं खुशबू ऐसी कि पूरा मोहल्ला जान जाए कि कुछ उबल रहा है। फिर धीरे धीरे समय बीतता है और वही चाय की पत्ती बर्तन के कोने में पड़ी सूखी घास जैसी लगने लगती है। हमारे बीच भी यही हुआ। शादी के फेरों के समय जिस इंसान ने सात जन्मों का वादा किया था उसने सात महीने में ही खुद को एक स्क्रीन के भीतर बंद कर लिया। अब वह घर आता है तो सोफे पर लेटकर बस अंगूठा चलाता रहता है। रील्स की वो पंद्रह सेकंड की दुनिया मेरे पूरे जीवन से ज्यादा कीमती हो गई है। उसकी उंगलियां स्क्रीन पर ऐसे फिसलती हैं जैसे कोई जादूगर ताश के पत्ते पलट रहा हो। मैं बगल में बैठी चाय का कप लिए ताकती रहती हूँ पर उसकी नजरें कभी नहीं भटकतीं। ऐसा लगता है कि मैं उस घर का कोई पुराना फर्नीचर हूँ जिस पर धूल जम चुकी है और जिसे हटाने की जहमत भी कोई नहीं उठाना चाहता।

एक दिन मैंने कहा सुनो मुझे कुछ बात करनी है। उसने बिना आंखें ऊपर किए कह दिया अभी बिजी हूँ यार बाद में देखेंगे यह बाद में कभी नहीं आता। मर्द जब व्यस्त होने का नाटक करता है तो वह असल में अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहा होता है। इस अकेलेपन के सन्नाटे को तोड़ने के लिए मैंने एक नया रास्ता निकाला। मैं अपने ही मोबाइल से अपने ही नंबर पर फोन लगा देती। जब उधर से आवाज आती कि आपके द्वारा डायल किया गया नंबर अभी व्यस्त है तो मेरे सीने में एक अजीब सा सुकून उतर आता। कम से कम कोई तो कह रहा था कि मैं व्यस्त हूँ। कोई तो था जो मेरी मौजूदगी को दर्ज कर रहा था भले ही वह एक कंप्यूटर की रिकॉर्डेड आवाज ही क्यों न हो। यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा वियोग था कि मुझे खुद को यह समझाने के लिए अपने ही नंबर का सहारा लेना पड़ता था कि दुनिया में मेरा भी एक वजूद है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 जून 2026 शुक्रवार
सूर्योदय - 05:45 सूर्यास्त 19:06
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 10:30 से 12:00 तक
तिथि - पंचमी 25:20 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - श्रवण दिन पूर्ण उपरांत श्रवण
योग - ब्रह्म 09:41 उपरांत ऐन्द्र
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मकर में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 18 तारिख

**मेष-** नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन-** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें।

**कर्क-** कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना।

**सिंह-** आज आपका स्वास्थ्य ठीक होगा। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या-** झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा।

**तुला-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है।

**वृश्चिक-** कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**धनु-** व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा।

**मकर-** दुःसमाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

**कुंभ-** आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन-** विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। आज अचानक अच्छा धन लाभ होगा।

**हास-परिहास**

## सप्ताह की खबरों पर व्यंग्यकार की चुटकी

अमेरिका-ईरान डील के करीब। नाकामी पर हमला ही विकल्प। ट्रंप।
मैं ही क्यों पहले झुकूँ, झुकिए पहले आप।
फंदे दोनों ने कसे, बस लेना है नाप॥

खजुराहो-पन्ना रेल लाइन...2478 करोड़ रु खर्च कर पहले जंगल उजाड़ा, अब उसी रूट को जोखिम भरा बता रहे, 54578 पेड़ काटे, मोड़ दिखा तो रूट बदला, अब 50,000 पेड़ और कटेंगे।



पंकज शर्मा (तरुण) (दैनिक अवन्तिका)

एक पेड़ जब भी कटे, रोपें पूरे चार।
वर्ना कर सकती यहाँ, कुदरत हाहाकार॥

'एक देश एक चुनाव' पर जेपीसी में दो चरणों वाले मॉडल पर मंथन...2029 से पहला चरण, 2034 तक पूरा चक्र।
केंद्र, राज्य के देश में, हों यदि साथ चुनाव।
समय बचे, ऊर्जा बचे, होंगे दूर अभाव॥

टीएमसी के तीन बड़े नेताओं ने पार्टी छोड़ी, 75% सांसद बीजेपी के संपर्क में, 80 में से 50 विधायक खुद को असली टीएमसी घोषित करने की तैयारी में। ममता का बीजेपी पर दल तोड़ने का आरोप। वरिष्ठ पत्रकार सुमन भट्टाचार्य के अनुसार बंगाल की जनता एक बार जिस दल को नकार दे, उसकी वापसी नहीं होती।
जिस दल को बंगाल में, जनता देत नकार।
उसका अगली बार फिर, होता नहीं उभार॥

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का सर्वाधिक छक्कों का रेकॉर्ड तोड़ा और सर्वाधिक रन बनाकर ऑरेंज केप प्राप्त की। आईआईएम इंदौर वैभव के पराक्रम को 'केस स्टडी' में शामिल करेगा।
सचिन, कोहली या सनी, सबका है यह मेल।
छात्र प्रबंधन के पढ़ें, अब वैभव का खेल॥

## कोचिंग संस्कृति के चौराहे पर

शिक्षा थी संस्कार की, ज्ञान-ज्योति का धाम।
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
विद्यालय के द्वार से, घटता अब विश्वास।
कोचिंग के विज्ञापन करें, बच्चों का उपहास।।
बेच सफलता का रहे, स्वप्न भरा पैगाम–
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
बच्चों के कोमल मनों, बढ़ता रोज दबाव।
अंकों की इस दौड़ में, खोते अपने भाव।।
प्रतिभाओं के नाम पर, चलता केवल दाम–
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
शिक्षक भी ब्रांड बन, छाए मंच-अखबार।
ज्ञान नहीं पहचान का, होने लगा प्रचार।।
फॉलोअर और व्यूज ही, बन बैठे परिणाम–
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
अभिभावक चिंतित हुए, खर्च बढ़ा भरपूर।
आशाओं की गठरियाँ, ले जाते हैं दूर।।
मेहनत से ज्यादा यहाँ, बिकता झूठा काम–
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
सच्चे गुरु अब भी कई, रखते शिक्षा-ध्यान।
जिनके श्रम से आज भी, जीवित ज्ञान-विधान।।
उनसे ही संभव बने, उज्ज्वल हिंदुस्तान–
अब बाजारों में बिके, उसका पावन नाम।।
सौरभ फिर से सोचिए, शिक्षा का परिवेश।
राष्ट्र-निमार्णी चेतना, मानवता का वेश।।



प्रियंका सौरभ (दैनिक अवन्तिका)

# पर्यावरण शिक्षा एवम अनुसंधान मे नवाचार जरूरी

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों मे देश मे पर्यावरण पर शिक्षा व शोध के संदर्भ ने यह दशक निर्णायक साबित हो सकता है। पर्यावरण शिक्षा व अनुसंधान मे अधिक बजट तथा नियमो के सरलीकरण का प्रावधान बेहद जरूरी है ताकि आर्थिक कारणों या संसाधनों के अभाव मे नई खोज मे व्यवधान न हो। इंदौर के स्वच्छता अभियान की तर्ज पर पर्यावरण विज्ञान की शिक्षा व अनुसंधान की पहल एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकता है। शिक्षा संबंधी अधिकाधिक शोध व अनुसंधान किये जाने चाहिए। इस कार्य हेतु छात्रवृत्ति (फेलोशिप / वजीफा)प्रबंधन तथा सभी विश्वविद्यालयो मे पर्यावरण प्रमुख विषय के रूप मे शुरू किया जाना चाहिए।मूलतः विद्यालयो मे जैसे भाषा विषयक हिंदी, अंग्रेजी की शुरूआत प्राथमिक / माध्यमिक कक्षाओं मे होती है ठीक वैसे ही पर्यावरण अध्ययन भी स्कूल से ही अनिवार्य किया जाना उचित होगा। स्नातक / स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम से एनवायरमेंट इंटर्नशिप तथा एक्सकर्जन अर्थात शैक्षणिक दौरे युवाओ मे जागृति पैदा करेंगे। इसमें नये औषधीय पौधों की खोज शामिल रहे। लुप्त होती प्रजातियों पर विशेष ध्यान और सुरक्षा जरूरी है। देशभर में फ़्लोरा ( वनस्पतिजात)और फौना (प्राणीजात)के नये प्रोजेक्ट पर अधिकतम शोध कार्य तथा नेचरल रिजनरेशन का प्रतिशत बढ़ाना आवश्यक है। विधार्थियो को ग्रीन इंडिया मिशन की योजनाओ की जानकारी जरूर देना चाहिए है।



निर्लेश तिवारी (दैनिक अवन्तिका)

ग्रामीण/शहरी क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में पर्यावरण मित्र बनाये जाने चाहिए। प्रोत्साहन स्वरूप मानदेय देना उचित रहेगा। कंपनीज व कॉर्पोरेटस भी इन कार्यो मे रुचि ले रहे है।शहर के विकास के एवज मे उसी औसत के सघन घनत्व पर्यावरण कार्यक्रम की योजना फलदायी रहेगी। विभागीय सेल मे पर्यावरण के विधार्थियो के सेमिनार व पीपीटी प्रस्तुतिकरण विश्वविद्यालय स्तर पर नियमित रूप से होना चाहिए। एपको, वानिकी, बेम्बुमिशन, बायोडाइवेर्सिटी, विंध्यहर्बल व अन्य बोर्ड मे स्टूडेंट विजिट को नियमित करने से विधार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। पर्यावरण विज्ञान तकनीकी महाविद्यालयों तथा सामान्य डिग्री कोर्सेस दोनों मे पृथक सिलेबस से पढाये जा रहे है बतौर उदाहरण मध्यभारत के श्रेष्ठ तकनीकी संस्थान एसजीएसआयटीएस के इंजीनियरिंग स्ट्रीम मे पर्यावरण मे एम टेक की सुविधा है और मियावाकी पद्धति का लघुवन तो वही शहर के प्रतिष्ठित देवी अहिल्या विश्वविधालय तथाअन्य विश्वविधालयो की विज्ञान शाखा मे पर्यावरण के यूजी/ पीजी कोर्सेस उपलब्ध है इसके मायने यह भी है की अब संयुक्त प्रयास जरूरी है। प्रशिक्षण व कार्यशाला के नियमित आयोजन विधार्थियो को नये आयाम दे सकते है। नये जीआईएस पैटर्न का उपयोग करते हुए प्रक्षेत्र की मैपिंग और चित्रण, डाटा कलेक्शन भविष्य के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। खास बात यह की केंद्र सरकार / अभातशिप की नीति अनुसार शोध / अनुसंधान हिंदी भाषा मे मान्य होंगे अनुवाद भी होते रहेंगे। नये दृष्टिकोण मे इंदौर के दो प्रक्षेत्र सिरपुर और यशवंत सागर तथा भोपाल तालाब को यूनेस्को द्वारा रामसर संधि से अधिसूचित किया जा चुका है। देश मे यह संख्या सौ तक पहुँच चुकी है व शोध के लिए उपयुक्त विषय है। रामसर वेटलैंड की अंतर्राष्ट्रीय महासचिव डा. मसुंदा मुंबा भी यहाँ कार्यालयीन भ्रमण कर चुकी है। हाल ही मे केन्या की 22 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता ट्राफिना मुथोनी ने एक पेड को लगातार 72 घण्टे गले लगाकर रिकॉर्ड बनाया।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,400 रवा- 1,50,300 चांदी- टंच- 2,51,100 पाट- 2,50,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### [प्रसंगवश 05 जून : विश्व पर्यावरण दिवस]

# धरती का दर्द आँकड़ों में नहीं, महिलाओं की ज़िंदगी में दिखता है

जब धरती बीमार पड़ती है, उसकी पहली आह एक स्त्री सुनती है। उसे पर्यावरण संकट समझने के लिए वैज्ञानिक आँकड़ों की जरूरत नहीं, क्योंकि वह इसे रोज महसूस करती है–घटती हरियाली, बदलते मौसम, धुएँ भरी हवा और बढ़ती गर्मी में। एक बच्चे ने माँ से पूछा, माँ, अब गर्मी इतनी ज्यादा क्यों लगती है? माँ शब्दों में भले न समझा सकी, लेकिन वह बदलती प्रकृति का सच जानती थी। 05 जून को दुनिया विश्व पर्यावरण दिवस मनाती है, पर एक महिला के लिए पर्यावरण रोज का संघर्ष है। वह इसे महँगी रसोई, घटते पानी और बच्चों की बिगड़ती सेहत में जीती है। शायद इसलिए पर्यावरण संकट की सबसे गहरी चोट स्त्री पर दिखाई देती है, क्योंकि प्रकृति और स्त्री–दोनों जीवन देती हैं, सँभालती हैं और बचाने की कोशिश करती हैं।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

जिस प्रकृति ने सदियों से मानव जीवन को सँभाला, आज वही इंसानी लालच से घायल है। प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए। – विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का यह विषय आने वाले संकट की चेतावनी है। प्रकृति हमेशा संतुलन सिखाती रही है–पेड़, नदियाँ और धरती निस्वार्थ जीवन देती हैं। लेकिन विकास की अंधी दौड़ में इंसान ने प्रकृति को केवल संसाधन समझा। नतीजा सामने है–उजड़ते जंगल, प्रदूषित नदियाँ, जहरीली हवा और बढ़ती गर्मी। इसकी सबसे गहरी मार उन पर पड़ रही है, जिन्होंने यह संकट पैदा नहीं किया–खासतौर पर महिलाओं पर। तपती धूप में दूर से पानी लाती एक स्त्री केवल घर नहीं सँभालती, बल्कि बिगड़ते पर्यावरण का भार भी उठाती है।

गाँव की महिलाएँ भले ही पर्यावरण विशेषज्ञ न कहलाएँ, लेकिन प्रकृति की भाषा सबसे गहराई से वही समझती हैं। मिट्टी की गंध से वह बारिश पहचान लेती है और पेड़ों की हालत देखकर मौसम का बदलता स्वभाव समझ जाती है। उसके लिए जंगल सिर्फ लकड़ी नहीं, जीवन का आधार हैं। रिपोर्टें कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन की सबसे गहरी मार महिलाओं और बच्चों पर पड़ती है, लेकिन इसका सबसे सच्चा प्रमाण वे चेहरे हैं, जो सूखे कुओं और बंजर खेतों के बीच भी परिवार की उम्मीद बचाए रखते हैं। शहरों में भी महिलाएँ प्रदूषण, बढ़ती गर्मी, प्लास्टिक से घिरा जीवन और मानसिक तनाव से जूझ रही हैं। धुएँ भरी हवा में बच्चे को बाहर भेजती एक माँ का डर किसी आँकड़े से कहीं अधिक वास्तविक होता है।

इतिहास गवाह है कि जब-जब प्रकृति पर संकट आया, सबसे पहले महिलाओं ने ही उसके पक्ष में आवाज उठाई। चिपको आंदोलन इसका सबसे जीवंत उदाहरण है, जहाँ उत्तराखंड की ग्रामीण महिलाएँ पेड़ों से इस तरह लिपट गईं, मानो अपने बच्चों की रक्षा कर रही हों। उनके लिए जंगल केवल लकड़ी नहीं, बल्कि पानी, हवा और जीवन का आधार थे। इसी सोच को वंगारी मथाई ने लाखों पेड़ लगाकर नई शक्ति दी। आज भी भारत के कई गाँवों में महिलाएँ बीज संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जैविक खेती के जरिए चुपचाप धरती को बचाने में जुटी हैं। विडंबना यह है कि जिन्हें समाज अक्सर कमजोर कहता है, वही पर्यावरण की सबसे मजबूत प्रहरी बनकर उभरती हैं।

आज संकट केवल प्रकृति के उजड़ने का नहीं, इंसानी संवेदनाओं के मरने का भी है। कभी बच्चे मिट्टी में खेलते थे, आज स्क्रीन पर प्रकृति खोजते हैं। जो आँगन कभी पेड़ों की छाँव से जीवित थे, अब सीमेंट में कैद हैं और जो बारिश कभी सुकून थी, वही अब डर बन चुकी है। आधुनिकता ने सुविधाएँ दीं, लेकिन मनुष्य को प्रकृति से दूर कर दिया। विडंबना यह है कि हम एयर कंडीशनर में बैठकर ग्लोबल वार्मिंग पर चिंता करते हैं, जबकि वही सुविधाएँ धरती का ताप बढ़ा रही हैं। इस सच को महिलाएँ सबसे गहराई से समझती हैं, क्योंकि उनका जीवन पानी, हवा और घर की जरूरतों से जुड़ा है। वे जानती हैं कि जिस दिन साँस और पानी भी बिकने लगेंगे, सबसे पहले गरीबों का जीवन संकट में पड़ेगा। इसलिए पर्यावरण संरक्षण केवल हरियाली का नहीं, मानव अस्तित्व और सामाजिक न्याय का प्रश्न भी है। धरती को बचाने की लड़ाई बड़े भाषणों से नहीं, घर की छोटी आदतों से जीती जाएगी। और इसकी सबसे मजबूत शुरूआत एक स्त्री कर सकती है। एक माँ यदि बच्चे को पानी बचाना, भोजन की कद्र करना, पौधों से प्रेम करना और प्लास्टिक से दूरी रखना सिखा दे, तो वह केवल आदतें नहीं, आने वाली पीढ़ियों की सोच बदल देती है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मंडल की मासिक बैठक संपन्न

**तनोडिया।** भारतीय जनता पार्टी मंडल की मासिक बैठक स्थानीय कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मंडल प्रभारी व जिला मंत्री कविता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ राहुल जैन, महेश कुमार मित्तल, महिपाल सिंह राठौर, महेश शर्मा, डॉ मोहनलाल मकवाना, एलकारसिंह सौलकी आदि उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सिंह चौहान ने की। बैठक के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत पंकज मित्तल, गिरीश परमार, लोकेन्द्रसिंह राठौर, कमलसिंह, हरिओम सिंह राठौर, दीपक मंडवाल पदमसिंह गुर्जर,कमल शर्मा, कालुसिंह राठौर आदि ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले सुशासन दिवस कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रभारी कविता शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को शक्ति केंद्र के साथ बूथ पर भी सक्रियता से कार्य करते रहना चाहिए। और संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर मंडल के तेजुलाल प्रजापत, मांगीलाल गुर्जर,विजयपाल सिंह सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। जैन, मित्तल, चौहान ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री सतपाल सिंह चुंडावत ने किया। व आभार उपाध्यक्ष बलराम सिंह टुगंनी ने माना। यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी विजयपाल सिंह राठौर ने दी।

## गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा कदम, बछड़ों के कास्ट्रेशन और कृत्रिम गभार्धान पर होगा फोकस



**गुना।** जिले की गौशालाओं को अधिक व्यवस्थित, आत्मनिर्भर एवं उत्पादक बनाने की दिशा में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने पहल करते हुए आज कुंभराज क्षेत्र के ग्राम सानई स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंश के संरक्षण के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला वैज्ञानिक पद्धति से कास्ट्रेशन (बधियाकरण) कराया जाए तथा कृत्रिम गभार्धान को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि बेहतर नस्ल संवर्धन एवं उन्नत प्रबंधन से दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे गौशालाओं के संचालन को और अधिक सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान गौशाला प्रबंधन द्वारा बरसात के मौसम में जलभराव एवं कीचड़ की समस्या से बचाव के लिए तीन शेड निर्माण की आवश्यकता बताई। इस पर कलेक्टर श्री कन्याल ने संबंधित अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। कलेक्टर ने गौशाला में उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने पाया कि गौशाला के समीप ही हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही भूसे एवं पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे वर्षभर गौशाला का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक दुबे, एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय, तहसीलदार कमल मंडेलिया सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**जमीन और नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी**

## गुजराती बलाई समाज का राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वानिया गुजरात से गिरफ्तार

**महिदपुर।** जमीन और नौकरी लगवाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में महिदपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालूसिंह वानिया को गुजरात के गोधरा से गिरफ्तार किया है। आरोपी समाज के रसूख की आड़ में ठगी का नेटवर्क चला रहा था। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर रखा है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बालूसिंह वानिया के खिलाफ नौकरी लगवाने और जमीन धोखाधड़ी के मामले में महिदपुर थाने में शिकायत दर्ज थी। मामला दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना और साइबर सेल की मदद से पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को गुजरात के गोधरा शहर से धर दबोचा। पुलिस सूत्रों का कहना है कि बालूसिंह वानिया अकेला इस खेल में शामिल नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर होने के कारण उसके संपर्क कई बड़े लोगों से थे। आशंका जताई जा रही है कि नौकरी लगवाने के नाम पर एक पूरा गिरोह काम कर रहा था, जिसने कई युवाओं को अपना शिकार बनाया है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील बड़नगर जिला उज्जैन** 1410

क्रमांक/क्यू/री-2/2026/ बड़नगर दिनांक 03.06.2026
प्र.क्र. 0068/ब-121/2025-26
प्र.क्र. 0003/अ-20(3)/2025-26

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है- आवेदक नगर पालिका परिषद मुख्य नगर पालिका अधिकारी बडनगर के द्वारा आवेदन क्रंमाक 1018670603085-APP-26188539 में कस्बा बडनगर तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नं. 1470 रकबा 0.4490 हेक्टर में से 0.0200 हेक्टर व्यवसायिक दुकान निर्माण के लिए आबंटित किये जाने हेतु कार्यालय कलेक्टर महोदय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

जिसकी सुनवाई हेतु दिनांक 12.06.2026 को स्थान तहसील न्यायालय बडनगर में 11.00 बजे नियत किया गया है।

उक्त भूमि में हित रखनें वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित को या तो स्वंय या किसी अभिभाषक या प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्ति यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा ।

**तहसीलदार**
**तहसील बड़नगर**

गुना में ऐतिहासिक महासंगम की भव्य अगवानी, 13 साल बाद मुनिश्री सुधासागरजी का भव्य मंगल प्रवेश

# ड्रोन और क्रेनों से छोड़े गुब्बारे तो पुरातन बैलगाड़ियों ने बिखेरी छटा, श्रद्धालुओं ने रजत पात्रों में धुलाए चरण

### मुस्लिम समाज सहित सर्वसमाज ने किया स्वागत, दो किमी से अधिक लंबा रहा जुलूस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

अंचल के इतिहास में बुधवार का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया, जब जैनाचार्य विद्यासागरजी महाराज के शिष्य, मुनि पुंगव निर्यापक संत सुधासागरजी महाराज ससंघ का पूरे 13 वर्षों के बाद गुना नगरी में ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। इस महामहोत्सव को लेकर समूचे गुना नगर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मुनिश्री के आगमन से पूरी नगरी धर्ममय हो गई और कैंट से लेकर बीजी रोड स्थित ऋषभायत नसियांजी तक का मार्ग श्रद्धालुओं के सैलाब से पट गया। इससे पूर्व, गत शाम को पैदल विहार करते हुए मुनिसंघ कैंट क्षेत्र में पहुंचा था, जहां एक निजी स्कूल में रात्रि विश्राम के बाद बुधवार सुबह दिव्य घोष और शंखनाद के साथ विशाल चल समारोह का शुभारंभ हुआ।

हनुमान चौराहे पर जैसे ही मुनिसंघ का शुभागमन हुआ, वहां उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस मुख्य चौराहे पर तीन विशाल क्रेनों के माध्यम से मुनिसंघ की भव्य वंदना की गई और क्रेन की मदद से ही आसमान से रंग-बिरंगे बैलून्स (गुब्बारे) बरसाए गए। इसी स्थान पर नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मुनिश्री के पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया। सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समाज सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखों ने भी मुनिश्री की अगवानी की और मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद जब यह काफिला आगे बढ़ा, तो भुल्लनपुरा सहित अनेक



स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से विभोर होकर रजत (चांदी) के पात्रों में मुनिश्री के चरण पखारे।

बजरंगगढ़ कमेटी के अध्यक्ष इंजीनियर एसके जैन और महाममंत्री प्रदीप जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि इस भव्य अगवानी जुलूस में आधुनिकता और पुरातन संस्कृति का एक अद्भुत संगम देखने को मिला। एक तरफ जहां कोटा, राजस्थान से आई विशेष ड्रोन टीम हवा में उडकर मुनिश्री और श्रद्धालुओं पर लगातार पुष्प वर्षा कर आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन कर रही थी, वहीं दूसरी तरफ जुलूस में शामिल 21 पारंपरिक बैलगााड़ियां हमारी पुरातन और पौराणिक जैन परंपराओं की जीवंत छटा बिखेर रही थीं। इस दो किलोमीटर से भी लंबे ऐतिहासिक जुलूस में सबसे आगे जैन धर्म की गगनचुंबी धर्म ध्वजा और विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के बैनर चल रहे थे। चल समारोह को व्यवस्थित गति देने के लिए जैन धर्म का मुख्य उद्घोषक वाहन सबसे आगे धार्मिक नारे लगाते हुए चल रहा था, जिसके पीछे मुनिश्री के चित्रों से सजे हाथ ठेले, जिन शासन के शेर की भव्य झांकी, गुरुदेव का विशाल स्टेचू और टमटम वाहनों पर आकर्षक चलचित्रों का प्रदर्शन किया जा रहा था।

चल समारोह के वैभव को बढ़ाने के लिए 21 सुसज्जित घुड़सवार, 24 कलात्मक बग्घियां, 51 दिव्य ढोल और सागर की सुप्रसिद्ध डपला पार्टी के कलाकार अपनी अनूठी प्रस्तुतियां दे रहे थे। वहीं सिलवानी का प्रसिद्ध अखाड़ा अपनी हैरतअंगेज व्यायाम कला के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य और सुरक्षा का संदेश दे रहा था। जोधपुर से आई डांस पार्टी और विभिन्न बैंडों ने धार्मिक धुनों से समां बांध दिया। इस भव्यता को निखारने में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ राजस्थान और उत्तर प्रदेश से आए विशेष हुनरमंदों का बड़ा योगदान रहा। समूचे जुलूस मार्ग पर जबलपुर, ललितपुर और अशोकनगर के कलाकारों द्वारा बनाई गई 40 बाई 40 फीट की महाकाय और आकर्षक रंगोलियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

इस महा-चल समारोह में जैन समाज की नारी शक्ति ने भी बढ़-चढकर हिस्सा लिया। दिगंबर जैन महिला महासमिति संभाग गुना, श्रुत आराधना महिला मंडल, सर्वोदय महिला मंडल, पारसनाथ महिला मंडल, भक्तामर मंडल, शीतल नाथ ग्रुप, त्रिमूर्ति महिला मंडल, सोशल ग्रुप वर्धमान, मृदु महिला मंडल, एकता ग्रुप पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, जैन महिला मिलन, आरोही जैन मिलन, अहिंसा जैन ग्रुप, खंडेलवाल महिला ग्रुप और आदिनाथ महिला मंडल कैंट की सदस्य बहनें पारंपरिक परिधानों में लेजम और डीजे की सुमधुर धुनों पर थिरकती हुई चल रही थीं। मुनी सेवा संघ के दिव्य घोष ने अपने शंखनाद से पूरे वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

जुलूस के सबसे पवित्र और मुख्य भाग में मुनिसंघ के साथ ब्रह्मचारी भैया-बहनें और हजारों की संख्या में श्वेत वस्त्र धारी पुरुष वर्ग चल रहा था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित नगर के विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों ने भी मुनिसंघ का आत्मीय स्वागत किया। मुनिसुव्रतनाथ जिनालय, हाट रोड, रपटा, निचला बाजार, सदर बाजार, सुगन चौराहा और जयस्तंभ चौराहा होते हुए यह जुलूस ऋषभायत नसियांजी पहुंचा, जहां मुनिश्री के संक्षिप्त मांगलिक प्रवचन हुए और उसके बाद मुनिसंघ की परम पावन आहारचर्या संपन्न हुई। इस मंगल प्रवेश के साथ ही अब आगामी 17 जून से मुनिसंघ के परम सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव का शंखनाद होने जा रहा है।

नानाजी देशमुख की स्मृति में 51 हजार तुलसी पौधे बंटेंगे

## भारतीय संस्कृति, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता-महामंडलेश्वर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार

धार जिले के आदर्श ग्राम सिरसोदा में राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख की स्मृति में पांच दिवसीय 'ग्राम दर्शन-राम दर्शन' आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 से 12 जून 2026 तक चलेगा।

इसकी जानकारी धार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में चतुर्भुज श्रीराम मंदिर मांडव के महंत महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज और राजवाड़ा चौक सेवा समिति के अध्यक्ष नवनीत जैन ने दी।

महामंडलेश्वर नरसिंह दास महाराज ने बताया कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन समय की आवश्यकता हैं।

उन्होंने कहा कि तुलसी भारतीय जीवन शैली और स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। तुलसी रोपण और रामायण पाठ के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है।

नवनीत जैन ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'पंच परिवर्तन' के संकल्पों को गांव-गांव तक पहुंचाना बताया। इसके अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध और स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

कार्यक्रम की शुरूआत 8 जून को मांडव स्थित चतुर्भुज श्रीराम मंदिर में 1100 तुलसी पौधों के रोपण से होगी।

9 जून को सिरसोदा में तुलसी यात्रा और तुलसी रथ पूजन के साथ 51 हजार तुलसी पौधों के वितरण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

इसके बाद, 10 जून को नारी वंदन कार्यक्रम आयोजित होगा। 11 जून को ग्राम विकास में योगदान देने वाले परिवारों और व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

## पेट्रोल बचाने का संदेश देने बच्चों से बुजुर्गों तक साइकिल पर निकले

**आगर मालवा।** विश्व साइकिल दिवस पर बुधवार को शहर की सड़कों पर साइकिलों का कारवां नजर आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचाने की अपील से प्रेरित होकर भारत विकास परिषद, शाखा आगर मालवा ने पर्यावरण संरक्षण, पेट्रोल बचत और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश के साथ भव्य साइकिल रैली निकाली। रैली में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर फिटनेस और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। गांधी उपवन कंपनी गार्डन से शुरू हुई रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। छावनी नाका, विजय स्तंभ, पुराना अस्पताल चौराहा, हाटपुरा, सराफा, गोपाल मंदिर, नाना बाजार, नरसिंह मंदिर और छावनी झंडा चौक से गुजरते हुए रैली पुनः गांधी उपवन पहुंची। मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। रैली के दौरान पेट्रोल बचाएं-पर्यावरण बचाएं और साइकिल अपनाएं-स्वस्थ भारत बनाएं जैसे नारों से शहर का माहौल जागरूकता से भर गया।

## आगर जनपद सीईओ को हटाने की मांग

**आगर मालवा।** आगर-मालवा में सरपंच संघ और जनपद सदस्य संघ ने जनपद पंचायत आगर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के खिलाफ प्रदर्शन किया। दोनों संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई को ज्ञापन सौंपकर सीईओ को पद से हटाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जनपद पंचायत आगर के सीईओ का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के प्रति सम्मानजनक नहीं है। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि पंचायतों से जुड़े विकास कार्यों और योजनाओं के संचालन में अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार की कृषि भूमि सर्वे नबरं 3283/2 रकबा 1.272 हे० स्थित जयसिंहपुरा मार्ग कस्बा उज्जैन (म.प्र) है। जिसको मेरे पक्षकार ने कभी भी किसी प्रकार से अंतरित हस्तांतरित नही की है। जिसके सबंध में दीवानी वाद प्रकरण कमांक 92/2022 आरसीएसए न्यायालय मे विचाराधीन है उक्त वाद के विचारधीन रहते श्रीमति यशोदा बाई गुंदिया पति तेजलाल गुंदिया व श्रीमति पूजा पति दिलीप पुत्री तेजलाल गुंदिया अवैध रूप से असत्य व कुटरचित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूमि को विक्रय अंतरित करने का व ऋणग्रस्त करने का प्रयास कर रहे है इस कारण से उक्त जाहिर सूचना के पश्चात उक्त भूमि के सबंध में कोई व्यक्ति, संस्था व बैंक आदि कोई भी दस्तावेज अंतरण संबधित उक्त लोगो से निष्पदित व पंजीकृत करता है तो ऐसा दस्तावेज मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नही होगा व शुन्यवत प्रभावहीन माना जावेगा क्योंकि उक्त भूमि मेरी पक्षकारा के स्वामित्व एवं अधिपत्य की है। ताकिद जाने
दिनांक 04.06.2026 स्थान उज्जैन

**योगेश गोस्वामी एडवोकेट**
**कार्यालय : 13/1 बेगमपुरा, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 93022-39964**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा फर्म मेसर्स श्री अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन कार्यालय VDS PRIME PLAZA, प्रथम तल फ्रीगंज उज्जैन द्वारा विकसित श्री सांवरिया ड्रीम्स कॉलोनी ग्राम चंदेसरा देवास रोड उज्जैन के भूखंड क्रमांक 17,18, 25, 31, 33, 56, 67, 70, 71, 73, 77, 78, 81, 82 एवं 90 की दूसरी व तीसरी किश्तों का भुगतान कई बार सूचित करने पर भी ब्रोकर बंधुओ व भूखंड धारको द्वारा नहीं किया गया` मेरे पक्षकार द्वारा आवंटित भूखंड की किश्तों के आभाव में उक्त वर्णित भूखंडो का आवंटन निरस्त कर दिया गया है एवं फर्म द्वारा उक्त सभी भूखंड अन्य किसी को विक्रय कर दिए गये` कोई भी व्यक्ति मेरे पक्षकार की जानकारी बगैर उक्त वर्णित भूखंडो की रसीद के आधार पर किसी भी प्रकार का क्रय / अंतरण व्यवहार न करे। यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करता है तो उसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित क्रय कर्ता का होकर अवैध और प्रभावहीन रहेगा जो मेरे पक्षकार पर किसी भी तरह से बंधनकारक नहीं होगा। यह सूचित हो।
इति दिनांक 4-6-2026

**हितेश थानी अधिवक्ता**
**कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भुखण्ड क्रमांक 28, त्रिवेणी हिल्स कॉलोनी, गोयलाखुर्द, इंदौर रोड़, उज्जैन का मध्य भाग कुल क्षेत्रफल 57.00 वर्गमीटर को 1. श्रीमती पार्वतीबाई पति श्री परमात्मासिंहजी सिकरवार, 2. परमात्मासिंह पिता श्री अम्बिकासिंहजी सिकरवार के द्वारा श्री विजय शर्मा पिता श्री शंकरलालजी शर्मा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र तारीखी 14/07/2014 के माध्यम से क्रय किया था। श्री परमात्मासिंहजी का स्वर्गवास दिनांक 21/02/2017 को हो गया है। 1. श्रीमती पार्वतीबाई 2. राकेशसिंह सिकरवार अपने आपको परमात्मासिंहजी सिकरवार का एकमात्र उत्तराधिकारी होना बताते है। श्री परमात्मासिंह के अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त भुखण्ड में हित रखता हो वह इस जाहीर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त भुखण्ड क्रमांक 28, त्रिवेणी हिल्स कॉलोनी, गोयलाखुर्द, इंदौर रोड़, उज्जैन का मध्य भाग कुल क्षेत्रफल 57.00 वर्गमीटर को बंधक कर 1. पार्वतीबाई पत्नि स्वर्गीय परमात्मासिंहजी सिकरवार 2. राकेशसिंह सिकरवार पिता स्वर्गीय श्री परमात्मासिंहजी सिकरवार को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 04/06/2026 ई., स्थान- उज्जैन

**(मदनलाल दुगड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन - 2554829, 94253-80339**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् खाचरौद, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक/ई-टेण्डरिंग/2026/1047 खाचरौद, दिनांक 22.05.2026

**निविदा सूचना**

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न कार्यो हेतु निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक अधिकृत ठेकेदार ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते हैं :-

| S. No. | Tender No. | Name of the work | Probable amount of contract (Rs. In Lacs) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_495085_2 | Construction of U-shape Nali Ward 13 | 04.79 लाख | 9580/- | 2295/- |
| 2 | 2026_UAD_496190_2 | Construction of Shops at Nagar Palika 1st floor Jawahar Marg | 21.60 लाख | 43200/- | 10295/- |
| 3 | 2026_UAD_495081_2 | Construction of Shops Nagar Palika Food Zone 1st Floor | 21.34 लाख | 42680/- | 10295/- |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् खाचरौद**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् खाचरौद**

## टीकाकरण में लापरवाही, 130 स्वास्थ्य-कर्मियों का वेतन काटने का आदेश

**देवास।** देवास जिले में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग के 130 अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं। बताया गया है कि यूविन पोर्टल पर पेंटा प्रथम डोज टीकाकरण की प्रगति कई क्षेत्रों में 50 प्रतिशत से कम पाई गई थी। बुधवार को कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। कार्रवाई की जद में 7 खंड विस्तार प्रशिक्षक, 27 सुपरवाइजर और 96 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता आए हैं। जिले में टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर इस तरह की कार्रवाई पहली बार की गई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि 29 मई को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई थी। समीक्षा के दौरान कई क्षेत्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।



## टोंकखुर्द में लाठी-डंडे और पत्थर चले, महिलाओं समेत सात घायल

**देवास।** देवास के टोंकखुर्द में बुधवार देर शाम रेत के ढेर से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे और पत्थर चले। घटना में एक पक्ष के छह से सात लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष के जाहिद खान ने बताया कि उनके परिवार का शाहरुख रेत के ढेर के पास से गुजर रहा था। इसी बात पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और उन पर हमला कर दिया। जाहिद खान ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की। इस दौरान कई वाहनों, विशेषकर बाइकों में भी तोड़फोड़ की गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करते दिख रहे हैं। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।



## कांग्रेस का वारियर अभियान शुरू, गांव-गांव से खोजे जाएंगे नए चेहरे

**आगर-मालवा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग ने संगठन को डिजिटल स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से ह्यवारियर अभियान-2026 की शुरूआत की है। इसके तहत गांव, पंचायत और बूथ स्तर तक सोशल मीडिया में रुचि रखने वाले प्रतिभाशाली युवाओं और कार्यकताओं की पहचान कर उन्हें संगठन से जोड़ने की पहल की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर एवं जिला आईटी सेल प्रभारी विष्णु शर्मा ने बताया कि इसमें ऐसे युवाओं को अवसर दिया जाएगा जो कंटेंट क्रिएशन, फोटो-वीडियो निर्माण, डिजिटल कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया संचालन में रुचि रखते हैं। विष्णु शर्मा के अनुसार प्रदेश सोशल मीडिया अध्यक्ष चंचलेस व्यास के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 20 से 23 जून तक जिला कांग्रेस कार्यालय में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी श्रीमती मनुबाई मालवीय पति स्व. रामलाल मालवीय, निवासी-ई.डब्ल्यू.एस. 410/610, इन्दिरा नगर, आगर रोड़, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड जो सर्वे नम्बर 1823 रकबा 3.208 हेक्टेयर में का भाग होकर कृष्णा परिसर (कृष्णा विहार) हरिस्वामी मार्ग, कस्बा उज्जैन, जिला उज्जैन, वार्ड नम्बर 17 में स्थित है, उक्त भूखण्ड में से 20X50 फीट साईज का उत्तर दिशावाला भाग, विक्रीत क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि भूखण्ड स्वामी को अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-04/06/2026, उज्जैन

**गजेन्द्र सिंह तोमर (एडवोकेट)**
**मोबाईल-9303564779, 8959094107**

# दैनिक अवन्तिका के अभियान को मिला जनसमर्थन
# लायंस क्लब ने वितरित किये पक्षियों हेतु जलपात्र रक्तदान

**नागदा।** भीषण गर्मी के दौर में पक्षियों के संरक्षण एवं जल उपलब्धता को लेकर दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान को गुरुवार को नई ऊर्जा मिली। नागदा मंडी रेलवे कॉलोनी स्थित वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉई यूनियन हॉल में लायंस क्लब नागदा एवं वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉई यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान पक्षियों के लिए निशुल्क जलपात्रों का वितरण किया गया।

लायंस क्लब सदस्य लायन सुनील त्रिवेदी के सौजन्य से वितरित जलपात्रों के माध्यम से नागरिकों से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं छतों पर पक्षियों के लिए पानी रखने का आह्वान किया गया। उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों ने दैनिक अवंतिका के इस सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया।



इसी अवसर पर समाजसेवी लायन गुलजारीलाल त्रिवेदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा रक्तदाताओं द्वारा 10 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव ने भी रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।

कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष एन.के. मिश्रा, रेलवे टाइम ऑफिस इंचार्ज विनय शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, गुलजारीलाल त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, राजेश इंद्र, दीपक चौहान, राकेश यादव, सुरेश उपाध्याय, बंटी जटिया, अर्जुन राजोरिया, चिकित्सा टीम सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब सदस्य, रेलवे कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस के अचानक ब्रेक लगने से शहर की थमी रफ्तार

**शाजापुर।** शुजालपुर रेलवे ट्रैक पर मवेशियों की घुसपैठ ने न सिर्फ एक ट्रेन के पहिए रोक दिए, बल्कि पूरे शुजालपुर शहर को भारी जाम में झोंक दिया। काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस के इंजन में एक सांड के फंस जाने से ट्रेन को बीच शहर में रेलवे क्रॉसिंग पर रोकना पड़ा। इसके चलते गेट नंबर 79 लगभग 40 मिनट तक पूरी तरह बंद रहा और शहर की यातायात व्यवस्था चरमरा गई। पुलिस चौकी चौराहा मंडी से लेकर फ्रीगंज तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोग जाम में हलकान होते रहे। घटना गुरूवार दोपहर करीब 2.50 बजे की है, जब काचीगुड़ा-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन शुजालपुर से भोपाल की ओर रवाना हो रही थी, तभी अचानक ट्रैक पर आए एक सांड से ट्रेन की टक्कर हो गई और मवेशी इंजन के निचले हिस्से में जा फंसा। हादसे के तुरंत बाद ट्रेन को रोकना पड़ा। इधर बीच शहर में ट्रेन खड़ी होने से फाटक बंद हो गया और दोनों तरफ वाहनों का भारी जमावड़ा लग गया। जाम से बचने के लिए कई वाहन चालकों ने रेलवे अंडरपास का सहारा लेना चाहा, लेकिन वहां पहले से जलभराव होने के कारण फजीहत और बढ़ गई। ट्रेन रवाना होने के काफी देर बाद तक शहर में यातायात रेंगता रहा और चक्काजाम जैसे हालात बने रहे। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। तुरंत रेलवे मेंटेनेंस गैंग के करीब 20 कर्मचारी मौके पर पहुंचे। टीम ने भारी मशक्कत के बाद मृत मवेशी को इंजन के नीचे से खींचकर पटरी से अलग किया। करीब आधे घंटे की इस जद्दोजहद के बाद ट्रैक साफ हो सका और ट्रेन को उसके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस घटना ने ट्रैक के किनारे की गई रेलवे की मेटल बाउंड्री लोहे की बैरिकेडिंग की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बैरिकेडिंग के बावजूद मवेशी बेरोकटोक पटरियों तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मंडी रेलवे गेट के पास स्थित शराब की दुकान के कारण कई लोग भी शॉर्टकट के चक्कर में लोहे की बाउंड्री फांदकर पटरी पार करते हैं। मवेशियों और लोगों की यह घुसपैठ रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को धता बता रही है, जो किसी भी दिन किसी बड़ी और जानलेवा दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## अज्ञात बीमारी से एक दर्जन देशी मुर्गे-मुर्गियों की मौत

**शाजापुर।** बारिश के बाद बदलते मौसम और उमस के बीच पशु-पक्षियों में बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। शुजालपुर के फ्रीगंज क्षेत्र में एक अज्ञात बीमारी ने गरीब मुर्गा पालक की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। बीते दो दिनों के भीतर यहां एक दर्जन देशी मुर्गे-मुर्गियों की रहस्यमय तरीके से मौत हो गई है। रोजगार छिनने से परेशान पशुपालक जब मदद की आस में सरकारी अस्पताल पहुंचा, तो वहां भी उसे लचर स्वास्थ्य व्यवस्था और जिम्मेदारों की बेरुखी का ही सामना करना पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ्रीगंज स्थित आनंद नगर चिंटू की कॉलोनी के रहने वाले स्वासी सिंह देशी मुर्गे पालकर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। वे तैयार मुर्गों को 1500 से 2000 रुपये तक में बेचकर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। स्वासी सिंह के पास कुल 35 मुर्गे-मुर्गियां थीं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अचानक 8 और बुधवार को 2 मुर्गे-मुर्गियों ने तड़पकर दम तोड़ दिया। लगातार हो रही इन मौतों से पशुपालक गहरे सदमे और चिंता में है। गुरुवार सुबह जब बाड़े में एक और मुर्गा बीमार दिखाई दिया, तो स्वासी सिंह उसे लेकर तुरंत पशु चिकित्सालय पहुंचे। उनका उद्देश्य बीते दिनों हुई मौतों के कारणों की जांच कराना और बचे हुए मुर्गों को बचाना था, लेकिन विडंबना यह रही कि अस्पताल में समय पर कोई डॉक्टर ही मौजूद नहीं मिला। काफी इंतजार के बाद किसी तरह बीमार मुर्गे को एक इंजेक्शन लगाया गया और पीने के लिए एक पीला घोल देकर औपचारिकता पूरी कर दी गई।

## म.प्र.नगर निगम नगरपालिका पेंशन संघ के चुनाव सम्पन्न

**शुजालपुर।** मध्य प्रदेश नगर निगम,नगरपालिका पेंशन संघ के प्रदेश स्तरीय निर्वाचन उज्जैन में सम्पन्न हुए। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक एवं निर्वाचन अधिकारी आर.एस. रावत की देखरेख में किया गया। चुनाव में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए केवल एक आवेदन प्राप्त होने के कारण लीलाधर मनवारे को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इसी प्रकार अन्य पदों पर भी निर्वाचन की घोषणा की गई। रामनिवास शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष, पवन मिश्रा उपाध्यक्ष, गंगाधर शर्मा महामंत्रीए बनवारीलाल मालाकार सचिव तथा बनवारीलाल यादव हरदा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का प्रतिनिधियों एवं पेंशनर्स ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

## समर कैंप का समापन एवं पुरस्कार वितरण आज

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समर कैंप का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार, 5 जून को महाविद्यालय खेल प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 20 अप्रैल से 5 जून 2026 तक विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लेकर खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह प्रात: 6.30 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के कैबिनेट मंत्री होंगे। समारोह में समर कैंप के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों, अभिभावकों, खेल प्रेमियों एवं नगरवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने तथा आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं शारीरिक दक्षता के विकास का उद्देश्य रखा गया था।

# नपाध्यक्ष ने खोला अपने ही सीएमओ के खिलाफ मोर्चा

**शाजापुर।** शहर के विकास का जिम्मा संभालने वाली नगर पालिका इन दिनों अफसरशाही, अंदरूनी कलह और भ्रष्टाचार के भंवर में फंसी नजर आ रही है। यह विवाद तब खुलकर सड़क पर आ गया, जब खुद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने अपनी ही परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र दीक्षित पर गंभीर आरोप मढ़ दिए। महूपूरा स्थित चीलर नदी रपट का निरीक्षण करने पहुंचे नपाध्यक्ष का दर्द और गुस्सा मीडिया के सामने फूट पड़ा। उन्होंने दो टूक कहा कि वर्तमान में नगर पालिका में ठेकेदारों और सप्लायरों का राज चल रहा है। हालत यह है कि दुर्व्यवस्थाओं के कारण शाजापुर अब जनता के लिए सजापुर बन चुका है। गुरूवार को नपाध्यक्ष जैन अपने पार्षद साथियों के साथ चीलर नदी रपट पर टूटी जालियों का जायजा लेने पहुंचे थे। 8 दिन पहले शिकायत के बावजूद सीएमओ द्वारा कोई कदम न उठाए जाने से नाराज अध्यक्ष ने नगर पालिका के सिस्टम की पोल खोलकर रख दी।

**कागजों पर विकास, जमीन पर भ्रष्टाचार का खेल**-नपाध्यक्ष प्रेम जैन ने सीएमओ और नगर पालिका के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर तीखे प्रहार करते हुए कई सनसनीखेज खुलासे किए। उन्होंने बताया कि नगरपालिका में दो-दो, तीन-तीन साल पुराने बिल बनाए जा रहे हैं। फर्जीवाड़े का उदाहरण देते हुए जैन ने कहा कि जब 1000 लाइट का ऑर्डर दिया जाता है, तो सप्लायर सिर्फ 200 से 250 लाइटें ही देता है, लेकिन दो साल बाद पूरे 1000 लाइट का बिल पास करवा लिया जाता है। सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि वे शहर में 13 साल पहले भी राज कर चुके हैं और पिछले एक साल से फिर पदस्थ हैं, लेकिन इस दौरान उन्होंने कोई विकास कार्य नहीं किया है। वे सिर्फ अपने चहेतों को फायदा पहुंचा रहे हैं। विकास कार्यों की बात करने पर सीएमओ कभी कलेक्ट्रेट तो कभी मीटिंग में होने का बहाना बनाते हैं या इंजीनियर न होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। नगरपालिका में 30-30 साल से जमे कर्मचारी अब काम ही नहीं करना चाहते।

**फाइलों में दबे सीएम के 10 करोड़, शहर का हाल बेहाल**-शहर की दुर्दशा का जिक्र करते हुए नपाध्यक्ष ने कहा कि बारिश शुरू हो चुकी है, लेकिन शहर के नाले-नालियां पूरी तरह चोक हैं। साफ-सफाई न होने के कारण नाले उफान पर हैं और जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। भीषण गर्मी में शहर के प्रमुख पार्कों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहां न झूलों का पता है और न ही फव्वारों का। कई बार पत्र लिखने के बाद भी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चार-पांच माह पूर्व शहर के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए की घोषणा की थी, लेकिन अफसरों की लेटलतीफी के चलते वह फाइल आज तक आगे नहीं बढ़ सकी है। इसके अलावा कसेरवाड़ी का दरवाजा जर्जर स्थिति में है, जिसके टेंडर बमुश्किल लगे, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं हो पाया। कुल मिलाकर सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। सिस्टम से हताश नपाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि वे इस पूरी बदइंतजामी और मनमानी की शिकायत स्थानीय विधायक अरुण भीमावद, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, नगरीय प्रशासन मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से करेंगे। उन्होंने निराशा जताते हुए कहा कि जनता ने जिस उत्साह के साथ उन्हें चुना था, ये कामचोर अफसर उस पर पानी फेर रहे हैं।

## भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**शुजालपुर।** नेमा समाज के तत्वावधान में श्री राम जानकी धाम में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया।

कथा स्थल पर श्रीकृष्ण जन्म की मनमोहक झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा के दौरान कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य प्रसंग का सजीव मंचन प्रस्तुत किया, जिसे देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। जन्मोत्सव के अवसर पर ठाकुरजी का पालना झुलाया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन.कीर्तन के साथ नृत्य करते हुए नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष लगाए। व्यासपीठ से कथा वाचन कर रहे आचार्य मनोज व्यास ने श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का भावपूर्ण एवं सारगर्भित वर्णन करते हुए भगवान की बाल लीलाओं का महत्व बताया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, प्रेम और मानवता का संदेश देता है। जन्मोत्सव के उपरांत दधिकांदो दत्त खाना का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नेमा समाज द्वारा प्रतिदिन ठाकुरजी की विभिन्न लीलाओं का आकर्षक एवं मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है,जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कथा में समाजजनों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न धर्मप्रेमी बंधुओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता रही। श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे।

## पर्यावरण दिवस के लिए तैयार हुई मिशन सतरंगी की रूपरेखा



**गुना।** शहर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा गुरुवार एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों की अंतिम रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में शहर को हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए मिशन सतरंगी और साइकिल रैली जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों पर मुहर लगी।

उक्त बैठक में तय की गई रूपरेखा अनुसार सुबह 7:00 बजे साइकिल रैली निकाली जाएगी। यह रैली शास्त्री पार्क (गुना) से प्रारंभ होकर सदर बाज़ार और निचला बाज़ार रोड होते हुए हनुमान चौराहा पहुँचेगी और वहाँ से पितृ स्मृति वन जाकर संपन्न होगी। मिशन सतरंगी अभियान रैली के बाद, संत शिरोमणि सेन महाराज तिराहे से लेकर चिंताहरण मंदिर तक के मुख्य डिवाइडर को सात अलग-अलग रंगों के फूलों वाले पौधों से सजाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य गुना के मुख्य मार्ग को फूलों की खुशबू और रंगों से जीवंत बनाना है। इसके आयोजक फिट इंडिया क्लब, गुना और संयोजक- पितृ स्मृति वन समिति, गुना ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने यह संकल्प लिया है कि इस मिशन को जन-जन का अभियान बनाया जाएगा। हम समस्त गुना वासियों से अपील करते हैं कि कल 5 जून को अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 114 रकबा 4.700 हेक्टर मे से रकबा 4.250 हेक्टर (17) बीघा) स्थित ग्राम भेरूपुरा तहसील तराना जिला उज्जैन को रामबाबू पिता श्री रामगोपाल, जाति कुल्मी, निवासी ग्राम दत्तोत्तर जिला देवास (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि में उपराक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित में रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है। अत: इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी। इति दिनांक 04-06-2026

स्थान उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डी-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बर-9826534221, 8839920862**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी रामू बाई पति खीमा जी जाति चमार , निवासी ग्राम व कृषक ग्राम खेडामद्धा तहसील झारडा जिला उज्जैन म.प. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 542/2 रकबा 0.25 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.25 हेक्टर विक्रति रकबा 0.25 हेक्टेर भूमि स्थित ग्राम खेडामद्धा तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर ली गई है व बयाना राशि प्राप्ता कर ली गई है समय अवधि में पजीयन व अनुबंध पत्र भी संपादित करवा लिया जावेगा शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो। इति दिनांक - 04-06-2026

**राकेश शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार सुनील चौधरी पिता राधेश्याम जी आयु 36 वर्ष, निवासी ग्राम दुधीया तहसील बिचौली जिला इन्दौर म.प्र.ने विक्रेता मूल भूमि शंकरसिंह पिता नागुसिंह आयु 41 वर्ष, निवासी ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 251/2 रकबा 1.40 हैक्टर मे से 0.60 हैक्टर कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.60 हैक्टर लगानी स्थित ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि मैं मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें । अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो । इति दिनांक - 04-06-2026

**मोहित पाटीदार ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 7999640229**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1 श्रीमती आशा जैन पति श्री ज्ञानचंद जैन 2- सौरभ जैन पिता श्री ज्ञानचंद जैन, निवासीगण 03, चौंसठ योगिनी मार्ग, नयापुरा, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 133/2, जो कि चौंसठ योगिनी मार्ग, नयापुरा, उज्जैन में स्थित हैं। भवन केवल तल व प्रथम मंजिल गार्डर-फर्शी का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 175.97 वर्गमीटर हैं। भवन के पूर्व दिशा में भवन कैलाशचंद जैन जी का, पश्चिम दिशा में -भवन राजेंद्र कुमार गादिया जी का, उत्तर दिशा में भवन अन्य का व गली मुक्कड़वाड़ एवं दक्षिण दिशा में चौंसठ योगिनी मार्ग हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर बैंक आफ बड़ोदा शाखा वेदनगर, उज्जैन का ऋण है इसके अलावा किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

ईति दिनांक 04-06-2026

**सौरभ जैन, ( चौरडिया ) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो. 96177-77776**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा राखी मिश्रा पिता श्री रामरतनजी मिश्रा, निवासी-17, ए.के. बिल्डिंग के पीछे फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र. के द्वारा 1. शरदचन्द्र शर्मा पिता सुधीर कुमार शर्मा, 2. श्रीमती सोनिया शर्मा पति श्री शरदचन्द्र शर्मा, निवासीगण-226/1, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य का एक मकान क्रं. 226/1, अलखधाम नगर, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 550 वर्गफीट है, को क्रय करने का सौदा मेरी पक्षकारा के द्वारा किया जाकर सौदा चिट्ठी का संपादन करवाया जा चुका है अब उक्त मकान का अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाना जाना शेष है। यदि उक्त मकान पर किसी बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या किसी निकाय या किसी व्यक्तिगत ऋण या साहूकारी ऋ्ष्ण हो या उक्त मकान को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो या उक्त मकान पर किसी का कब्जा हो या उक्त मकान के संबंध में कोई न्यायालयीन प्रकरण विचाराधीन हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में. उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावें। जिससे की उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद मेरी पक्षकारा के द्वारा स्वयं के हित में उक्त मकान का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन करवा लिया जावेगा और किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 04/06/2026

**नवीन मिश्रा, एडवोकेट**
**कार्यालय-17, ए.के.बिल्डिंग के पीछे, फ्रीगंज, उज्जैन ( म.प्र. )मो.9826049739**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार भूखण्ड स्वामी श्रीमती नीता उर्फ नीतू कट्टा पति श्री राजेश कट्टा निवासी 59 उर्दुपुरा, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 22 ए (सेक्टर ए) स्थित श्री गणेश नगर कॉलेनी नागझिरी देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-139.29 वर्गमीटर हैं। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात् कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-04.06.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन संपर्क-98272-64140**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधुलता पति बसंतकुमार सक्सेना निवासी 43 एफ ऋषिनगर उज्जैन ने अमन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या0 मिर्जा नईम बेग मार्ग उज्जैन से भूखण्ड क्रमांक 106 स्थित अमरीश नगर लालपुर उज्जैन जिसका क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर का है को पंजीकृत विक्रय पत्र तारीखी 22-6-1992 क्रमांक 1111 द्वारा कय किया है। श्रीमती मधुलता पति बसंतकुमारजी सक्सेना का दिनांक 11-11-2025 को स्वर्गवास हो गया है उनके पति बसंतकुमार का दिनांक 1-7-2015 को स्वर्गवास हो गया है। उक्त भूखण्ड की चर्तु:सीमा में संशोधन होने से श्रीमती मधुलता के वारिसान पुत्र 1-विनीत सक्सेना पिता बसंतकुमार सेक्सना निवासी बी-1410 एलाईट अपेक्स महालक्ष्मीनगर इन्दौर व 2-पुत्री श्रीमती नीति पंवार पति उदयसिंहजी निवासी 99 एमबी नगर रेल्वेनगर रतलाम ने संशोधन हेतु आवेदन दिया है तथा भूखण्ड की चर्तु:सीमा में संशोधन चाहा है इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मधुलता सक्सेना के वारिसान 1-विनीत सक्सेना पुत्र 2-श्रीमती नीति पंवार पुत्री के अलावा श्रीमती मधुलता सक्सेना के और कोई वारिस हो या उपरोक्त भूखण्ड कमांक 106 स्थित अमरीश नगर लालपुर उज्जैन की चर्तु:सीमा में संशोधन करने में किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अवधि व्यतीत होने के पश्चात संस्था द्वारा भूखण्ड क्रमांक 106 अमरीशनगर लालपुर उज्जैन की चर्तु:सीमा में उपरोक्त वारिसान के पक्ष में संशोधन कर दिया जावेगा उसके पश्चात वारिसान संबंधी या अन्य किसी प्रकार की कोई आपत्ति भविष्य में मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 4/6/2026 स्थान उज्जैन

**अमन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित उज्जैन द्वारा अध्यक्ष अख्तर बेग पिता स्व. अनवर बेग कार्यालय 28, मिर्जा नईम बेग मार्ग, उज्जैन ( म.प्र. ) द्वारा अभिभाषक**

## एक किलो अवैध अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना नई आबादी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफीम का परिवहन कर रहे एक आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बालकृष्ण उर्फ कान्हा पंवार निवासी ग्राम रिछा बच्चा के कब्जे से एक किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जप्त किया है। थाना नई आबादी में आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, और जप्त मोबाइल के तकनीकी व साइबर विश्लेषण के माध्यम से आगे की कड़ियों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## भारतीय शिक्षण मंडल का दो दिवसीय परिचायक वर्ग कल से

**मन्दसौर।** भारतीय शिक्षण मंडल मालवा प्रांत के तत्वावधान में ६ और ७ जून को मंदसौर के सरस्वती विहार संजीत रोड पर दो दिवसीय आवासीय परिचायक वर्ग का आयोजन होने जा रहा है। इस परिचायक वर्ग में मंदसौर के साथ-साथ रतलाम और नीमच जिले के सदस्य भी सहभागिता करेंगे। इस दो दिवसीय वर्ग के माध्यम से समाज में युवा पीढ़ी को जागरूक करने वाले कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जाएगा। जिला संयोजक विक्रमसिंह सिसोदिया ने बताया कि वर्ग संचालन हेतु अ.भा. सह महामंत्री पंकज नफाड़े, क्षेत्रिय संयोजक लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी, मालवा प्रांत प्रांताध्यक्ष माया इंगले, मालवा प्रांतमंत्री मनीष देवनानी, वर्गाधिकारी श्याम सुन्दर देशमुख, मालवा उपाध्यक्ष क्षितिज पुरोहित उपस्थित रहेंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा करेगी वृक्षारोपण

**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस ५ जून के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा वीनू वाटिका, जवाहर नगर नीमच में 5 जून शुक्रवार को सुबह 8 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।भाजपा जिला नीमच ने सभी कार्यकताओं एवं नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

## तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**नीमच।** शहर के सिटी थानान्तर्गत इंदिरा नगर के भगवानपुरा चौराहा समीप सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर ट्राली बनाने वाले मिस्त्री 56 वर्षीय अतीक कुरैशी की तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से मौत हो गई। जानकारी अनुसार माधवगंज नीमचसिटी निवासी अतीक मोहम्मद पिता शफी मोहम्मद कुरैशी उम्र 56 वर्ष मंगलवार शाम भगवानपुरा चौराहे के यहां अपनी ट्राली वर्क्स की दुकान बंद कर घर जाने के लिये खाना हो रवाना हो रहा था द्य तभी तेज रफ्तार बुलेट ने उसे टक्कर मार कर गंभीर घायल कर दिया। दुर्घटना के बाद बुलेट चालक बगैर रूके बुलेट सहित फरार हो गया। आस पास वालों ने गंभीर रूप से घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका और उसकी दुखद मौत हो गई द्य पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## एसडीएम पराग जैन ने ज्ञानोदय हॉस्पिटल में परखी फायर सेफ्टी

**नीमच।**अस्पतालों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम नीमच श्री पराग जैन एवं तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने गुरुवार को नीमच स्थित ज्ञानोदय हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

# मंदसौर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के बाद बवाल, शव रखकर हाईवे पर किया चक्काजाम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडारिया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मामला काफी तूल पकड़ा है। मृतक हरीश गायरी के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बुधवार रात करीब 20 से 25 लोग बाइकों पर सवार होकर उनके घर पहुंचे, जहाँ उन्होंने महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की की और हरीश को एक कमरे में बंद कर उसके साथ गंभीर मारपीट की।



परिवार का आरोप है कि आरोपियों ने हरीश को जबरन कोई जहरीला पदार्थ भी पिलाया, जिसके बाद गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे उदयपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। चीख-पुकार सुनकर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने भाग रहे आरोपियों में से एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया है।

इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गुरुवार दोपहर भावगढ़ फंटे पर शव रखकर महू-नीमच फोरलेन स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और सैकड़ों यात्री फंस गए। प्रदर्शनकारी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, उनका जुलूस निकालने और अवैध संपत्तियों को ध्वस्त करने की मांग कर रहे थे।

तनाव की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी तेर सिंह बघेल, एसडीएम शुभम पाटीदार, ग्रामीण एसडीओपी कीर्ति बघेल सहित भ्पुलिस बल मौके पर पहुंचा। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों द्वारा करीब ढाई घंटे तक दी गई समझाइश और निष्पक्ष जांच के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माने और चक्काजाम खोला जा सका। जानकारी अनुसार पुलिस फर्जी आईडी और मारपीट सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## जनसंवाद अभियान के तहत रतलाम पुलिस आमजन के बीच
## एसपी ने रुद्राक्ष कॉलोनी पहुंचकर सुनी नागरिकों

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

आमजन एवं पुलिस के मध्य बेहतर संवाद स्थापित करने, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा जन सहभागिता आधारित पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) द्वारा जिलेभर में जनसंवाद अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 3 जून 2026 को थाना स्टेशन रोड क्षेत्रांतर्गत रुद्राक्ष कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने क्षेत्र के नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र वासियों ने सुरक्षा, यातायात, कॉलोनी क्षेत्र की निगरानी व्यवस्था एवं अन्य स्थानीय



विषयों से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा नागरिकों को आश्वस्त किया कि पुलिस उनकी सुरक्षा एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने नागरिकों को रतलाम पुलिस द्वारा संचालित *च्ऑपरेशन सुरक्षा कवचज्* अभियान की जानकारी देते हुए अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं कॉलोनियों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी तथा अपराधियों की पहचान एवं गिरफ्तारी में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं। जिले में अनेक गंभीर एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के खुलासे में नागरिकों द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## अति.पुलिस महानिदेशक उज्जैन श्री राकेश गुप्ता व उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज का नीमच दौरा

**नीमच।** नीमच जिले के दौरे पर उज्जैन जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमीष अग्रवाल 3 जून को एक दिवसीय जिला नीमच के भ्रमण पर नीमच पहुॅचें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमिष अग्रवाल द्वारा जिला नीमच पहुॅचनें पर 4 जून को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच पर जिलें के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक रतलाम रेंज श्री निमीष अग्रवाल का स्वागत किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री राकेश गुप्ता द्वारा बैठक के दौरान सर्वप्रथम सभी पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया जाकर पुलिस अनुभाग एवं पुलिस थानों के संबंध में जानकारी ली गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन राकेश गुप्ता महोदय को जिलें की भौगोलिक परिस्थितियों, कानून व्यवस्था एवं अपराधों के संबंध मेंजानकारी दी गई।

## रतलाम मंडल ने माल लदान में रचा नया कीर्तिमान


**रतलाम।** पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल यात्री सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ माल परिवहन के क्षेत्र में भी लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रारंभिक दो महीनों में मंडल ने माल लदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय रेल के प्रमुख मंडलों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मंडल के सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, परिचालन उत्कृष्टता तथा ग्राहक सेवा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण रतलाम मंडल माल परिवहन के क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है।मई 2026 के दौरान रतलाम मंडल द्वारा कुल 1.91 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 18,29 प्रतिशत अधिक है। वहीं चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम दो माह, अप्रैल एवं मई 2026 में मंडल द्वारा कुल 3.51 मिलियन टन माल का लदान किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16,56 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है।

## अंतरराज्यीय वाहन और मवेशी चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तीन बड़े वाहन, सात मोटरसाइकिलें और मवेशी जब्त करने के साथ ही क्षेत्र में हुई चार नकबजनी और तीन भैंस चोरी की वारदातों का खुलासा किया है।

जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बोलिया फंटा विश्निया-कचनारा आम रोड पर घेराबंदी कर नाकाबंदी कर दी। कुछ ही देर बाद विश्निया की तरफ



से आ रही एक संदिग्ध पिकअप को जब पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने भागने की कोशिश की, जिन्हें पुलिस पीछा कर धर दबोचा। पिकअप की तलाशी लेने पर उसमें चोरी की दो भैंसें और एक पाड़ा (बछड़ा) क्रूरतापूर्वक भरे हुए पाए गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से जब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, तो उन्होंने वाहन और मवेशी चोरी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई पिकअप के अलावा एक अन्य महिंद्रा बोलेरो, एक सोनालिका ट्रैक्टर और सात चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। जब्त किए गए इन सभी वाहनों और मवेशियों की कुल अनुमानित कीमत करीब 24 लाख रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपियों ने पूछताछ में नापाखेड़ा, कयामपुर, विश्निया, बेटीखेड़ी और आसपास के अन्य क्षेत्रों में चार अलग-अलग जगहों पर नकबजनी (मकान के ताले तोड़ना) और तीन अन्य स्थानों से भैंस चोरी करने की वारदातें भी कबूल की हैं।

इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के झालावाड़ जिले के थाना गंगधार अंतर्गत मुंडला कंजर डेरा के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान 25 वर्षीय नैना उर्फ सुरेश पिता तख्तिया कंजर और 21 वर्षीय बंटी पिता मीना कंजर के रूप में हुई है। पुलिस अब इन आरोपियों से अन्य वारदातों और उनके साथियों के संबंध में आगे की पूछताछ कर रही है।

## प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से कुं.शक्तावत ने की मुलाकात

**पिपलिया मंडी।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं



पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी हाल मुकाम रमा हवेली एवं मुंदेड़ी हाउस पिपलिया मंडी मध्य प्रदेश ने राजस्थान बाड़मेर के बायतु विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी आदरणीय हरीश जी चौधरी से मंदसौर में मुलाकात की लगभग एक घंटे चली मुलाकात में कुंवर शक्तावत ने नीमच मंदसौर जावरा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति से हरिश चौधरी को वाकिफ करवाते हुए कहा कि यदि संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में विजय हासिल करना है तो सभी कार्यकताओं में समन्वय स्थापित करना पड़ेगा और जो कार्यकर्ता पार्टी के प्रति रुचि नहीं रख रहे हैं उन्हें पार्टी की रीति और नीति से पुनः जोड़ने के लिए प्रयत्न करना पड़ेगा,पुराने कार्यकर्ता जो निष्क्रिय होकर पार्टी से दूरी बना चुके हैं उन्हें पुनः पार्टी से जोड़ने हेतु प्रयत्न करना पड़ेगा।

## डीजल पेट्रोल के दामो में लगातार मूल्य वृद्धि से कांग्रेसजनों ने भाजपा को घेरा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मल्हारगढ़

किसानों को खाद के लिए ई टोकन व्यवस्था एवं केंद्र की मोदी सरकार द्वारा डीजल पेट्रोल के मूल्यों में कीगई बेहताशा वृद्धि के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष राहुल अहीर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,बाबुखा मेवाती की उपस्थिति में कांग्रेसजनों एवं किसानों ने बसस्टैंड पर भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश सरकार के खिलाफ चिलचिलाती धूप में 2 घन्टे तक जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम का एक ज्ञापन नायब तहसीलदार पंकज जाट को सोपा।

ज्ञापन का वाचन करते हुवे जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती ने कहा कि वर्तमान में किसानों के खाद की जो व्यवस्था ई टोकन के माध्यम से की गई



है व पूर्णतः किसान विरोधी नीति है ऐसा लगता है सरकार खाद नही अफीम के पट्टे दे रहीं हो।

खाद के लिए ई टोकन की वही स्थिति निर्मित होगी जैसे गेंहू,चना,रायड़ा समर्थन मूल्य पर खरीदी की हुई थी।और ई टोकन खाद व्यवस्था में किसानों पर 150 से 200 रुपये का आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा।हमारी सरकार से मांग है कि नारायणगढ़ सहित ऐसे प्रमुख नगर एवं कस्बो में नगद खाद वितरण केंद्र स्थापित किये जाय साथ ही किसानों को सभी प्रकार के खाद समय पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाय।क्योकि पहले ही किसानों को लागत मूल्य नही मिल रहा है और किसी भी उपज के वाजिव दाम नही मिलने से किसान कर्जदार होता जारहा है।

महामहिम केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की डॉ,मोहन सरकार पेट्रोल,डीजल पर लगातार भाव बढ़ा कर लोगो के जेबो पर डाका डालने का काम कर रही है पहले ही महंगाई आसमान छू रही है।डीजल मूल्य वृद्धि से किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा वही वाहन चालको को भी डीजल पेट्रोल आर्थिक संकट में डालने का काम करेंगे। सरकार से किसानों के लिए खाद व्यवस्था पर्याप्त एवं सुगम करने के साथ ही डीजल पेट्रोल की बढ़ी हुई कीमतों को वापस ली जाए।

प्रदर्शकारियों ने प्रदर्शन स्थल पर खाद का कट्टा रखकर एवं मोटरसाइकिल पर सफेद कपड़ा कफन ओढ़ा कर पुष्पांजलि की एवं दो मिनीट का मौन रखकर डीजल पेट्रोल के दामो में मूल्य वृद्धि का विरोध भी किया।

## न्यूज कालम



## सीतामऊ रोजगार मेले में 149 युवाओं का प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** जिले में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई सीतामऊ में एक भव्य रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मंदसौर के संयुक्त समन्वय से आयोजित इस मेले का शुभारंभ सुवासरा विधायक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के लिए प्रेरित किया। मेले में कुल 220 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें से उपस्थित सात निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 149 आवेदकों का प्राथमिक स्तर पर चयन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टॉल लगाए गए, साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के हितग्राहियों को 15 लाख रुपये के चेक भी वितरित किए गए।

## मेरा युवा भारत के बैनर तले साइकिल रैली से दिया सेहत का संदेश




**मन्दसौर।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत मंदसौर एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले में बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत एक विशाल साइकिल रैली से हुई, जिसमें स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, यातायात नियमों के पालन और फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी मुस्कान जैन ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल चलाना हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद गुणकारी है, और ईंधन की बचत के लिए हमें इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## उपायुक्त की कार्रवाई, बंद पड़ी सहकारी सोसायटियों के पंजीयन होंगे निरस्त

**मंदसौर।** जिले में सहकारिता विभाग द्वारा बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए कई वर्षों से बंद और परिसमापन के अधीन चल रही सहकारी समितियों का अस्तित्व समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला सहकारिता उप आयुक्त परमानंद गोडरिया ने बताया कि इन सोसायटियों के पंजीयन निरस्त कर उन्हें सहकारिता पटल से पूरी तरह हटा दिया जाएगा। इस कार्रवाई के दायरे में जिले की विभिन्न दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां, साख संस्थाएं, बीज उत्पादक समितियां, मत्स्य उद्योग समितियां और अन्य व्यावसायिक संस्थाएं शामिल हैं। सहकारिता उपायुक्त द्वारा इन संस्थाओं के कर्ता-धताओं और सदस्यों को सूचित किया गया है कि यदि किसी को इस कार्रवाई के संबंध में कोई आपत्ति या पक्ष रखना हो, तो वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपनी बात रख सकते हैं। विभाग ने इन सभी निष्क्रिय संस्थाओं को समाप्त करने के लिए इसी माह यानी जून 2026 की समय सीमा तय की है और पंजीयन निरस्त करने का यह कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

## ज्योतिष आचार्य पंडित कमला शंकर आचार्य का निधन

**नीमच।** शहर के शिक्षक कॉलोनी निवासी बाउजी नाम से विख्यात कमला शंकर आचार्य का रविवार को 92 वर्ष की आयु में अहमदाबाद में निधन हो गया। आशुतोष आचार्य के पिता श्री आचार्य हँसमुख, सादगी प्रिय, धार्मिक एवं सामाजिक के विचारों से ओतप्रोत व्यक्तित्व धनी थे। श्री आचार्य एक प्रख्यात शिक्षाविद् एवं ज्योतिषाचार्य थे। उन्होंने संपूर्ण जीवन संघर्ष कर जनमानस में अपने व्यक्तित्व से ख्याति अर्जित की।


## जाहिर सुचना

**सावधान ! सावधान ! सावधान !**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मुझ सूचनाकर्ता का पुत्र (गौरव जैन) तथा पुत्रवधु (श्रीमती दिव्यानि जैन) के द्वारा मेरी जानकारी एवं अनुमति के विरूद्ध कई व्यक्तियों, फर्म्स एवं कंपनियों से माल एवं ऋण प्राप्त कर लिया है जिसकी जानकारी लोगों के द्वारा तगादा / वसूली करने हेतु मुझसे संपर्क करने पर मुझे प्राप्त हुई है। गौरव जैन से उपरोक्त के बारे में पूछे जाने पर उनके द्वारा मुझे कुछ भी नहीं बताया जा रहा है तथा गौरव जैन अपने पत्नी एवं बच्चों के साथ हम माता-पिता को छोड़ कर अलग कहीं रहने चला गया है इसलिए गौरव जैन के पूर्व, वर्तमान एवं भविष्य के किसी भी ऋण, लेन-देन के सम्बन्ध में मेरी कोई जानकारी एवं सहमति नहीं होने से मेरा कोई दायित्व नहीं है। गौरव जैन - दिव्यानि जैन (फुलेरा) एवं हमारे मध्य समस्त प्रकार के सम्बन्ध समाप्त हो चुके हैं तथा अब उक्त दंपत्ति से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि गौरव जैन के द्वारा मुझ सुचनाकर्ता के नाम से अथवा मुझ सुचनाकर्ता के किसी भी सम्बन्धी / परिचित से कोई लेन-देन किया जाता है तो उसमें मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी तथा लेन-देन कर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे। कृपया सूचित एवं सावधान होवें।

दिनांकः 04/06/2026

स्थान : आगर मालवा (म.प्र.)

**सूचनाकर्ताः**
**प्रकाशचंद जैन पिता स्व. श्री मांगीलाल जैन**
**फुलेरा मेडिकल स्टोर्स, ग्राम - पीपलोन कलां,**
**जिला - आगर-मालवा म.प्र.**



## कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक में संगठन विस्तार का दिया मंत्र

**महिदपुर।** ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर के तत्वावधान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार के निर्देश पर विधायक दिनेश जैन बोस की अध्यक्षता में, महिदपुर विधानसभा प्रभारी सुनील वर्मा के आतिथ्य में सृजन संगठन कार्यक्रम के अंतर्गत मंडलम अध्यक्षों एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम में नव-नियुक्त मंडलम अध्यक्ष, जिला कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों का सम्मान किया गया। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क रणनीति तथा कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी सुनील वर्मा ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में हमे सक्रियता के साथ पंचायत स्तर तक कांग्रेस की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाना है। विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण और सक्रियता के साथ निर्वहन कर सभी को सम्मान दे।

## पार्षद पति के खिलाफ कर्मचारी हुए लामबन्द



**खाचरौद।** नगर के वार्ड 21 के पार्षद पति लखन गौहर द्वारा आये दिन फेसबुक, व्हाट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नगर पालिका परिषद एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनर्गल पोस्ट डालने तथा कुछ कर्मचारियों से पैसे मांगने को लेकर नगर पालिका के समस्त कर्मचारी एकजुट होकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के समक्ष पहुँचे व कार्यवाही हेतु संयुक्त आवेदन दिया। साथ ही गौहर द्वारा जिन कर्मचारियों से पैसे की मांग की गई हैं, उसकी पुख्ता सबूत की प्रति भी आवेदन के साथ संलग्न की। कर्मचारियों द्वारा आवेदन की एक प्रति थाना प्रभारी को भी प्रस्तुत करते हुए जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही की मांग की हैं। इस दौरान नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## चोरी की 1.85 लाख की 3 मोटरसायकल बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में वाहन चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बोडा पुलिस ने एसपी के निर्देशन एवं एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के 4 आरोपीयो को गिरफ्तार कर 3 मोटर सायकल जिसकी अनुमानित कीमत 185000 रुपये की बरामद की। फरियादी राजेश पिता छगनलाल मेवाडे निवासी बोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दिनों दोपहर करीब 2 बजे पीपल्यरसोडा बस स्टेण्ड से कोई अज्ञात व्यक्ति फरियादी की मोटर सायकल क्रमांक एमपी 39 जेड बी 7413 को चुराकर ले गया रिपोर्ट पर थाना बोडा मे अपराध क्रमांक 178/2026 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया। क्षेत्र मे लगातार बढ रही वाहन चोरी की घटनाओ को गंभीरता से देखते हुए थाना प्रभारी ने तस्काल विशेष टीम का गठन किया उक्त टीम ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदेह मे आये कबीर पिता मनोज सांसी 30 साल निवासी ग्राम गुलखेडी से पूछताछ की तो कबीर ने जगदीश पिता हरनाम सांसी 40 साल निवासी ग्राम कडिया सांसी के साथ मिलकर मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया तथा दो अन्य मोटर सायकल जो पचोर से चुराई गयी थी उनको भी चोरी करना स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथी लक्ष्मण पिता मलखान सिंह अहिरवार 20 साल निवासी ग्राम गढा जागीर जिला भोपाल, बाल अपचारी 17 साल निवासी ग्राम कडिया सांसी को बेचना उक्त तीनो मोटर सायकलो को आरोपीयो से बरामद की एवं आरोपीयो के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आरोपीयो को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## संयुक्त किसान सेना भारत संगठन के जिला उपाध्यक्ष बने बद्रीलाल तंवर रसभरी



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एस.सी., एस.टी. संयुक्त मोर्चा किसान सेना भारत संगठन के ललित कुमार गोर राष्ट्रीय अध्यक्ष , एड. तुलसीराम पटेल, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राधेश्याम मीना, राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा, रिंकू पटेल, राष्ट्रीय महासचिव पटेल हीरा सिंह सोंधिया, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नारायण सिंह सोंधिया राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री डॉ कन्हैयालाल भारती प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश रामबाबू पुष्पद प्रदेश महासचिव, कमल सिंह दांगी बालाहेडा पत्रकार जिला अध्यक्ष राजगढ़ की सहमति से बद्रीलाल तंवर रसभरी को राजगढ़ जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है जिसके लिए सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर्ष व्यक्त किया वही नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने सभी को विश्वास दिलाया कि वे संगठन की रीति नीति पर विश्वास करते हुए संगठन को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं पूर्ण लगन के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 जून से 21 जून तक विभिन्न जनहित एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु मंगलवार को भाजपा मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न अभियानों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई।




मंडल के सह मीडिया प्रभारी युगल परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से देशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में सुसनेर मंडल की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

बैठक में मंडल प्रभारी आभा चोपड़ा, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र सिंह चंद्रावत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हार्डेनिया, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में तय कार्यक्रमों के अनुसार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 8 जून को विशेष जनसंपर्क अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। 11 जून को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित होगा, जबकि 12 जून को जनकल्याण शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

इसी क्रम में 15 जून को सभागार बैठक आयोजित होगी, जिसमें संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की जाएगी। 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशाला के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी दी जाएगी। वहीं 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक का संचालन मंडल महामंत्री लखन सेन ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल मंत्री गोपाल मैना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। -0028

# विश्व साइकिल दिवस पर युवाओं ने दिया हरित भविष्य का संदेश

### महाविद्यालय शुजालपुर में हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में इको क्लब के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। इस वर्ष की थीम एक हरित और स्वस्थ भविष्य के लिए साइकिलिंग रही। कार्यक्रम का उद्देश्य साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देकर स्वास्थ्य संरक्षण, ऊर्जा बचत और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इको क्लब प्रभारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि साइकिल न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह ऊर्जा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का प्रभावी माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि बढ़ते ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के दौर में यदि अधिक से अधिक लोग साइकिल का उपयोग करें तो ऊर्जा की खपत और प्रदूषण दोनों में कमी लाई जा सकती है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइकिल एक सरल, सस्ती, भरोसेमंद और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था है, जो स्वस्थ समाज और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

कार्यक्रम में एनसीसी राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं खेल विभाग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर एनएसएस जिला संगठक देवेंद्र कुंभकार एवं प्रीतम परमार का विशेष सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने विश्व साइकिल दिवस की थीम के अनुरूप साइकिल चलाएँ स्वास्थ्य बढ़ाएँ प्रदूषण घटाएँ पर्यावरण बचाएँ तथा साइकिलिंग के माध्यम से स्वास्थ्य, समानता और स्थिरता को बढ़ावा देना जैसे संदेशों के माध्यम से जनजागरूकता का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य साइकिल के बहुआयामी लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। वर्ष 2026 की थीम साइकिल को वायु प्रदूषण, ट्रैफिक जाम और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान के रूप में प्रस्तुत करती है। महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत एवं सतत विकास लक्ष्यों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो हरित व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

कोटा रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाइन स्थित

## राजगढ़ स्टेशन का प्रधानमंत्री आज वर्चुअल उद्घाटन कर सकते हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।

कोटा रामगंजमंडी- भोपाल नई रेल लाइन स्थित राजगढ़ स्टेशन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 जून को वर्चुअल उद्घाटन कर सकते हैं। इसकी तैयारी के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने परख ट्रेन से पहुंचकर राजगढ़ स्टेशन का निरीक्षण किया यहां पर जैन ने उद्घाटन संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए उद्घाटन के बाद माना जा रहा है कि ट्रेनों का संचालन राजगढ़ तक हो सकता है। फिलहाल रेलवे ने पिछले दिनों कोटा-घाटोली ट्रेन का विस्तार नयागांवपूरा तक करने के आदेश जारी किए हैं। राजगढ़ स्टेशन एनएसजी-5 के तहत गांव रामगंजमंडी-ब्यावरा खंड का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है इस स्टेशन यार्ड में 4 लाइन है। जो यात्री एवं गुड्स ट्रेनों को परिचालन के अनुरूप निर्मित किया गया है। गौरतलब है कि 276 किलो मीटर लंबी रामगंजमंडी-भोपाल रेल लाइन परियोजना में कोटा से नरसिंहगढ़ तक 165 किलो मीटर का क्षेत्र कोटा मंडल के अंतर्गत आता है। जबकि शेष खंड भोपाल मंडल में आता है। रामगंजमंडी-भोपाल नई रेल लाईन परियोजना के तहत कुल 26 स्टेशन आते हैं जिनमे रामगंजमंडी जुल्मी, झालावाड़, झालारापाटन, जूनाखेडा, अमेठा, अकलेरा, पचोला-घाटोली, नयागांव, भोजपुर, देवपुरा, खिलचीपुर, राजगढ, ब्यावरा, पीपलखेड़ा, सोनकच्छ, नरसिंहगढ़, जमुनियागणेश, कुरावर, श्यामपुर, दुराहा, झरखेड़ा, मुगलियाहाट एवं संत हिरदाराम नगर शामिल है।

## मोड़ी में 8 जून को होगा विशाल झंडा सम्मेलन

**151 भगवा ध्वजों का रखा लक्ष्य**

**सुसनेर।** समीप ग्राम मोड़ी स्थित श्री बालाजी सरकार धाम में 8 जून को विशाल झंडा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष सम्मेलन में 151 धार्मिक झंडों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5 बजे से होगा, जिसमें क्षेत्रभर से झंडा एवं भजन मंडलियां शामिल होंगी। सम्मेलन के दौरान झंडा मंडलियों का भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा, जो श्री बालाजी सरकार धाम से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं धार्मिक स्थलों से होकर पुनः धाम परिसर पहुंचेगा। नगर भ्रमण के दौरान ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा। विभिन्न स्थानों पर मंडलियों का स्वागत एवं सम्मान भी किया जाएगा। आयोजन समिति ने झंडा मंडलियों के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है। प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए, द्वितीय 4100 रुपए, तृतीय 3100 रुपए, चतुर्थ 2100 रुपए एवं पंचम पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। वहीं प्रथम गणेश वंदना प्रस्तुत करने वाली मंडली को 551 रुपए का विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

अभिभाषक संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं सदस्यों की सहमति से एड. करण रणजीत राठौड़ को पुनः अध्यक्ष बनाया गया था। जिसके उपरांत उनके द्वारा बुधवार को नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर अनुभवी एवं सक्रिय युवा अधिवक्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

कार्यकारिणी में एड. मयंक यादव को सचिव, सहसचिव पद पर एड. अभिनव परवाल, एड. सुनील राठौड़, एड. माधुरी सोनी, एड. कविता बैरागी, पुरुष उपाध्यक्ष पद पर एड. रफीक अहमद मंसूरी, एड. अंबर स्वर्णकार, एड. राधेश्याम सोनगरा, एड. अमित जोशी, एड. भारत चौहान, महिला उपाध्यक्ष के रूप में एड. सविता सोनी को दायित्व सौंपा गया है।कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी एड. नीरज गिरी, एड. गायत्री पांचाल, मीडिया प्रभारी एड. दिलनवाज खान, वाचनालय सचिव एड. सूर्य परमार, एड. संजय वाघेला, सुनीता यादव, कार्यालय प्रभारी एड. पियूष श्रीवास्तव, एड. राकेश जादव, एड. कमलकुमार चावड़ा, सांस्कृतिक समिति सचिव एड. जितेंद्र यादव, एड. अंसार पटेल, सांस्कृतिक समिति सहसचिव एड. दीपक कावड़िया, क्रीड़ा (खेलकूद) सचिव पद पर एड. अंतिम पाटीदार, सहसचिव, एड. नवाज शरीफ, एड. गौरव यादव को दायित्व प्रदान किया गया है।कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में एड. राधेश्याम यादव, एड. कलीम अहमद खान, एड. शंकरलाल यादव, एड. अजय झाला, एड. राजेन्द्रसिंह सोलंकी, एड. कुलदीपसिंह राठौड़, एड. गोकुलसिंह राठौड़, एड. मुकेश शोभावत, एड. विश्वास पंडया, एड. मुकेश अग्रवाल, एड. कमलसिंह परिहार, एड. जुल्फीकारुद्दीन कुरैशी, एड. जमीलुद्दीन कुरैशी, एड. शिवराजसिंह पंडया, एड. धर्मराज दुबे, एड. फुरकानुद्दीन शेख, एड. मोनिका जैन, एड. नंदिनी यादव, एड. तृप्ति सोनी, एड. श्रुति मल्होत्रा, एड. भारती वाघेला एवं एड. सोनल चांदीवाल को शामिल किया गया है। परामर्शदाता समिति के अध्यक्ष एड. मुकेश पंडया एवं उपाध्यक्ष एड. जयेश आचार्य होंगे। समिति में एड. करणसिंह पंडया, एड. सलीम मंसूरी, एड. अनिलकुमार शर्मा, एड. किरण नाईक, एड. नरेन्द्रकुमार स्वर्णकार, एड. महेश विजयवर्गीय, एड. विजयबहादुरसिंह, एड. विजय कटारिया, एड. राजेश चौहान, एड. शाहिद बेग एवं एड. शाकीर खान सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। अनुशासन समिति के अध्यक्ष एड. गजेंद्र यादव एवं उपाध्यक्ष एड. संदीप सोलंकी नियुक्त किए गए हैं। समिति में एड. एच. ए. खान, एड. पन्नालाल त्रिवेदी, एड. मोहनसिंह पंवार, एड. जहीरुद्दीन कुरैशी, एड. राकेशकुमार श्रीवास्तव, एड. मथुरालाल यादव, एड. संजय मल्होत्रा, एड. दशरथसिंह पंडया, एड. हरिशकुमार शर्मा, एड. अनवर खान एवं एड. सचिन पंडया सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड. करण रणजीत राठौड़ ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन करते हुए कहा कि नई कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा न्यायिक व्यवस्था से जुड़े सकारात्मक एवं रचनात्मक कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाएगी। उन्होंने संघ की एकता, गरिमा एवं पेशेवर उत्कृष्टता को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। नवगठित कार्यकारिणी के गठन पर अभिभाषक संघ के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आशा व्यक्त की कि यह टीम संगठनात्मक मजबूती, आपसी समन्वय एवं अधिवक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगी। जानकारी दिलनवाज खान ने दी।

## स्वच्छ गांव मेरी जिम्मेदारी थीम के साथ पेड़ पौधों को किया सुरक्षित

**सुसनेर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर 01 से 05 जून 2026 तक जिला कलेक्टर प्रीति यादव ,जिला पंचायत सी ई ओ बी एस सोलंकी , जिला शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन एवं जिला समन्वयक प्रभारी स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पवन स्वर्णकार के निर्देशन में स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता एवं जन-भागीदारी सुनिश्चित करना है।

अभियान अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों के अनुरूप ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।



अभियान अवधि में ग्राम पंचायतों दवारा परिसंपत्तियों का सत्यापन, चार स्तरीय कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, लिगेसी वेस्ट प्रबंधन, स्वच्छता परिसंपत्तियों के संचालन एवं रखरखाव तथा जन-जागरुकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है जिसमें प्रथम दिवस के गतिविधि के अवसर पर शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सह जलवायु परिवर्तन नेता भेरूलाल ओसारा के साथ सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री रीना यादव के मार्गदर्शन में चयनित स्वैच्छिक प्रकृति प्रेमी के साथ तृतीय दिवस पर मेरा गांव मेरी जिम्मेदारी थीम के साथ मिशन लाइफ के भाग पेड़ पौधों की साफ सफाई की गई इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी राहुल यादव,नैतिक यादव, पिंस यादव,विजय यादव,विनय यादव,मंजू यादव, दीपिका यादव, सजना यादव आदि ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



## सारंगपुर में दुकानों के बाहर अतिक्रमण से यातायात प्रभावित

**मुख्य मार्गों पर सामान रखने से जाम की स्थिति**

**सारंगपुर।** सारंगपुर में व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण से आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजीव गांधी और महाराणा प्रताप चौराहे से भेरुदरवाजा और जोशी दवाखाना तक मुख्य सडक पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। दुकान के बाहर व्यापारियों ने मुख्य सडक पर सामान रखा है। इससे सडक संकरी हो गई है। दुकानों के सामने रखे सामान के कारण वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को परेशानी होती है। मुख्य बाजार में दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही के कारण निकलने की जगह नहीं बचती। इमरजेंसी स्थिति में भी जाम की समस्या बनी रहती है। स्थानीय व्यापारियों ने दुकानों के बाहर 7 फीट तक का क्षेत्र घेर रखा है। यह समस्या मुख्य बाजार, बस स्टैंड, आकोदिया रोड, सदर बाजार, गांधी चौक, त्रिपुलिया समेत कई इलाकों में देखी जा रही है। पहले भी नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रशासन ने की थी, लेकिन अब यह कार्रवाई महीनों से नहीं होने से अतिक्रमण ने पुनः पेर पसार लिए है।

## बारिश के बाद पड़ रही उमस, तेज धुप ने कराया गर्मी का एहसास

**सारंगपुर।** सारंगपुर में इस साल नौतपा के बाद मौसम ने अपना रंग बदल दिया है। मई के अंतिम सप्ताह में नौतपा के दौरान लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पडा। सारंगपुर में तीन दिन पहले जोरदार बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया था। बुधवार को सुबह से तेज धूप ने लोगों को उमस और गर्मी का एहसास कराया। दिन में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव मानसून पूर्व की गतिविधियों का संकेत है। आने वाले दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। कहीं-कहीं आंधी के साथ बारिश की संभावना है। मौसम के इस उतार-चढाव ने जहां गर्मी से राहत दी है, वहीं उमस ने लोगों को परेशान भी किया है।

## भ्याना में सांप के काटने से 32 वर्षीय युवक की मौत, गांव में शोक की लहर

**सारंगपुर।** भ्याना गांव से एक बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है, जहां खेत में काम करने के दौरान एक



युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। अस्पताल ले जाने के दौरान युवक ने दम तोड दिया। इस अचानक हुई मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, भ्याना निवासी हनीफ खां (उम्र 32 वर्ष) पिता मुमताज खां अपने खेत पर किसानी का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक अत्यधिक जहरीले सांप ने डस लिया। सांप के काटने की भनक लगते ही आस-पास मौजूद लोगों और परिजनों ने बिना समय गंवाए उन्हें तुरंत जिला शासकीय अस्पताल शाजापुर पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। इस असमय मौत के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठने से हर कोई स्तब्ध और गमगीन है। शासकीय अस्पताल शाजापुर में डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम (पीएम) की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार को बाद नमाज-ए-जोहर मृतक हनीफ खां के शव को भ्याना गांव के स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक (दफन) किया गया। युवक की इस तरह अचानक हुई मौत की खबर जैसे ही गांव में फैली, चारों तरफ शोक की लहर दौड गई। जनाजे में बडी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय लोग शामिल हुए और पीडित परिवार को ढांढस बंधाया। 11

## श्रद्धा, भक्ति और गीता के संदेशों से गुंजायमान हुआ माहौल




**सुसनेर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम गीता स्वाध्याय मंडल शाखा सुसनेर द्वारा महेश्वरी धर्मशाला में आयोजित तीन दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमीजन शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के दिव्य उपदेशों का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया गीता ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत प्रख्यात कथा एवं प्रवचनकार डॉ. विष्णु नारायण तिवारी (ग्वालियर) ने गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, कर्म और आत्मचिंतन के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। गीता के सिद्धांतों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन में सफलता, शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त कर सकता है प्रवचन के दौरान डॉ. तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवादों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग की व्याख्या की। श्रद्धालु देर रात तक गीता के अमृतमय संदेशों का रसपान करते रहे। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यज्ञ का समापन 3 जून को हुआ।



# कंगना की पहली फिल्म देख पैरेंट्स हुए नाराज

## गैंगस्टर को लेकर कहा था- समाज क्या सोचेगा, उनकी बेटी कैसी फिल्में कर रही है

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने अपनी डेब्यू फिल्म गैंगस्टर को लेकर बताया कि यह फिल्म देखने के बाद उनके माता-पिता खुश नहीं थे और फिल्म के कुछ सीन्स को लेकर चिंतित थे।

अपनी आगामी फिल्म भारत भाग्य विधाता के प्रमोशन के दौरान एक्ट्रेस ने बताया, गैंगस्टर देखने के बाद मेरे पिताजी ने कोई प्रतिक्रिया ही नहीं दी। फिर मैंने माताजी से पूछा, मम्मी, आपको मेरी फिल्म कैसी लगी? तो उन्होंने कहा, नहीं, हमारे समाज में... तुम अभी बहुत छोटी थीं, अंडरएज भी थीं। तुमसे इस तरह के सीन करवा लिए गए।

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने कहा, पूरी फिल्म में आपको वही सीन दिखे? सच कहूं तो मेरा दिल टूट गया था। मुझे बहुत बुरा लगा कि उन्होंने उस फिल्म को इस तरह देखा क्योंकि वे लोग सोच रहे थे कि समाज क्या सोचेगा, कि उनकी बेटी कैसी फिल्में कर रही है। कंगना ने कहा कि उसी समय उन्होंने फैसला कर लिया था कि वह अपनी फिल्मों को लेकर माता-पिता से किसी खास प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं करेंगी, क्योंकि

### क्वीन के लिए मिला था अमिताभ बच्चन का पत्र

एक्ट्रेस ने बताया कि जब मुझे फिल्म 'क्वीन' के लिए अमिताभ बच्चन जी का एक खूबसूरत पत्र मिला, जिसमें उन्होंने मेरी परफॉर्मेंस की तारीफ की थी, तब मैंने सोचा कि जिस तरह अमिताभ बच्चन मेरे काम को समझ सकते हैं, मेरे पिताजी वैसा नहीं समझ सकते और इसके लिए मैं उनसे नाराज भी नहीं हो सकती, क्योंकि वह कलाकार नहीं हैं। उनका अपना अलग काम है।

### नेशनल अवॉर्ड मिलने पर परिवार खुश हुआ

कंगना ने यह भी बताया कि समय के साथ उनके माता-पिता की सोच बदली। जब उन्हें नेशनल अवॉर्ड मिला तो उनका परिवार बेहद खुश हुआ। उन्हें लगा कि उनकी बेटी को देश के राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिला है। इसके बाद जब कंगना को पद्मश्री पुरस्कार मिला तो यह उनके परिवार के लिए एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। उनके मुताबिक, तब उनके माता-पिता को एहसास हुआ कि फिल्मों में काम करते हुए भी सम्मान, पहचान और बड़े नागरिक सम्मान हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद उनके परिवार ने उनके काम को एक अलग नजरिए से देखना शुरू किया। कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म भारत भाग्य विधाता वास्तविक घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म संकट की स्थिति में एक सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा दिखाई गई हिम्मत और मानवता की कहानी पर आधारित है।




# वेलकम टू द जंगल ट्रेलर 11 जून को होगा लॉन्च

## विंदु दारा सिंह बोले- मजनू, उदय नहीं लेकिन फिल्म में कई नए सरप्राइज

मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से अक्षय कुमार और दिशा पाटनी के साथ ऊंचा लंबा कद फॉरएवर गाना रिलीज हो गया है। इस फिल्म में विंदु दारा सिंह भी अहम रोल में नजर आएंगे। उन्होंने एक खास बातचीत में इस फिल्म को लेकर रोचक जानकारियां साझा करते हुए बताया कि ह्ययह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा का महाकुंभ है।

पिछले कई दशकों में शायद ही कोई ऐसी फिल्म बनी हो, जिसमें इतने बड़े कलाकार एक साथ नजर आए हों। सेट पर कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता था कि इतने सारे नामी कलाकार एक ही प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। मेरा मानना है कि फिल्म का स्केल, कलाकारों की संख्या और इसकी प्रस्तुति दर्शकों को चौंकाने वाली है। विंदु ने फिल्म की तुलना पुराने दौर की मल्टीस्टारर फिल्मों से करते हुए कहा कि ह्यमुझे राजकुमार कोहली की ह्यजानी दुश्मनह्न याद आती है, जिसमें उस समय के कई बड़े सितारे एक साथ नजर आए थे। हालांकि आज के दौर में एक फिल्म के लिए इतने बड़े कलाकारों को एक साथ लाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

इतनी बड़ी स्टारकास्ट को एक साथ मैनेज करना आसान नहीं था। विंदु बताते हैं कि शूटिंग शुरू होने से पहले कलाकारों के बीच भी यह चर्चा होती थी कि निर्देशक अहमद खान इतने बड़े सेटअप को कैसे संभालेंगे। शुरूआत में सभी के मन में थोड़ी आशंका थी, लेकिन जैसे-जैसे शूटिंग आगे बढ़ी, पूरी टीम को अहमद खान की कार्यशैली पर भरोसा हो गया। फिल्म की कहानी को लेकर विंदु ने साफ किया कि दर्शकों को वेलकम और वेलकम बैक की कहानी दिमाग से निकालकर थिएटर जाना होगा। यह फ्रेंचाइज का तीसरा भाग जरूर है, लेकिन इसकी कहानी पूरी तरह नई है।]

# कॉकटेल 2 का ट्रेलर जारी; 19 जून को आएगी फिल्म

शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कॉकटेल 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है, जिन्होंने 2012 में आई कॉकटेल का भी निर्देशन किया था।

हालांकि यह फिल्म कॉकटेल की सीधी कहानी को आगे नहीं बढ़ाती लेकिन इसकी थीम रिश्तों, दोस्ती और प्रेम के जटिल समीकरणों पर आधारित है। इस बार फिल्म में पूरी तरह नई स्टार कास्ट और नई कहानी देखने को मिलेगी।

ट्रेलर में शाहिद, कृति और रश्मिका के किरदारों के बीच बनते-बिगड़ते रिश्तों को दिखाया गया है। कहानी एक ऐसे लव ट्रायंगल के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां दोस्ती और प्यार की सीमाएं धुंधली होने लगती हैं। फिल्म आधुनिक रिश्तों की उलझनों और भावनात्मक संघर्षों को केंद्र में रखती है।

फिल्म की कहानी तरुण जैन और लव रंजन ने लिखी है। इसका संगीत प्रीतम ने तैयार किया है, जबकि गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। ट्रेलर में लोकप्रिय गीत तुम्ही हो बंधु की वापसी भी देखने को मिलती है, जो सैफ अली खान स्टारर पहली फिल्म का चर्चित गाना था। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान और लव रंजन ने किया है। शाहिद और कृति इससे पहले ह्यतेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में साथ नजर आ चुके हैं, जबकि रश्मिका पहली बार इस जोड़ी के साथ स्क्रीन साझा कर रही हैं।




13 जून को पहला वनडे खेलेगी टीम इंडिया

# कोहली अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से हटे, रोहित शर्मा पर भी सस्पेंस

एजेंसी ▸▸ मुंबई

विराट कोहली जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। एक सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। हालांकि, इसको लेकर अभी कोई बयान जारी नहीं किया है। अगर कोहली इस सीरीज से बाहर होते हैं तो वे 18 साल के करियर में पहली बार चोट की वजह से पूरी सीरीज से बाहर होंगे।

टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने कहाकोहली और रोहित को लेकर अधिकृत जानकारी जल्द ही सामने आएगी। वनडे सीरीज से पहले उनकी फिटनेस का आंकलन किया जाएगा।

कोहली ने हाल ही में आरसीबी को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने फाइनल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 75 रन की नाबाद पारी खेली थी। बताया जा रहा है कि इसी पारी के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी (जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव) हुई। अफगानिस्तान का भारत दौरा 6 जून से शुरू हो रहा है। टीम मुल्लांपुर स्टेडियम पर 6 जून से सिंगल टेस्ट मैच खेलेगी। उसके बाद 13 जून से 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

कोहली के अलावा, पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर भी सस्पेंस है। उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने की शर्त पर टीम में शामिल किया गया था। रोहित को चोट के कारण क्द्धछ के कुछ मैचों से बाहर रहना पड़ा था। रोहित की फिटनेस पर अंतिम फैसला टीम प्रबंधन और मेडिकल स्टाफ की रिपोर्ट के आधार पर लिया जाएगा।



## पहला वनडे- श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रन से हराया

एजेंसी ▸▸ किंग्सटन

श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मुकाबला 7 जून को खेला जाएगा। किंग्सटन के सबीना पार्क स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। श्रीलंका ने कप्तान कुसल मेंडिस और पाथुम निसांका की फिफ्टी की मदद से 7 विकेट पर 303 रन बनाए।

जवाब में 304 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी वेस्टइंडीज 262 रन पर ऑलआउट हो गई। दुष्मंथा चमीरा ने 4 विकेट लिए। कप्तान कुसल मेंडिस प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

## ग्रैंड स्लैम इतिहास में पहली बार 2 इटैलियन में सेमीफाइनल

एजेंसी ▸▸ पेरिस

वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर और लोरेंजो मुसेटी के बाहर होने के बावजूद फ्रेंच ओपन में इटली का दबदबा कायम है।

बुधवार रात फ्लावियो कोबोली और माटेओ अर्नाल्डी ने अपने-अपने मैच जीतकर मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अब शुक्रवार को दोनों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। यह ग्रैंड स्लैम इतिहास का पहला ऑल-इटैलियन मेंस सेमीफाइनल होगा। ऑल-इटैलियन सेमीफाइनल पर कोबोली ने कहा- 'इटालियन टेनिस के लिए यह बेहद खुशी की बात है।' पिछले साल सिनर और मुसेटी दोनों अंतिम चार में पहुंचे थे, लेकिन ड्रॉ के अलग-अलग हिस्सों में थे। 24 वर्षीय कोबोली ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। वहीं, अर्नाल्डी को हमवतन माटेओ बेरेटिनी के चोटिल होकर मैच छोड़ने से सेमीफाइनल का टिकट मिला। बेरेटिनी बाएं कूल्हे की चोट से जूझ रहे थे और दूसरे सेट में पीछे रहने के बाद मुकाबले से हट गए।

पुरुष एकल कैटेगरी का दूसरा सेमीफाइनल जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव और चेक खिलाड़ी जैकब मेंसिक के बीच खेला जाएगा। ज्वेरेव ने स्पेन के राफेल हराया।

## वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर

**नई दिल्ली।** दुनिया की नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका फ्रेंच ओपन से बाहर हो गई हैं। पेरिस में खेले गए क्वार्टर फाइनल में रूस की डायना श्नाइडर ने बेलारूस की सबालेंका को 3-6, 7-5, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। चार बार की चैंपियन सबालेंका दूसरे सेट में 4-1 से आगे थीं।

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत, केस दर्ज

**इंदौर।** गांधी नगर इलाके में 14 साल की किशोरी के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद डरी सहमी किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। बाद में मां के पूछने पर उसने पूरी घटना बताई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता की मां बुधवार को अपनी नाबालिग बेटी को लेकर थाने पहुंची थी। महिला ने बताया कि वह नगर निगम में नौकरी करती है। उसकी बड़ी बेटी 1 जून की रात घर के बाहर सहेलियों के साथ खेल रही थी। खेल के दौरान किशोरी पास की एक बिल्डिंग के पास छिपने पहुंची, तभी वहां मौजूद वासूदेव उर्फ वासू ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। किशोरी के शोर मचाने पर वहां एक अन्य व्यक्ति पहुंच गया। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। जाते-जाते उसने किशोरी को धमकी दी कि अगर किसी को घटना के बारे में बताया तो उसका गला काट देगा। धमकी और डर के कारण किशोरी दो दिन तक घर से बाहर नहीं निकली। मां के पूछने पर बुधवार को उसने पूरी घटना बताई। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### मोबाइल हैक कर ट्रांसफर कर लिए 1.76 लाख रुपए

**इंदौर।** साइबर सेल यूनिट में चंद्रलोक कॉलोनी क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। युवती के मुताबिक, उसे रिवॉर्ड प्वाइंट का एक मैसेज मिला। मैसेज में दिए गए लिंक पर क्लिक करने और ओटीपी दर्ज करने के बाद उसका मोबाइल काम करना बंद कर गया। बाद में उसके अकाउंट से 1.76 लाख रुपए निकल गए। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एमआईजी थाना पुलिस के पास खजराना मेन रोड निवासी प्रियंका सोनी ने शिकायत की है कि 24 मई को उसे एक्सिस बैंक के नाम से एक मैसेज मिला था। इसमें रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम करने के लिए कहा गया था। साथ ही एक्सिस बैंक की वेबसाइट लिंक खोलने को कहा गया। वेबसाइट खुलने के बाद उसने अपना मोबाइल नंबर दर्ज किया। इसके बाद एक ओटीपी आया। ओटीपी सबमिट करते ही उसका मोबाइल काम करना बंद कर गया। इसके बाद 30 मई को उसके मोबाइल पर तीन टेक्स्ट मैसेज आए। इनमें बताया गया कि 24 मई को उसके अकाउंट से करीब 49 हजार रुपए, 26 मई को 99 हजार रुपए और 28 मई को करीब 28 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं। जब उसने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की जानकारी देखी तो पता चला कि अलग-अलग यूपीआई आईडी के जरिए उसके अकाउंट से रुपए ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद उसने परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दी और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवती को थाने बुलाकर एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, संबंधित अकाउंट होल्डरों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### नए बस स्टैंड को लेकर बस ऑपरेटर जता रहे आपत्ति



**इंदौर।** कुमेड़ी स्थित आइएसबीटी (इंटर स्टेट बस टर्मिनल) के संचालन की जिम्मेदारी बीबीजी कंपनी को सौंपने के बाद इस माह से संचालन शुरू किया जाना है। शुरूआत में उज्जैन, सुसनेर और आगर रूट की बसों के साथ अंतरराज्यीय बसों का संचालन करने की योजना है, लेकिन अब तक फाइनल नहीं हो सका है। बस ऑपरेटरों और परिवहन विभाग के अधिकारियों की बस ऑपरेटरों के साथ एक दौर की बैठक हो चुकी है, लेकिन आपरेटरों ने कुमेड़ी आईएसबीटी से बस संचालन को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। ऑपरेटरों का कहना है कि पहले यह स्पष्ट किया जाए कि बस स्टैंड पर यात्रियों और बस संचालकों को कौन-कौन सी सुविधाएं मिलेंगी तथा संचालन व्यवस्था कैसी रहेगी। अब अगले सप्ताह फिर से एक बार बैठक होगी।

### सफाईकर्मी को हटाने पर किया झगड़ा, हत्या की कोशिश का केस



**इंदौर।** धार जिले के सागौर में जामा मस्जिद के सदर और उनके बेटों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन आरोपियों को 3 जून को पकड़ा, जिसके बाद गुरुवार को उन्हें न्यायालय के सामने पेश किया जा रहा है। पुलिस को वारदात में इस्तेमाल किए गए लट्ठ और बैट भी मिले हैं। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों में सादीक (29 वर्ष), सईद (33 वर्ष), सलीम (37 वर्ष) और सलाम (35 वर्ष) शामिल हैं। ये चारों आरोपी हातम खां के बेटे हैं और सागौर में जामा मस्जिद के पास के ही रहने वाले हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, इस पूरे विवाद की शुरूआत 30 मई 2026 को हुई थी। मस्जिद के सफाईकर्मी नौशाद को काम से हटा दिया गया था, जिसे लेकर दोनों पक्षों में ठन गई। वारदात वाले दिन जामा मस्जिद के सदर शमशुद्दीन जब नमाज पढ़ने जा रहे थे, तभी आरोपियों ने उन्हें घेर लिया।

### मिक्सर मशीन ने बाइक को टक्कर मारी, एक दोस्त की मौके पर मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में बुधवार रात एक तेज रफ्तार मिक्सर मशीन ने बाइक सवार दो दोस्तों को टककर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर घायल हो गया। दोनों रात में घर लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मिक्सर मशीन डंपर जब्त किया है। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक घटना नायता मुंडला की है। बुधवार देर रात एक मिक्सर मशीन ने बाइक पर जा रहे आकिब पुत्र अयूब खान निवासी कटकटपुरा और उसके साथी समीर पुत्र मुर्तजा खान को टक्कर मार दी। इस हादसे में समीर बाइक से दूर जा गिरा। वहीं आकिब डंपर की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों के सहयोग से महिला मैकेनिकों ने तैयार की ई-साइकिल

**इंदौर।** महिला मैकेनिकों ने इलेक्ट्रिक साइकिल तैयार की है, जिसका गुरुवार को लोकार्पण किया गया। महिला मैकेनिक गैरेज यंत्रिका सर्विस सेंटर के नाम पर इसका नाम यंत्रिका ई-साइकिल रखा गया है। यह साइकिल एक बार चार्ज होने पर लगभग 25 से 30 किलोमीटर तक चल सकती है और इसकी अधिकतम गति 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटा है। फिलहाल इसकी कीमत तय नहीं की गई है, जिसे जल्द घोषित किया जाएगा। इस ई-साइकिल के निर्माण में आईआईटी बॉम्बे के विद्यार्थियों ने तकनीकी सहयोग दिया। लोकार्पण के दौरान महिला मैकेनिक शिवानी रघुवंशी ने बताया कि बढ़ती पेट्रोल कीमतों और महंगे दोपहिया वाहनों को देखते हुए यह साइकिल तैयार की गई है। इसका उद्देश्य मध्यमवर्गीय लोगों को कम लागत में परिवहन का विकल्प उपलब्ध कराना है, ताकि वे कम खर्च में आसपास की दूरी तय कर सकें और बचत भी कर सकें।

---

10 फीट चौड़ा किया जाएगा गेट, कॉलेज की टीम ने की टेस्टिंग, 150 किलो चांदी निकाली

# खजराना गणेश के गर्भगृह का द्वार होगा चौड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र इंदौर के खजराना गणेश मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए आने वाले दिनों में दर्शन की बेहतर सुविधा मिलेगी। आगामी सिंहस्थ को देखते हुए मंदिर के गर्भगृह के गेट को 10 फीट चौड़ा किया जा रहा है।

इसके लिए गेट में लगी 150 किलो चांदी को फिलहाल हटा दिया गया है। वहीं एक कॉलेज की टीम ने यहां टेस्टिंग की है, टेस्टिंग की रिपोर्ट आने के बाद यहां काम शुरू किया जा सकेगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट के मुताबिक पिछले दिनों मंदिर प्रबंध समिति की मीटिंग हुई थी। मीटिंग में मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कलेक्टर शिवम वर्मा और मंदिर प्रशासन, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने निर्णय लिया था मंदिर के गर्भगृह के मुख्य द्वार को चौड़ा किया जाए। इस निर्णय के बाद पिछले दिनों ही मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वीकृत खजराना गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के पहले चरण के विकास कामों का पूजन-अर्चन किया गया था। उन्होंने बताया कि काम की शुरूआत के पहले मंदिर के गर्भगृह के गेट पर लगी 150 किलो चांदी को निकाला गया है। इस गेट को करीब 10 फीट चौड़ा किया जाएगा। गर्भगृह का गेट चौड़ा होने से भक्तों को भगवान के दर्शन करने में सुविधा मिलेगी।

### फिलहाल गर्भगृह के गेट पर लगी चांदी को निकाला जा चुका

आगामी सिंहस्थ में अनुमान है कि बड़ी संख्या में भक्त यहां आएंगे, ऐसे में उन्हें दर्शन करने में सुविधा मिलेगी, इसके अलावा भी यहां कई काम किए जाएंगे। पं.भट्ट ने बताया कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज की टीम ने भी यहां निरीक्षण किया और यहां टेस्टिंग की है। दो-तीन दिन पहले भी यहां कॉलेज की टीम आई थी और टेस्टिंग की थी। वो चेक करके बताएंगे कि मजबूती कितनी है। इसके साथ ही अन्य चीजों की भी टेस्टिंग की है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद ही यहां का काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल गर्भगृह के गेट पर लगी चांदी को निकाला जा चुका है। संभावना है कि आगामी दिनों में रिपोर्ट आने के बाद काम की शुरूआत की जाएगी।

---

रंजिश और अवैध संबंध बने हत्या की वजह

# नवीन पाटीदार हत्याकांड में तीन और आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राऊ पुलिस ने नवीन पाटीदार हत्याकांड में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल सात आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ चुके हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश के साथ अवैध संबंध भी हत्या की बड़ी वजह थे। मामले में मृतक की पत्नी को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि 12 अप्रैल को नवीन पाटीदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुरूआती जांच में मामला हादसा प्रतीत हो रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि मृतक और आरोपियों के बीच लंबे समय से विवाद और दुश्मनी चली आ रही थी।



### दो शूटरों को दी थी 15 लाख की सुपारी

पुलिस के मुताबिक इसी रंजिश का बदला लेने के लिए नवीन की हत्या की साजिश रची गई। हत्या के लिए दो शूटरों को 15 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। जांच में सामने आया कि राहुल मराठा ने मुकेश कुमावत को हत्या की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके बाद शूटरों ने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया। गुरुवार को पुलिस ने राहुल मराठा, शुभम और राजू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने हत्या की साजिश में शामिल होने की बात कबूल की है। डीसीपी रावत के अनुसार मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने यह भी बताया कि मृतक नवीन पाटीदार के खिलाफ भी पूर्व से आपराधिक मामले दर्ज थे।

---

इंदौर में नेता प्रतिपक्ष और एमआईसी सदस्य आमने-सामने

# कांक्रीट की घटिया सड़क बनाकर चार माह बाद कर दिया डामरीकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

चंद्रगुप्त मौर्य चौराहा से बापट चौराहा तक बन रही सड़क को लेकर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम चिंटू चौकसे और एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर आमने-सामने हो गए हैं। नेता प्रतिपक्ष नगर निगम चिंटू चौकसे द्वारा निगमायुक्त क्षितिज सिंघल को लिखे पत्र में कहा गया है कि कुछ समय पहले इस सीमेंट-कंक्रीट की सड़क का निर्माण करवाया गया था। जिस ठेकेदार को यह काम दिया गया उसने बेहद घटिया काम किया। सड़क के सीमेंटीकरण के टेंडर कभी हुए ही नहीं थे



उन्होंने आगे कहा है कि सड़क का समतलीकरण भी बराबर नहीं था। इस बारे में जब शिकायत होने लगी तो निगम के जादूगरों ने नए सिरे से इस सड़क के काम का ठेका देकर सीमेंट की सड़क पर डामर की परत चढ़ाना शुरू कर दिया। सीमेंट की घटिया सड़क बनवाना और फिर उस पर डामर की परत चढ़ाना सुनियोजित घोटाला है। इसकी जांच होना चाहिए। इधर एमआइसी सदस्य राठौर ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि चिंटू चौकसे को जानकारी ही नहीं है। इस सड़क के सीमेंटीकरण के टेंडर कभी हुए ही नहीं थे। चार माह पहले उक्त सड़क बनाने के लिए एक-एक फीट खोदा गया था। सड़क इतनी घटिया है कि चला भी नहीं जा सकता। घोटाला छुपाने के लिए अब डामरीकरण किया जा रहा है। - चिंटू चौकसे, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

### दस साल से सीमेंटीकरण ही नहीं हुआ

नेता प्रतिपक्ष की सोच पर शर्म आती है। चंद्रगुप्त मौर्य से बापट चौराहा तक की सड़क के सीमेंटीकरण का टेंडर पिछले दस साल से नहीं निकला। मेट्रो कार्पोरेशन ने पीलर के लिए जो खोदाई की थी उसी का कांक्रीट काम मेट्रो ने करवाया था। हम सिर्फ डामर की सड़क बना रहे हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं। नेता प्रतिपक्ष द्वारा लगाए आरोप सही सिद्ध हुए तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

**-राजेंद्र राठौर, जनकार्य प्रभारी नगर निगम इंदौर**

---

पत्नी ने देवर और सास पर लगाए आरोप...

# युवक की चाकू लगने से मौत




दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

द्वारकापुरी इलाके में गुरुवार शाम एक युवक की चाकू लगने से मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक ई-रिक्शा चलाने के साथ मजदूरी का काम करता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम हरीश (31) पुत्र नंदू कदम निवासी नार्थ मोहल्ला है। गुरुवार को परिवार के सदस्यों के बीच विवाद हुआ था, जिसके दौरान हरीश को चाकू लगा। इसके बाद उसकी पत्नी शीतल अपने तीन बच्चों को लेकर थाने पहुंची और देवर पऊ, कल्ली और सास पुष्पा पर आरोप लगाए। बाद में हरीश को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल, एसीपी शिवेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। पुलिस शीतल के बयान दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी ने किया था फोन

स्थानीय लोगों के अनुसार, हरीश काम पर गया हुआ था। दोपहर में उसकी पत्नी ने उसे फोन कर बताया कि घर में विवाद हो रहा है। इसके बाद वह घर पहुंचा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के दौरान उसे चाकू लगा। हालांकि, घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी वास्तविक जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जांच कर रही है।

---

# इंडस्ट्री हाउस तिराहे के लेफ्ट टर्न में किया सुधार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कुछ माह पहले इंडस्ट्री हाउस की तरफ से एलआईजी जाने वाला लेफ्ट टर्न चौड़ा किया गया था। अब पलासिया से जंजीरावाला जाने वाले लेफ्ट टर्न की इंजीनियरिंग में बदलाव किया गया है। इससे पलासिया से आने वाले लोगों को लेफ्ट टर्न लेने में थोड़ी आसानी रहेगी। हालांकि, आगे ब्रिज संकरा होने से अभी भी दिक्कतें पूरी तरह दूर नहीं हुई हैं।

इंडस्ट्री हाउस तिराहे पर अभी तक पलासिया से आने वाले वाहनों को जंजीरावाला चौराहा की ओर मुड़ने के दौरान संकरे लेफ्ट टर्न के कारण रुकना पड़ता था। वहीं एलआईजी से आने वाले वाहन भी राइट टर्न लेते समय सड़क की कम चौड़ाई के कारण परेशान होते थे। एक सिग्नल चक्र में सीमित वाहन ही निकल रहे थे और जाम की स्थिति बनती थी।

अब ट्रैफिक पुलिस और निगम की टीम ने तिराहे पर बदलाव किए। पलासिया से जंजीरावाला जाने वाले लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने के लिए डिवाइडर को थोड़ा हटाकर इंडस्ट्री हाउस की तरफ खिसका दिया गया है।





सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com